www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -17 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





नेहा हत्याकांड की जांच सीओडी से कराई जाएगी... 02
■ केंद्र की गलत नीतियों से आम जनता त्रस्त : कांग्रेस
■ कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर असंतोष आया... 03
■ चीनी रक्षा तकनीक की खुली पोल
■ इराक व तुर्की 20 से अधिक समझौतों पर... 07
मायावती ने भाजपा के परंपरागत वोट बैंक... 10



उषा उत्थुप को मिला पद्म भूषण पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू समेत अन्य गणमान्य जनों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पूर्व राज्यपाल राम नाईक, गायिका उषा उत्थुप और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से नवाजा गया। लगभग आधे विजेताओं को सोमवार को पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

## चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई, घोषणा पत्र को लेकर कर रहे दुष्प्रचार

■ आयोग के सामने कुल 17 शिकायतें दर्ज कराई
■ राजस्थान में एक सभा में मोदी ने की थी टिप्पणी

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए भाषण को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मालूम हो कि रविवार को एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का जिक्र करते हुए कांग्रेस सत्ता में आई तो लागों की संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी,सलमान खुर्शी और गुरदीप सप्पल ने आज चुनाव आयोग पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। सिघवी ने कहाकि चुनाव आयोग के सामने उन्होंने कुल 17 शिकायते दर्ज कराई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है। वे कांग्रेस घोषणा पत्र को लेकर झूठा दुष्प्रचार कर रहे हैं।

**मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराया**

उनके बयान पर चुनाव आयोग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली। कांग्रेस का घोषणा पत्र हर एक भारतीय के लिए है। सबके लिए न्याय की बात करता है। कांग्रेस का न्याय पत्र सच की बुनियाद पर टिका है। ये सबको बराबरी का हक देता है। भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को इतना नहीं गिराया, जितना मोदी ने गिराया है। इस बीच चुनाव आयोग ने राजस्थान में दिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी पर कुछ भी कहने इनकार कर दिया है। चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने कहाकि वे इस मुद्दे पर कुछ नहीं बोलेंगे।



देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झांसे में नहीं आने वाली। कांग्रेस का घोषणा पत्र हर एक भारतीय के लिए है : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### खड़गे प्रधानमंत्री को सौंपेंगे घोषणा पत्र

■ कांग्रेस अध्यक्ष ने मिलने का समय मांगा

नई दिल्ली। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर चुनाव आयोग संज्ञान लेगा अथवा नहीं। लेकिन कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को घेरने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती है। कांग्रेस के तमाम नेता जहां एक पार्टी का घोषणा पत्र प्रधानमंत्री को भेज रहे हैं,वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने उनसे मिलकर चुनाव घोषणा पत्र सौंपने का फैसला लिया हैं। इसको लेकर सोमवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा है।

### माकपा ने भी मोदी की शिकायत की

नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से उनके तथा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने निर्वाचन आयोग को सोमवार को लिखे पत्र में प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की है।

### झूठ के कारोबार का अंत निकट : राहुल


बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर कांग्रेस ने मोदी को घेरा



कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जहरीली भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया गया है कि पीएम मोदी के पास वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई रणनीतियां है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ के कारोबार का अंत अब निकट है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के लिए पीएम मोदी को घेरा है।


## सार संक्षेप

### पुलिस ने राजा सिंह के खिलाफ एक और मामला किया दर्ज




**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने रामनवमी के सिलसिले में कुछ दिन पहले आयोजित शोभायात्रा के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के लिए गोशामहल के भाजपा विधायक राजा सिंह के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है। सुल्तान बाजार पुलिस स्टेशन ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया। गोशामहल विधायक ने तय समय से आगे तक रैली जारी रखी।

### अब जितेंद्र आव्हाड को मिली लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी



**ठाणे।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बाद अब लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक और इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र आव्हाड को जान से मारने की धमकी दी है। आव्हाड ने बताया कि मोबाइल फोन पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है और यह धमकी किसी और ने नहीं, बल्कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से दी गई है।

### भाजपा ने सामाजिक ताने-बाने को किया तहस-नहस : अनिल शास्त्री



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते वर्षों में मध्य प्रदेश और देश की भाजपा सरकारों ने अपनी सत्ता की भूख मिटाने के लिए सामाजिक, राजनीतिक, संवैधानिक और आर्थिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया। देश के प्रजातंत्र के लिए आज परीक्षा की घड़ी है, हमें पूरा विश्वास है कि भाजपा सरकार की हार होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा टेनी को लगाई फटकार

## अगर राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे तो यह जमानत शर्तों का उल्लंघन

■ लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में है मुख्य आरोपी



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। लखीमपुर खीरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य आरोपी आशीष मिश्र टेनी को लेकर सख्त टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि अगर आशीष मिश्र टेनी शारीरिक रूप से अलग अलग राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, तो यह जमानत की शर्तों का उल्लंघन है।

केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र के बेटे आशीष मिश्र टेनी, लखीमपुर खीरी हिंसा मामले से जुड़े मुख्य आरोपियों में से एक हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर आशीष मिश्र राजनीतिक कार्यक्रमों में शारीरिक रूप से शामिल हो रहे हैं, तो यह उनकी जमानत शर्तों का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने पीड़ितों की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण से अपने आरोपों को साबित करने वाला हलफनामा दाखिल करने को कहा। इससे पहले शीर्ष अदालत ने इस घटना को 'दुर्भाग्यपूर्ण भयानक घटना' करार दिया था और आशीष मिश्र को जमानत के दौरान उत्तर प्रदेश या दिल्ली में नहीं रहने के लिए कहा था। प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि आशीष मिश्र टेनी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और हाल ही में एक कार्यक्रम में साइकिल वितरित कर रहे थे।

### 14 साल की दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असाधारण परिस्थितियों और संबंधित मेडिकल रिपोर्ट के मद्देनजर एक 14 वर्षीया दुष्कर्म पीड़िता को उसके 30 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की सोमवार को अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने पीड़िता की ओर से उसकी मां द्वारा दायर याचिका पर विचार के बाद संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण न्याय करने की अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के चार अप्रैल 24 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें चिकित्सीय माध्यम से गर्भपात कराने की पीड़िता की याचिका खारिज कर दी गई थी।पीठ ने अपने फैसला सुनाते हुए कहा, 'मेडिकल बोर्ड ने स्पष्ट रूप से कहा है कि गर्भावस्था से उस नाबालिग के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।' पीठ ने अपना आदेश जारी करने के लिए 19 अप्रैल को इस अदालत के निर्देश पर मुंबई के सायन अस्पताल द्वारा गठित एक मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर भरोसा किया।

# आपकी संपत्ति पर पंजा मारना चाहती है कांग्रेस : मोदी



■ परिवारवादियों ने लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बनाया

**अलीगढ़,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत की कमाई, आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। आपकी संपत्ति को कब्जे में लेकर बांटना चाहती है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादे से मैं देशवासियों को आगाह कर रहा हूं। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। उन्होंने कहा कि आज तक इन्होंने अपनी अकूत संपत्ति से देश के किसी गरीब को कुछ नहीं दिया। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है। जनता के धन को लूटना और देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। आजादी के बाद से सेना की हर खरीद में घोटाले करने वाली कांग्रेस कभी भी यहां डिफेंस कॉरिडोर नहीं बनवा सकती। भाजपा की वजह से अब हमारा उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर सेना का बहुत बड़ा हब बनने जा रहा है।

**योगी की सराहना की**

उन्होंने आगे कहा कि जो लोग योगी जी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं, मैं उनकी आंखें खोलना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ, उतना अकेले योगी जी के कालखंड में हुआ है। इस क्षेत्र को गंगा और यमुना दोनों का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां खेती और किसानों को ताकत कैसे मिले, गन्ना किसानों की ताकत कैसे बढ़े, इसके लिए भाजपा लगातार काम कर रही है।

# कांग्रेस ने निशिकांत दुबे के लिए बड़ी चुनौती पेश की





■ विंध्यवासिन त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बदल दिया है। पार्टी ने दीपिका पांडेय सिंह की जगह अब प्रदीप यादव को मैदान में उतारकर चुनाव को रोचक बना दिया हैं। गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से सांसद हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में है। लेकिन कांग्रेस ने अब अपना उम्मीदवार बदलकर दुबे के लिए बडी चुनौती पेश कर दी है। पार्टी ने पहले दीपिका को अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन सवर्ण मतदाताओं का रुझान भाजपा की ओर जाता देखकर कांग्रेस ने अब पिछडा वर्ग का कार्ड खेल दिया हैं। बतादें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदीप यादव झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर गोड्डा से उम्मीदवार थे। हालांकि साढे चार लाख से ज्यादा मत हासिल करके भी वे दूसरे स्थान पर रह गए थे। निशिकांत दुबे डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से चुनाव जीत गए थे। अबकी बार प्रदीप यादव इंडिया गठबंधन की ओर से यहां कांग्रेस के उम्मीदवार है। वैसे जातीय समीकरण की बात करें तो यहां सबसे ज्यादा मुसलमान है। उसके बाद यादव और वैश्य है। ऐसे में अगर मुसलमान और यादव मतदाता एकमुश्त प्रदीप यादव के पक्ष में आ जाते हैं तो निश्चित रूप से चुनाव रोचक हो जाएगा और भाजपा उम्मीदवार निशिकांत की लगातार चौथी बार संसद पहुचने की राह मुश्किल हो सकती है।

■ भाजपा प्रत्याशी निशिकांत के खिलाफ बदला उम्मीदवार
■ दीपिका की जगह प्रदीप यादव को उतारने से रोचक हुआ चुनाव

# केजरीवाल ने जेल प्रशासन के दावों को किया खारिज

■ मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा, मैंने जेल में इंसुलिन का मुद्दा उठाया
■ दिल्ली के मुख्यमंत्री ने तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को लिखा पत्र



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में जेल में बंद मुख्यमंत्री केजरीवाल को इंसुलिन नहीं मिलने पर काफी बवाल मचा हुआ है। इसी बवाल के बीच सीएम केजरीवाल ने तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने जेल प्रशासन के बयान को गलत बताया है। केजरीवाल के इस पत्र में तिहाड़ प्रशासन के दोनों बयानों का जिक्र हैं।आप इन मामले में पत्र को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें लिखा -अखबार में आपका बयान पढ़ा। वो बयान गलत है। आपका झूठा बयान पढ़ के बहुत दुख हुआ। तिहाड़ प्रशासन का पहला बयान 'अरविंद केजरीवाल ने इन्सुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया' यह सरासर झूठ है। मैं पिछले 10 दिन से लगातार इन्सुलिन का मुद्दा उठा रहा हूं, दिन में कई बार उठा रहा हूं। जब भी कोई डॉक्टर मुझे देखने आया तो मैंने बताया कि मेरा शुगर लेवल बहुत हाई है। मैंने ग्लूकोमीटर की रीडिंग दिखा कर बताया कि दिन में 3 बार पीक आती है और शुगर लेवल 250-320 के बीच जाता है।

# कन्नौज से अखिलेश ने तेज प्रताप को मैदान में उतारा

**बलिया सीट पर सनातन पांडेय देंगे नीरज शेखर को चुनौती**

**लखनऊ,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव अब कन्नौज से चुनावी मैदान में नहीं होंगे। इस सीट पर अब उनके पारिवारिक सदस्य और मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। समाजवादी पार्टी ने सोमावार को कन्नौज से पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव तो वहीं बलिया सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के खिलाफ सनातन पांडेय को चुनावी मैदान में उतारा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज सीट से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के भाई के पोते हैं।

## रिपोर्ट : अमेरिका में नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बना भारत

# 66 हजार भारतीयों ने 2022 में अमेरिका की नागरिकता ली

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका की नवीनतम संसदीय रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिका के नागरिक बन चुके हैं। इसी के साथ मैक्सिको के बाद भारत अब अमेरिका के लिए नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। 2022 तक चार करोड़ 60 लाख विदेशी मूल के नागरिक अमेरिका में निवास कर रहे थे, जो कि 33 करोड़ 30 लाख जनसंख्या वाले देश का 14 प्रतिशत है।

15 अप्रैल की नवीनतम 'यूएस नेचुरलाइज़ेशन पॉलिसी' रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022 में 969,380 लोग नियमानुसार अमेरिकी नागरिक बने। अमेरिका में नियमानुसार नागरिकता मिलने के मामले में मैक्सिको पहले स्थान पर है, इसके बाद भारत, फिलीपींस, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोग शामिल हैं।

**मैक्सिको के 1,28,878 लोगों को नागरिकता मिली**

नवीनतम सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में मैक्सिको के 1,28,878 लोगों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। उनके अलावा भारत के 65,960, फिलीपींस के 53,413 ,क्यूबा के 46,913, डोमिनिकन गणराज्य के 34,525, वियतनाम के 33,246 और चीन के 27,038 नागरिकों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। सीआरएस की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 तक अमेरिका में विदेशी मूल के नागरिकों में 28,31,330 लोग भारत से थे। बता दें कि मैक्सिको (1,06,38,429) के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। इसके अलावा 22,25,447 लोग चीन से हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में रह रहे भारत में जन्मे कुल लोगों में से 42 फीसदी ऐसे हैं, जो कि मौजूदा समय में अमेरिकी नागरिकता के लिए अयोग्य हैं। 2023 तक भारत में जन्मे लगभग 290,000 विदेशी नागरिक जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड पर थे, वे अब नागरिकता के पात्र हो चुके हैं। कुछ जानकारों ने अमेरिका के आव्रजन विभाग के नागरिकता के आवेदनों पर कार्यवाही को लेकर चिंता जताई है। मैक्सिको, अल साल्वाडोर और ब्राजील के विदेश में जन्मे लोगों के प्राकृतिक तौर पर नागरिकता मिलने का प्रतिशत काफी कम है।




**अमेरिका में मैक्सिको के लोगों को सबसे अधिक नागरिकता**

# देश

**उवाच**

अनुकृति गुसाईं जब राजनीति में नौसिखिया थीं, तब कांग्रेस पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ाया और उन्हें राजनीति में बढ़ावा देने का काम किया। लेकिन जिस पार्टी ने उनको इतना सम्मान दिया, अगर वह उसका सिला इस तरीके से दे रही हैं, तो इसको जनता भी भली-भांति समझ रही है। -शीशपाल सिंह बिष्ट, कांग्रेस प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 24.0 |
| मुंबई | 31.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 39.0 | 30.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 28.0 |

# भाजपा में पूंजीपतियों को मिला लाभ : बसपा

**नोएडा/बुलंदशहर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। बुलंदशहर में भाजपा और पूर्व की सरकारों पर तीखा प्रहार करती हुई बसपा सुप्रीम मायावती ने सीधे कहा कि इस बार भाजपा का नाटक, जुमलेबाजी और गारंटी काम आने वाली नहीं है। इन लोगों ने सरकारी जांच एजेंसियों का राजनितिकरण तक कर दिया। उन्होंने कहा हमारी पार्टी किसी भी विरोधी पार्टी के गठबंधन के साथ नहीं बल्कि अपने बलबूते पर लड़ रही है। टिकट बटवारे में सर्व समाज के लोगों को दिए। आप लोगों को मालूम है कि हमने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा की सीट से इस बार राजेंद्र सिंह सोलंकी को चुनाव के मैदान में उतारा है। आप लोगों को ये लगता होगा कि से हर बार गुर्जर समाज से बीएसपी चुनाव लड़ाती रही है, लेकिन इस बार गुर्जर समाज को टिकट न देकर ठाकुर समाज से दिया। वो इसलिए किया गया क्योंकि यहां पर हमने पिछले कई लोकसभा चुनाव में गुर्जर समाज के लोगों को दिया। वहीं दूसरी पार्टी से भी गुर्जर समाज के लोगों की टिकट दिया जाता है। जिससे वोट बटता है जिसका भाजपा ने फायदा उठाया। यही कारण है कि भाजपा चुनाव जीतती रही। बीजेपी पार्टी न जीते इसलिए हमने क्षत्रीय समाज के उम्मीदवार को खड़ा किया। मै यहां ये भी कहूंगी कि गुर्जर समाज के लोगों को नहीं लगना चाहिए कि उनकी उपेक्षा हो रही है। गुर्जुर समाज से हमने बागपत सीट से टिकट दिया। इसलिए मैं बता रही थी कि बीएसपी ने सर्व समाज के लोगों को भागीदारी दी है। जनसभा में भीड़ को देखते हुए कि प्रदेश से बीएसपी को बेहतर रिजल्ट लाएंगे। गौतमबुद्ध नगर में डेवलपमेंट के नाम पर किसानों की ओने पोने दाम पर जमीन ली जाती है। लेकिन मुआवजा नहीं मिलता। किसान आंदोलन करते रहते है। जब मेरे नेतृत्व में सरकार बनी किसानों को उचित मुआवजा दिया। यूपी में चार बार हमारी पार्टी की सरकारों ने हर स्तर पर विषेश ध्यान दिया है। पूर्व की कांग्रेस की सरकार और अब भाजपा की साप्रदायिक और पूंजीवादी सोच ने पिछड़े वर्ग, मुस्लित और अल्प संख्यक का विकास नहीं हो सका है। पूरे देश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा तक नहीं भरा गया। समाजवादी पार्टी की जब यूपी में सरकार रही तो उन्होंने बिल्कुल ही आरक्षण खत्म कर दिया था। सभी प्राइवेट सेक्टर में सभी को आरक्षण बंद कर दिया है। इसलिए अब आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इनके साथ मुस्लिम और अन्य धार्मिक लोगों को स्थित काफी दयनीय बनी हुई है। केंद्र व अधिकांश राज्यों में भी आरएसएस की सरकारों के चलते विकास बंद हो गया। हिंदुत्व की आड़, इनकी गलत कृषि नीतियों के कारण किसान भी आंदोलित रहता है। इससे देश की अर्थ व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। व्यापारी वर्ग भी परेशान है। देश में फैला भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हो रहा, सीमा भी सुरक्षित नहीं है।




इस बार के लोकसभा चुनावों में भाजपा का नाटक, जुमलेबाजी व गारंटी काम आने वाली नहीं है : मायावती

■ केंद्र सरकार पर लगाया सरकारी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण करने का आरोप

ऐसे में देश में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा गठबंधन को रोकना है। ये सभी पार्टियां साम दाम दंड भेद मिलकर काम कर रही है। विरोधी पार्टी अपने पक्ष में हवा बनाने में लगी है। विरोधी पार्टी के द्वारा चुनावी घोषणा पत्र के बहकावे में नहीं आना है। यही वजह है कि हमारी पार्टी चुनावी घोषणा पत्र जारी नहीं करती। हम काम करने में विश्वास रखते है। यही वजह है हमने यूपी में चार बार विकास कार्य कराया। केंद्र में हमें अपनी पार्टी बनाने का मौका मिलता है तो हम हवा हवाई काम नहीं बल्कि उप्र की तरह विकास का काम करेंगे। जब चौथी बार हमारी सरकार बनी तो हमने गौतमबुद्ध नगर को विकसित किया। हमने नाम दिया। यहा यूनिवर्सिटी बनाई। ये एयरपोर्ट की आधारशिला भी हमने रखी जिसे ये बीजेपी वाले भुनाने में लगे है। ये देन बीजेपी की नहीं बल्कि बीएसपी की रही है। उन्होंने कहा कि 2003 में जब उनकी पूर्ण बहुमत की सरकार आई तब उन्होंने नोएडा ग्रेटर नोएडा व एक नए जनपद का निर्माण यहां पर शिक्षा के क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में तथा एक्सप्रेस वे बनाकर क्षेत्र का विकास किया। नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की स्थिति बहुत ही दयनीय थी, बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार ने इस क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में एजुकेशन हब बनाया, इसके साथ-साथ चिकित्सा व्यवस्था को आसान करने के लिए चिकित्सालयों का सरकारी व गैर सरकारी निर्माण कराया।

हमने अपने कार्यकाल में नोएडा का नाम बदलकर गौतम बुद्धनगर रखा था। खूब विकास कार्य कराए। जिसका लाभ आज भाजपा सरकार उठा रही है और हमारे द्वारा कराए गए विकास कार्यों को अपना बता रही है। बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने कहा जो काम पहले कांग्रेस सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती थी। वही काम अब भाजपा सरकार कर रही है। गरीबों, वंचितों और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इस सरकार में फायदा पूंजीपति तथा धनासेट उठा रहे हैं।

### भाजपा की कथनी व करनी में अंतर

बसपा सुप्रीम मायावती ने कहा कि आजादी के बाद देश के काफी राज्यों में सत्ता कांग्रेस पार्टी के हाथों में रही। लेकिन गलत कार्यप्रणाली के चलते केंद्र की सत्ता से बाहर होना पड़ा। यही स्थिति इनकी सहयोगी पार्टी की रही है। यही स्थिति अब भाजपा हो रही है। इनकी कथनी और करनी में अंतर है। इस बार बीजेपी भी केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है। बर्शते ये चुनाव में ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी नहीं की जाती तो। इनका नाटक जुम्लेबाजी और गारंटी काम आने वाली नहीं है। इनकी पार्टी ने देश के गरीबों, कमजोर तबको अन्य मेहनत कश लोगों को असंख्य वायदे किए जो हवाहवाई रहे। उनका जमीनी हकीकत में एक चौथाई काम भी नहीं किया गया। ये चेहतों पूंजी पतियों को धनवान बनाने में लगे रहे। जिसका खुलासा इलेक्टोरल बांड से होता दिखा। बीजेपी भी तमाम जांच ऐजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है।

# भारत की संप्रभुता तथा सैनिकों के दृढ़ संकल्प का प्रतीक सियाचिन : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात सैनिकों की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा है कि यह कोई साधारण भूमि नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता तथा दृढ़ संकल्प का प्रतीक है और इसकी रक्षा करने वाले सैनिकों का गौरवशाली इतिहास युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

सोमवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा करने के बाद सिंह ने कहा कि जैसे दिल्ली भारत की राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, वैसे ही सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी है। रक्षा मंत्री ने प्रतिकूल मौसम में दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत भी की तथा क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, उत्तरी कमान लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिंद्र कुमार और जनरल ऑफिसर कमांडिंग 14 कोर लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी थे। क्षेत्र के हवाई सर्वेक्षण के बाद रक्षा मंत्री 15 हजार 100 फीट की ऊंचाई पर एक अग्रिम चौकी पर उतरे जहां उन्हें सियाचिन ग्लेशियर में संचालन तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कमांडरों के साथ संचालन चुनौतियों से जुड़े पहलुओं पर चर्चा भी की।



■ सियाचिन का दौरा कर रक्षा मंत्री ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

### सियाचिन युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन मेघदूत की सफलता हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को सियाचिन युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्र ने हाल ही में ऑपरेशन मेघदूत की सफलता की 40वीं वर्षगांठ मनाई है। रक्षा मंत्री ने 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन में भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए इस ऑपरेशन को देश के सैन्य इतिहास का सुनहरा अध्याय बताया। गौरतलब है कि सिंह ने 24 मार्च 2024 को लेह का दौरा किया था और सैनिकों के साथ होली मनाई थी।

## सार संक्षेप

### श्रीनगर में एनआईए ने नौ जगहों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू कश्मीर को अस्थिर करने के लिए नवगठित आतंकी संगठनों से जुड़ी कथित साजिश की जांच के तहत सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि यह मामला भौतिक एवं साइबर स्पेस दोनों तरह की साजिश रचने तथा जम्मू कश्मीर में बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के षडयंत्र से संबंधित है। इस तरह के षडयंत्र जम्मू कश्मीर में युवाओं और भूमिगत कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आतंकवादी समूहों की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी श्रीनगर में आरसी 5/22 में नौ स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। विस्तृत विवरण बाद में दी जायेगी।

### मुश्ताक अंतुले राकांपा अजित पवार में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस के पूर्व विधायक मुश्ताक अंतुले सोमवार को पार्टी से इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजित पवार) में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रहने वाले अंतुले एक जाना-माना अल्पसंख्यक चेहरा हैं। वह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एआर अंतुले के दामाद भी हैं। उनके राकांपा (अजित पवार) गुट में शामिल होने से रायगढ़ में शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे) उम्मीदवार अनंत गीते की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अंतुले लंबे समय से राजनीति में हैं। वह पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व बोर्ड सदस्य रहे हैं। उनके राकांपा में शामिल होने से अजित गुट के मजबूत होने की उम्मीद है।

### नड्डा आज मध्य प्रदेश में करेंगे चुनाव प्रचार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मंगलवार को मध्य प्रदेश के तीन संसदीय क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनव प्रचार करेंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार नड्डा मंगलवार को टीकमगढ़, रीवा व सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। नड्डा सुबह 11 बजे टीकमगढ़ जिले के राजेन्द्र पार्क में, दोपहर डेढ़ बजे रीवा के एस.ए.एफ ग्राउंड में एवं दोपहर तीन बजे सतना के सी.एम.ए ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### ट्रेन कोच में लगी आग से आरपीएफ जवान की मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में पूर्व-मध्य रेलवे के मुजफ्फरपुर स्टेशन पर सोमवार को बलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस के एक स्लीपर कोच में लगी आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र के विस्फोट करने से रेलवे सुरक्षा बल के एक जवान की झुलसकर मौत हो गई।

# कांग्रेस ने सात उम्मीदवारों की एक और सूची की जारी

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार के लिए 5 व पंजाब के लिए 2 और उम्मीदवार सहित 7 नामों का ऐलान किया हैं। इसके बाद पार्टी द्वारा अब तक घोषित कुल कांग्रेस उम्मीदवारों की संख्या बढकर 301 हो गई है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी की गई सूची के मुताबिक, बिहार के पश्चिम चंपारन से पार्टी ने पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा मुजफ्फरपुर से अजय निषाद, महराजगंज से आकाश प्रसाद सिंह, समस्तीपुर सुरक्षित से सन्नी हजारी और सांसाराम सुरक्षित से मनोज कुमार के नाम का ऐलान किया गया है। जबकि पंजाब के होशियारपुर सुरक्षित से सुश्री यामिनी गोमर और फरीदकोट सुरक्षित से अमरजीत कौर सहोके को प्रत्याशी बनाया गया हैं।



राजस्थान में दूसरे चरण के मतदान को लेकर एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा

# सुखबीर 142 करोड़ के साथ सबसे अमीर उम्मीदवार

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राजस्थान की 12 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान संपन्न हो चुका है। अब 26 अप्रैल को शेष बचे 13 सीटों पर मतदान होना है, जिसको लेकर चुनाव प्रचार चरम पर है। 13 सीटों के लिए कुल 152 उम्मीदवार मैदान में हैं। इन सभी उम्मीदवारों की ओर से दिए गए शपथ पत्रों के विश्लेषण के आधार पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने रिपोर्ट बनाई है, जिसमें बताया गया है कि कौन प्रत्याशी कितना अमीर-गरीब है और किसके खिलाफ कितने आपराधिक मामले लंबित है। रिपोर्ट के अनुसार 16 प्रतिशत प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित है। इन सभी प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 4 करोड़ रुपए हैं। व्यक्तिगत संपत्ति की बात करें तो सर्वाधिक संपत्ति भाजपा के टोंक-सवाई माधोपुर सीट से चुनाव लड़ रहे सुखबीर सिंह जौनपुरिया के पास है। जौनपुरिया कुल 142 करोड़ रुपए की चल अचल संपत्ति के मालिक हैं। जबकि दूसरे स्थान पर कांग्रेस के चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना है, जिनकी संपत्ति 118 करोड़ रुपए है। तीसरे स्थान पर जोधपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी करणसिंह उचियारडा के पास 75 करोड़ से ज्यादा की चल अचल संपत्ति है। सबसे कम संपत्ति जोधपुर से चुनाव लड़ रहीं दलित क्रांति दल की प्रत्याशी शहनाज बानो के पास सिर्फ दो हजार रुपए है। भीलवाड़ा के निर्दलीय नारायण लाल के पास दस हजार रुपए नकद है लेकिन अचल संपत्ति शून्य है। बांसवाड़ा के निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार पुत्र हीरालाल के पास चल संपत्ति के रूप में 11,500 रुपए हैं, इनके पास भी अचल संपत्ति शून्य है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार कुल 152 उम्मीदवारों में 16 प्रतिशत यानी 25 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ अपाराधिक मामले होने की जानकारी दी है। इनमें भाजपा व कांग्रेस के तीन-तीन प्रत्याशी हैं। इनके अलावा अन्य दलों के 9 व दस निर्दलीय प्रत्याशी हैं। 11 प्रतिशत यानी 16 प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ गंभीर प्रकार के आपराधिक मामले होने की जानकारी दी हैं। इनमें सर्वाधिक कांग्रेस के तीन उम्मीदवार हैं। शेष 13 में से 7 निर्दलीय व शेष छह उम्मीदवार अन्य दलों के हैं। भाजपा के एक भी उम्मीदवार के खिलाफ गंभीर अपराधिक मामला नहीं चल रहा है।



13 सीटों के लिए 152 उम्मीदवार में 25 दागी

### प्रदेश में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा

प्रदेश में दूसरे चरण के तहत अजमेर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जालौर, झालावाड़-बारां, जोधपुर, कोटा, पाली, राजसमंद, टोंक-सवाई माधोपुर और उदयपुर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक कुल 152 में से 49 उम्मीदवार करोड़पति हैं। कह सकते हैं कि हर तीसरा उम्मीदवार करोड़पति हैं, लेकिन ऐसे भी कई उम्मीदवार है जिनके पास सिर्फ हजारों में ही नकद राशि है। 152 प्रत्याशियों में कई ऐसे प्रत्याशी हैं, जिन्होंने शपथ पत्र में शून्य अचल संपत्ति बताई है। इनके पास न घर है न जमीन। किराए के मकान में रहते हैं। इनमें सबसे कम चल संपत्ति जोधपुर की शहनाज बानो के पास दो हजार रुपए ही है। अचल संपत्ति शून्य है।

# नेहा हत्याकांड की जांच सीओडी से कराई जाएगी : सिद्दारमैया

■ पीड़ित परिवार को इस मामले में न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**शिवमोग्गा,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने घोषणा की है कि हुबली की नेहा हिरेमथ की दुखद हत्या के मामले की गहन जांच के लिए इसे कॉप्स ऑफ डिटेक्टिव्स (सीओडी) को सौंपा जाएगा। सिद्दारमैया ने सोमवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मामले को जांच के लिए सीओडी को सौंप दिया जाएगा। एक विशेष अदालत की स्थापना की जाएगी, और सुनवाई समयबद्ध तरीके से की जाएगी।

इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है, जिसके कारण राज्य सरकार ने न्याय सुनिश्चित करने के लिए यह त्वरित कार्रवाई की है। भाजपा के इस आरोप पर कि मुख्यमंत्री ने अब तक हुबली में नेहा के परिवार से मुलाकात नहीं की है, सिद्दारमैया ने कहा कि कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल पहले ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ उनसे मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं धारवाड़ जाऊंगा तो माता-पिता से मिलूंगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार जांच के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और मामले को बहुत गंभीरता से लेती है। इसके बाद वह महास्वामी के पास पहुंचे और उनसे धारवाड़ लोस क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का आग्रह किया। उन्होंने आध्यात्मिक नेता से इसके बजाय कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देने का अनुरोध किया। सिद्दारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मैंने दिंगलेश्वर महास्वामी से धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने और कांग्रेस को समर्थन देने का अनुरोध किया है। इस अनुरोध पर दिंगलेश्वर महास्वामी की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि यह घटनाक्रम कर्नाटक में राजनीतिक परिदृश्य को कैसे प्रभावित करता है। धारवाड़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा देखने की उम्मीद है और समर्थन में किसी भी बदलाव के महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकते हैं। उन्होंने भाजपा और प्रधानमंत्री के खिलाफ सत्तारूढ़ पार्टी के हालिया विज्ञापन अभियान का भी बचाव किया। अभियान में राज्य और कन्नडिगाओं के लिए भाजपा के योगदान को शून्य या चेम्बु (जिसका अर्थ है खाली बर्तन) के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी शासन पूरी तरह विफल रहा है, क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों के दौरान अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। हम कर्नाटक के खिलाफ केंद्र और मोदी के सौतेले रवैये की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा को कांग्रेस पार्टी के अभियान की आलोचना करने से पहले धन के हस्तांतरण में अन्याय को सुधारना चाहिए और सभी लंबित परियोजनाओं को मंजूरी देनी चाहिए। सिद्दारमैया ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उस बयान की भी निंदा की, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का स्रोत होने का आरोप लगाया था।



राज्य सरकार जांच के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : सिद्दारमैया

### नेहा हत्याकांड की जांच में पूरी तरह सक्षम सरकार : शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने हुबली में हुए नेहा हिरेमथ हत्याकांड से संबंधित मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की भारतीय जनता पार्टी की मांग से राज्य में उपजे राजनीतिक तनाव के बीच सोमवार को कहा कि राज्य सरकार अपने दम पर मामले की जांच में पूरी तरह सक्षम है। शिवकुमार ने भाजपा की मांग को खारिज करते हुए कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है, उन्हें सौंपने दीजिए। वे जो करना चाहते हैं उन्हें करने दीजिए। वे पात्र नहीं हैं। कर्नाटक सरकार इससे अपने तरीके से निपटेगी। इसका कोई सवाल ही नहीं है।



# बीजद ने की छह और विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

**भुवनेश्वर,** 22 अप्रैल (एजेंयिसां)। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने सोमवार को छह और विधानसभा सीटों के लिए पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें पांच नए चेहरे शामिल हैं, वहीं चार मौजूदा विधायकों को इस बार टिकट नहीं दी गई। बीजद सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सातवें चरण में हिंडोल, रघुनाथपल्ली, बालिकुडा इरासामा, काकटपुर, बंगरीपोसी और बारी विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की।

इसके साथ ही बीजद ने अब तक 141 विधानसभा सीटों और 21 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है तथा अब केवल छह और विधानसभा सीटों की घोषणा बाकी है। नए चेहरों में दो मौजूदा विधायकों की पत्नीयां हैं। बांगरीपोसी विधानसभा सीट के लिए रंजीता मरांडी और रघुनाथपल्ली विधानसभा सीट के लिए अर्चना बेहरा को चुनाव मैदान में उतारा गया है। श्रीमती रंजीता ओडिशा स्कूल जन शिक्षा, राजस्व और आपदा मंत्री सुदाम मरांडी की पत्नी हैं, जिन्हें मयूरभंज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया गया है। अर्चना रघुनाथपल्ली के मौजूदा विधायक सुब्रत तराई की पत्नी हैं। पार्टी के ढेंकनाल से निवर्तमान सांसद महेश साहू को लोकसभा टिकट न देते हुए मौजूदा विधायक सीमारानी नायक की जगह हिंडोल विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवार बनाया गया है।



■ पांच नए चेहरे शामिल, चार मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं

**तैयारी** — तीर्थयात्रियों के लिए बीआरओ ने अमरनाथ यात्रा मार्ग को किया साफ

# एक बार फिर 20 फुट के हिमलिंग बनने का किया जा रहा दावा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अमरनाथ गुफा की ओर जाने वाले ट्रेक पर बर्फ हटाने का काम इस समय पूरे जोरों पर है, ट्रेक का बड़ा हिस्सा सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने केवल एक महीने में ही साफ कर दिया है। दूसरी ओर सरकारी तौर पर दावा किया जा रहा है गुफा में इस बार भी 20 फुट के करीब हिमलिंग बने हैं।

बीआरओ ने कहा कि यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाने के लिए अभियान जारी है जिसमें बालटाल आधार शिविर से अमरनाथ गुफा तक आधुनिक मशीनरी और कुशल श्रमिकों को तैनात किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि सिर्फ एक महीने के भीतर, काली माता मंदिर तक बर्फ साफ होने के साथ पर्याप्त प्रगति हुई है। बीआरओ अधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों और आवश्यक कर्मियों के लिए सुगम मार्ग की सुविधा प्रदान करने के लिए 14 किलोमीटर के ट्रैक को 12 से 14 फीट की चौड़ाई तक विस्तारित करने की योजना की रूपरेखा तैयार की गई है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि पहली बार, पवित्र गुफा की वार्षिक तीर्थयात्रा की व्यापक तैयारियों के हिस्से के रूप में बीआरओ को अमरनाथ यात्रा ट्रैक के निर्माण और रख रखाव का नियंत्रण दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि यूटी प्रशासन के निर्देशों के अनुसार, बीआरओ को बालटाल की ओर से अमरनाथ गुफा तक बर्फ हटाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 29 जून को यात्रा शुरू होने वाली है, तीर्थयात्रियों के लिए एक सुरक्षित और सुलभ मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयास पूरे जोरों पर हैं। दरअसल गंदरबल जिले के बालटाल से अमरनाथ गुफा तक का पारंपरिक 14 किलोमीटर का मार्ग महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करता है। विशेष रूप से इसकी संकीर्ण और विश्वासघाती प्रकृति के कारण, अप्रत्याशित मौसम की स्थिति के कारण यह और भी बढ़ जाती है। इस बीच यह भी सच है कि अमरनाथ की पवित्र गुफा में इस बार बनने वाला तकरीबन 20 से 22 फुट का ऊंचा हिमलिंग उस ग्लोबल वार्मिंग को जरूर चिढ़ाने लगा है जिसके कारण दुनियाभर में बर्फ के तेजी से पिघलने का खतरा पैदा हो गया है। इस हिमलिंग के दर्शनों की खातिर 29 जून से आरंभ होने जा रही अमरनाथ यात्रा की तैयारियां भी आरंभ हो चुकी हैं।हिमलिंग के 20 फुट का होने के दावे सोशल मीडिया पर पिछले कई दिनों से चल रही एक वीडियो से है जिसमें बड़े हिमलिंग को बतया जा रहा है। 29 जून से आरंभ हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए श्राइन बोर्ड ने पहले ही कई प्रबंध किए हैं। श्राइन बोर्ड के प्रवक्ता के बकौल, हिमलिंग के संरक्षण के लिए गुफा के द्वार पर लोहे की ग्रिल 8 साल पहले ही लगाई जा चुकी है।

अब श्राइन बोर्ड ने अपनी एक टीम को गुफा के लिए रवाना करने वाला है। इस टीम के जिम्मे हिमलिंग का संरक्षण करना और इसको सुनिश्चित करना है कि गुफा के भीतर जाकर कोई हिमलिंग से छेड़छाड़ न करे।



■ इस वर्ष 29 जून से आरंभ होने जा रही है यात्रा

उल्टा पुल्टा

वकील : आपके पति कैसे मरे?
महिला : जहर खा कर।
वकील : फिर इनके शरीर पर चोट के निशान कैसे?
महिला : खाने से मना कर रहे थे।

# केंद्र की गलत नीतियों से आम जनता त्रस्त : कांग्रेस

- दिल्ली में भाजपा सांसदों पर लगाया जनता के हितों के साथ अनदेखी करने का आरोप
- पार्टी ने दिल्ली में अपने तीनों उम्मीदवारों का परिचय करा चुनाव में बताई अपनी प्राथमिकता



**भाजपा शासन में देश में 45 वर्षों का बेरोजगारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है : अरविंदर सिंह लवली**

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछले 10 वर्षों में भाजपा के कुशासन और गलत नीतियों के चलते दिल्ली सहित पूरे देश की जनता त्रस्त है। भाजपा शासन में देश में 45 वर्षों का बेरोजगारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। गरीब और गरीब हो रहा है और पूंजीपति और अमीर हो रहे हैं। महिलाओं के प्रति उत्पीड़न भी भाजपा के समय में चरम पर पहुंच गया है। यह कहना है कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का। सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली से कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों का परिचय कराते हुए उन्होंने चुनाव में पार्टी की प्राथमिकता बताई। लवली ने कहा कि दिल्ली में भाजपा के सांसदों ने जनता के हितों के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के तीनों लोकसभा उम्मीदवार इस चुनाव में अभूतपूर्व विजयी प्राप्त करेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चांदनी चौक लोकसभा सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पश्चिम दिल्ली से डॉ. उदित राज और उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार का परिचय कराया। इस दौरान लवली के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन और कॉओर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन सुभाष चौपड़ा, पार्टी के तीनों उम्मीदवार पूर्व विधायक, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर और कम्युनिकेशन विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज आत्रेय भी मौजूद थे।

### भाजपा सांसद की असंवेदनशीलता के कारण नहीं हुआ कोई काम : राज

डॉ. उदित राज ने कहा कि 2014-19 में मैं उत्तर पश्चिमी दिल्ली का सांसद था। किराड़ी और नरेला रेलवे अंडर पास के पैसा मंजूर कराया परंतु अगले 5 वर्ष में मौजूदा सांसद काम तक शुरू नहीं करा पाए। बवाना, कुतुबगढ़ और नरेला तक मेट्रो पहुचाने के लिए मैंने प्रोपोजल तैयार किए परंतु भाजपा सांसद की असंवेदनशीलता के कारण इसके लिए कोई काम नहीं हुआ, क्या दिल्ली देहात तक मेट्रो नहीं पहुंचनी चाहिए। मैंने नरेला क्षेत्र का कायाकल्प किया था, यहां फ्लाई ओवर, एनआईटी, पाली टेक्नीकल, केंद्रीय विद्यालय व कालेज के भवन बनाने जैसे विकास कार्य किए है। उन्होंने कहा कि मैंने किराड़ी विधानसभा में 55 एकड़ जमीन स्कूल, कॉलेज, शिक्षा संस्थान और कल्याण कारी कामों के लिए अलाट कराई थी जिसमें पिछले पांच वर्षों में भाजपा ने एक प्रतिशत काम भी नही किया। मैं पिछले पांच वर्षों से लगातार उत्तर पश्चिम दिल्ली की जनता के लिए काम कर रहा हूं और इस दौरान 95 प्रतिशत जनता के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पांच न्याय युवा, महिला, श्रमिक, मजदूर और हिस्सेदारी की 25 गांरटियों को देशवासियों के हितों के लिए तुरंत लागू करेंगे।

### भाजपा के झूठ के पुलिंदे से गुमराह होने की जरूरत नहीं : अग्रवाल

जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे दस बार चुनाव लडने् का मौका दिया है और 8वीं बार चांदनी चौक से चुनाव लडने् का मौका दिया है। मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ चांदनी चौक क्षेत्र का मतदाता भी हूं। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक दिल्ली का दिल है और यहां रहने वाले हर व्यक्ति चाहे वो गरीब हो, अमीर हो, मध्यम वर्ग का हो, रेहड़ी पटरी वाला हो, मजदूर हो, व्यापारी, दुकानदार, स्थानीय निवासी सबसे मेरे घरेलू संबध हैं।

### देश में बेरोजगारी तोड़ रही है ऐतिहासिक रिकॉर्ड : कन्हैया कुमार

कन्हैया कुमार ने कहा कि गठबंधन समझौते पर कांग्रेस राजधानी में तीन सीटों पर लड़ रही है जिसमें से उत्तर पूर्वी दिल्ली से मुझे उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि आज मंहगाई ने जनता की जान निकाल रखी है, बेरोजगारी ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ रही है, अमीरी गरीबी की खाई दिनों दिन बढने् के कारण प्रति व्यक्ति जीडीपी हिस्सेदारी घट रही है, लोगों की रोजमर्रा की वस्तुए खरीदने की शक्ति कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि देश के उपर 70 सालों में 55 लाख करोड़ के कर्ज को 150 लाख करोड़ तक भाजपा सरकार ने पहुचा दिया है। उन्होंने कहा कि चदां लो, धंधा दो चुनावी बांड से लूट मचाई है और जाति को जाति से, धर्म को धर्म से लड़ाने की फूट डालो शासन करों अंग्रेजों की नीति को सार्थक करने की राजनीति भाजपा कर रही है। कन्हैया कुमार ने कहा कि हम केंद्र में सरकार बनाने के बाद दिल्ली की सातों सीटों पर सकारात्मक एजेंडे के लिए काम करेंगे और शिक्षित युवा, महिलाओं को एक लाख रुपए वार्षिक देंगे। मनरेगा के अनुरुप शहर में शहरों में युवाओं को रोजगार अवसर देंगे। महिलाओं की सुरक्षा, किसानों के अधिकारों और श्रमिक वर्ग हितों को सुरक्षित बनाने के लिए कानून बनाए जाऐंगे। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में जनता के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया। करावल नगर में ट्रेफिक व्यवस्था धवस्त है और सडक़ों के हालात बहुत खराब है, विकास का कोई काम नहीं हुआ है।

# कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर असंतोष आया सामने : प्रवीण

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है और कांग्रेस के उम्मीदवार पहले ही दौड़ से बाहर हो गए हैं। कपूर ने कहा है कि दो दिन पहले हमने उत्तर पूर्वी दिल्ली से एक उम्मीदवार कन्हैया कुमार को टिकट आबंटन को लेकर एक पूर्व कांग्रेस सांसद और राज्य प्रभारी के बीच मौखिक झड़प की खबरें देखी थीं और आज मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि जैसे यह पर्याप्त नहीं था सोमवार को दिल्ली कांग्रेस के दफ्तर पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्तर पश्चिम दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार उदित राज और उत्तर पूर्व के उम्मीदवार कन्हैया कुमार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जबकि पार्टी अपने 3 उम्मीदवारों के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थी। कांग्रेस कार्यकर्ता दोनों को बाहरी बताकर विरोध कर रहे थे। कपूर ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र में कोई भी कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है, लेकिन यहां पार्टी कार्यकर्ता दो प्रत्याशियों की साख पर आपत्ति जताते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने कहा है कि चौंकाने वाली बात यह है कि जब उदित राज बीजेपी सांसद थे तब हमारे कार्यकर्ताओं की भी यही शिकायत थी कि वह उन्हें समय नहीं देते हैं और यहां हम देख रहे हैं उदित राज 5 साल से कांग्रेस में हैं पर उनके पार्टी कार्यकर्ता भी शिकायत कर रहे हैं कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं से नहीं मिलते। कपूर ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से हमने देखा है कि कन्हैया कुमार और उदित राज दोनों नक्सलवाद के उत्पाद हैं जो भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ अफवाह फैला रहे हैं और कोई भी उन्हें सांसद के रूप में स्वीकार नहीं कर सकता है।



## सार संक्षेप

### स्कूली बच्चों ने ई-कचरे से बनाया चंद्रयान-3 का मॉडल



**नई दिल्ली।** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्कूली बच्चों की ओर से एक अभियान चलाया गया। द्वारका के पेसिफिक डी-21 मॉल में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान के जरिये बच्चों ने मॉल में कचरे से बनाई गई विभिन्न मूर्तियां और मॉडल प्रदर्शित किए और ई-कचरा इनोवेशन को बढ़ावा दिया। इस मौके पर छात्रों की ओर से बेकार पड़े की-बोर्ड, तार, बैटरियों से बना इको-नटराज, फेंकी गई सीडी, कार्ट्रिज और मदरबोर्ड से एक चंद्रयान-3 मॉडल बनाया गया। इसके अलावा अपशिष्ट पदार्थों से एक फ्लावरपॉट तैयार किया। वहीं पेसिफिक मॉल एनएसपी पीतमपुरा में सिंगल यूज प्लास्टिक बैग के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जूट बैग वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

### इमर्जेंसी मेडिकल प्रोटोकॉल किताब का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी बीआरसी, आचार्य मनीष एवं डॉ. सुनील चव्हाण ने आज नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में बहुप्रतीक्षित हिम्स मेडिकल एकेडमी के शुभारंभ की घोषणा की। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एकेडमी के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का अनावरण किया गया। इस मौके पर, डॉ बीआरसी की 31वीं पुस्तक-पी.ओ.ई.एम.आपातकालीन चिकित्सा प्रोटोकॉल का विमोचन किया गया। ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए श्रीधर यूनिवर्सिटी और डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए सनराइज यूनिवर्सिटी से संबद्ध हिम्स मेडिकल एकेडमी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी से मान्यता प्राप्त और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है।

# युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता : वीरेन्द्र



**भाजपा अध्यक्ष ने मतदान के प्रति संकल्पबद्ध होने का किया आह्वान**

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एक विचार गोष्ठी युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता को सम्बोधित किया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की आज भारत एक तरुणाई से भरा देश है और हमारे युवा भारत के कल के निर्माण में तो महत्वपूर्ण भूमिका निभा ही रहे हैं साथ ही विश्व के बहुत से देशों के विकास में भी योगदान दे रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत एक दशक में स्कूल की परिक्षा पर चर्चा हो, सोशल मीडिया के उपयोग पर चर्चा हो, गेमिंग पर चर्चा हो या फिर युवाओं की स्वरोजगार पर चर्चा हो हर विषय चर्चा में युवाओं को सार्थक परामर्श एवं प्रोत्साहन दिया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की हमे युवा भारत के निर्माण में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना पूरा सहयोग देना है और इसके लिए हम मतदान करके अपना सहयोग देने प्रति संकल्पबद्ध रहना होगा।

# स्तन कैंसर की जांच के लिए शिविर आयोजित

- शिविर में दो सौ महिलाओं ने कराई जांच

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर की जांच के लिए सोमवार को सफदरजंग अस्पताल में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 महिलाओं की जांच की गई। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रोली सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। यह एक गंभीर समस्या है। इसकी रोकथाम के लिए महिलाओं में जागरूकता के साथ जांच को बढ़ाना होगा। वहीं अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने कहा कि स्तन कैंसर के मामले देश की महिलाओं में सबसे ज्यादा है। यदि महिलाएं नियमित जांच करवाती है तो इस समस्या से बच सकती हैं। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान करीब 200 महिलाओं की जांच की गई। जांच के दौरान उन्हें डॉक्टर ने उचित परामर्श भी दिया। साथ ही दूसरे महिलाओं को जागरूक करने का संदेश दिया। सभी को बताया गया कि वह जांच के बारे में अपने आपास चर्चा करेंगे तो दूसरे भी आकर जांच करवा सकते हैं। यदि समय पर इनकी पकड़ हो जाती है तो इलाज संभव है।

# पुलिस सुधारों के बिना कोई भी फैसला नामुमकीन : रावत



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय समिति ने बीते दिन एक फैसले में कहा है कि अगर कोई संसदीय विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्ति आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो फिर उन्हें सामान्य व्यक्ति की तरह अपना इलाज कराना पड़ेगा। उन्हें कोई वीआईपी सुविधा नहीं मिलेगी। इस फैसले के मद्देनजर दिल्ली पुलिस सेवानिवृत अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन ने कहा कि यह तभी संभव है जब ब्रिटिश कालीन कानूनों में संशोधन हो। एसोसिएशन के अध्यक्ष छिद्दा सिंह रावत ने कहा कि जनसेवकों के खिलाफ पुलिस कभी भी नहीं जा सकती। उन्होंने अदाहरण देते हुए कहा कि ब्रिटिश कालीन कानून का विरोध करने के लिए 14 अप्रैल 1967 याद किया जाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन ऐसा था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आवास के घेराव के दौरान भगदड़ मची तो दिल्ली पुलिस के 18 जवान कुछ दिनों के लिए बर्खास्त हुए। एक हजार से ज्यादा गिरफ्तार किए गए।

हालांकि बर्खास्त पुलिस वाले सुप्रीम अदालत के बाद कई साल बाद दोबारा सेवा में लौट आए थे। हम दोबारा सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले को लेकर जा रहे हैं ताकि ब्रिटिशकालीन कानून में सुधार हो सके और लाखों पुलिस वाले को उनका दर्जा मिलने के साथ उनकी सालों से लंबित मांगें मानी जाए। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल 1967 को पुलिस सुधार के नाम पर प्रधानमंत्री आवास के बाहर आयोजित विरोध इतनी भयंकर थी कि आंसू गैस के गोले दागे गए। कई पुलिस वाले घायल हो गए। लेकिन वे अपनी मांगो पर अडिग रहे। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने माननीयों के खिलाफ इस प्रकार के फैसले लिए हैं तो मेरी वही मांग दिल्ली पुलिस सेवानिवृत अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन का स्थापना दिवस मनाने के बाद सामने है। वे कहते हैं कि उनके लिए 14 अप्रैल का वह दिन कभी भूलने वाला नहीं है, सो हम तो इस दिन को विरोध का स्थापना दिवस ही मनाएंगे, चाहे अंतिम सांस तक मांग पूरी हो नहीं है।

# मकतबा जामिया लिमिटेड को बचाना जामिया मिलिया इस्लामिया की पहली जिम्मेदारी : डॉ. सैयद



- मकतबा जामिया की बहाली के लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन शुरू करने का फैसला किया

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मकतबा जामिया सिर्फ एक व्यावसायिक संस्था नहीं है बल्कि यह उर्दू वालों की पहचान है। इसने कई पीढ़ियों के दिमागों को प्रशिक्षित किया है और जामिया मिलिया इस्लामिया की शुरुआती दौर से ही इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संभव है कि जामिया में आए नए लोगों को यह बात पता न हो, लेकिन एक समय तक जामिया मिलिया इस्लामिया को इसके बिना अधूरा माना जाता था। यह विचार उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि जामिया मिलिया इस्लामिया के अधिकारियों, खासकर कुलपति को इस मामले पर ध्यान देना चाहिए और इसे तुरंत बहाल करना चाहिए। पिछले दिनों जामिया मिलिया इस्लामिया के पूर्व कुलपति नजीब जंग और प्रोफेसर खालिद महमूद के प्रयासों से मकतबा को नया जीवन मिला था।

वर्तमान कुलपति को भी पूर्व कुलपति की तरह किताबें, स्टेशनरी व कुछ अन्य सामान मकतबा जामिया के माध्यम से खरीदने का सर्कुलर जारी करना चाहिए। नजीब जंग के इस एक फैसले ने मकतबा जामिया को खड़ा कर दिया और उन्हें उर्दू के रक्षक के रूप में प्रस्तुत किया था। वर्तमान कुलपति को भी उसी फैसले को दोबारा लागू करने की जरूरत है ताकि न सिर्फ मकतबा सुरक्षित रहे बल्कि उर्दू प्रेमियों के बीच भी इसका जिक्र होता रहे। डॉ. सैयद अहमद खान ने आगे कहा कि पूरी उर्दू दुनिया में शायद ही कोई ऐसा हो जिसने मकतबा जामिया की किताबें न पढ़ी हों। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए मकतबा जामिया की किताबें आज भी बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### जामिया मिलिया इस्लामिया के पुराने छात्रों से की अपील

डॉ. सैयद अहमद खान ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति से मकतबा को बचाने और बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की है। इस मौके पर डॉ. सैयद अहमद खान ने जामिया मिलिया इस्लामिया के पुराने छात्रों से भी अपील की है कि वे मकतबा जामिया लिमिटेड को बचाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव डालें।

जामिया के पूर्व छात्रों कंवर दानिश अली, जावेद अली खान, कमाल अख्तर, फरहत उस्मानी, अमीक जामाई, आरिफा खानम शरवानी, बदरुद्दीन कुरेशी, अब्दुल माजिद निज़ामी, डॉ. उमैर मंजर और दुनिया भर में फैले जामिया मिलिया इस्लामिया के पूर्व छात्रों से अनुरोध किया है कि उन्हें आगे बढ़ना चाहिए और उर्दू की एक संस्था को बचाना चाहिए। हमें अपने इतिहास और सभ्यता को अपनी आंखों के सामने इस तरह लुप्त होते नहीं देखना चाहिए।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

**04017/04018 आनन्द विहार टर्मिनल - शहीद कप्तान तुषार महाजन - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04017 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04018 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:00 | -- |
| 12:40 | -- | शहीद कप्तान तुषार महाजन | -- | 15:55 |

**चलने की तिथि : 04017 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक एवं **04018 शहीद कप्तान तुषार महाजन** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुज्जफरनगर, सहरानपुर, यमुनानगर जगादरी, अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।

**04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल - पटना जं. - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04094 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04093 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 14:00 | -- |
| 16:45 | -- | पटना जं. | -- | 20:00 |

**चलने की तिथि : 04094 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक एवं **04093 पटना जं.** से दिनांक 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04096/04095 आनन्द विहार ट. - अयोध्या कैंट - आनन्द विहार ट. आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) | 38 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 22:30 | -- |
| 22:00 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04096 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार एवं सोमवार) तक एवं **04095 अयोध्या कैंट** से दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बेरली एवं लखनऊ स्टेशन।

**01083/01084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी | 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01083 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01083 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 25.04.2024 एवं 30.04.2024 को एवं **01084 गोरखपुर** से दिनांक 27.04.2024 एवं 02.05.2024 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01085/01086 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी | 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01085 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01086 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को एवं **01086 गोरखपुर** से दिनांक 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**08479/08480 पुरी - नई दिल्ली - पुरी ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 08479 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08480 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:45 | पुरी | 07:45 | -- |
| 18:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 21:30 |

**चलने की तिथि : 08479 पुरी** से दिनांक 30.04, 07.05, 14.05, 21.05, 28.05, 04.06, 11.06, 18.06 एवं 25.06.2024 को एवं **08480 नई दिल्ली** से दिनांक 01.05, 08.05, 15.05, 22.05, 29.05, 05.06, 12.06, 19.06 एवं 26.06.2024 को।
**स्थान:** प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** साक्षीगोपाल, खोरधा रोड़, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल जं., मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा जं., गया, सासाराम जं, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल एवं टुंडला स्टेशन।

**04656/04655 जम्मू तवी - उदयपुर सिटी - जम्मू तवी गरीब रथ एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04656 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04655 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:20 | जम्मू तवी | 15:10 | -- |
| 07:30 | -- | उदयपुर सिटी | -- | 14:05 |

**चलने की तिथि : 04656 जम्मू तवी** से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक एवं **04655 उदयपुर सिटी** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक
**स्थान:** 3 टियर वाता., वाता. कुर्सीयान
**ठहराव:** पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, हिसार, भिवानी, रिवाड़ी, अलवर, बाँदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चन्देरिया, बेड़च, मावली एवं राणा प्रताप नगर स्टेशन।

**09424 सुल्तानपुर जं. - साबरमती स्पेशल रेलगाड़ी (अनारक्षित) | 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| साबरमती | 07:00 | -- |
| सुल्तानपुर जं. | -- | 05:00 |

**चलने की तिथि : 09424 सुल्तानपुर** से दिनांक 23.04.2024 (मंगलवार) को
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, टुंडला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई, जयपुर, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिण्डवाड़ा, आबूरोड, पालनपुर, जं., एवं महेसाना जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1204/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

शहर में कई स्थानों पर प्लांटेशन किया गया इसी के साथ-साथ पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा अन्य प्रदूषण से मुक्त बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया। कई रेड लाइट पर गाजियाबाद नगर निगम की टीम ने उपस्थित होकर रेड लाइट चालू होने पर इंजन बंद करने की अपील भी शहर वासियों से/ राहगीरों से की।

**डॉ. अनुज, उद्यान प्रभारी**

## 560 बस मतदाता कर्मियों को बूथ तक लाने और ले जाने का करेंगी काम

### 2500 बस व 3400 हल्के वाहनों का अधिग्रहण, जिलाधिकारी का आदेश



**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए भारी मात्रा में में बस,मिनी बस, जीप एवं कार के साथ-साथ मध्यम श्रेणी एवं भारी वाहनों की आवश्यकता पड़ेगी। वाहनों की आवश्यकता को पूर्ति करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-160 के अंतर्गत वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस क्रम में 2500 बसों एवं 3400 हल्के वाहनों का अधिग्रहण जिलाधिकारी के आदेश से किया गया है।

इसमें वर्तमान समय तक 240 मिनी बस, 320 बस का लॉग बुक बनाकर फ्यूल की पर्ची दी जा चुकी है। बस की आवश्यकता लगभग पूरी हो चुकी है। चुनाव में कुल 560 बस मतदान कर्मियों को बूथ तक ले जाने एवं वापस लाने के लिए लगेंगी, जिन्हें फूल मंडी फेस-2, नोएडा से रवाना किया जायेगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त अधिग्रहीत भारी वाहनों को उनके स्वामी द्वारा कल आज शाम 4 बजे तक दिया जाना है। इसके अलावा निर्वाचन में ड्यूटी जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के प्रयोग के लिए कुल 210 हल्के वाहन (जीप कार) का प्रयोग किया जाना है। पुलिस बल के प्रयोग के लिए 402 हल्के वाहन, 36 मध्यम वाहन एवं 28 भारी वाहनों का प्रयोग किया जाना है। पुलिस बल प्रयोग हेतु हल्के वाहन (जीप कार) को सीधे पुलिस लाइन में आज रिपोर्ट करना है। भारी एवं मध्यम वाहन अर्थात बसों एवं ट्रको की आवश्यकता पूरी हो गयी है। इनको ईंधन दिया जा चुका है। समस्त भारी वाहनों को (मतदान कर्मियों के प्रयोग के लिए) लगभग 7280 लीटर किलो ईंधन की पर्ची जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा जारी की जा चुकी है। विधानसभा जेवर के लिए 129 बसें, विधानसभा दादरी के लिए 201 बसें तथा विधानसभा नोएडा के लिए 230 बसें लगाई जा चुकी है।

पुलिस बल, जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट हेतु अधिग्रहीत हल्के वाहनों को आज शाम तक वाहन उपलब्ध न कराये जान पर जिलाधिकारी की अनुमति प्राप्त कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-167 के अधीन मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। अत: सभी अधिग्रहीत हल्के वाहन स्वामियों के निर्देशित किया जाता है कि समय पर अपना वाहन उपलब्ध करायें।

## मेघदूतम पार्क में उद्यानिक वेस्ट में लगी आग



- 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया काबू
- आग लगी या लगाई गई जांच जारी

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-50 स्थित मेघदूतम पार्क में पड़े उद्यानिक वेस्ट में आग लग गई। आग काफी तेज थी जिसकी लपटे देखी जा सकती है। मौके पर लोग भी सैर सपाटा करते देखे जा सकते है। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस ने आग पर काबू पाया। करीब 20 मिनट तक पानी बौछार की गई। हालांकि अब भी हल्का धुआं उठ रहा है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है। आग लगाई या स्वत: लगी। इसकी जांच की जा रही है। यहां काफी दिनों से उद्यानिक वेस्ट पड़ा था। जिसको प्रोसिसंग किया जाना था। इससे पहले आग लग गई। बताया गया कि तेज गर्मी के चलते केमिकल रिएक्शन ये भी आग लग सकती है। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर दमकल की एक गाड़ी भेजी गई थी। 20 मिनट पानी बौछार के बाद आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने तेज गर्मी से चलते आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। इसलिए एहतियात बरतनी जरुरी है।

## छत्तीसगढ़ के भिलाई की टीम ने प्राधिकरण के स्वच्छता प्रबंधन का किया निरीक्षण

- पिंक शौचालय को भिलाई में लागू करने की जताई इच्छा

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के भिलाई नगर निगम के अधिकारियों की टीम ने सोमवार को नोएडा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस टीम में संजय शर्मा, अधीक्षण अभियंता एवं हरीश ठाकुर, कंसलटेंट पीएमयू और एसयूडीए उपस्थित रहे। टीम द्वारा नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक, जन स्वास्थ्य के साथ बैठक की। इस मौके पर डीजीएम ने उन्हें प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे स्वच्छता संबंधी कार्यों व योजनाओं की जानकारी दी और परियोजनाओं का स्थल भ्रमण भी कराया।

सबसे पहले टीम द्वारा नोएडा के सीएंडडी प्लांट का भ्रमण किया गया। इस प्लांट पर नोएडा के समस्त क्षेत्र का कंस्ट्रक्शन मलबा एकत्रित कर लाया जाता है। यहां वैट प्रोसेसिंग पद्धति से मलबे से विभिन्न डस्ट, स्टोन डस्ट, स्टोन फाइन डस्ट, स्टोन कोर डस्ट, ग्रेट, ग्रेवल आदि तैयार किये जाते है जिनको पुन: इंटरलॉकिंग टाइल, कर्व स्टोन व अन्य सीमेंट कंक्रीट बनाने में प्रयोग किया जाता है। इस प्लांट के द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से को पुन: उपयोगी बनाया जाता है। उक्त के पश्चात टीम द्वारा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न टॉयलेट, पिंक टॉयलेट का निरीक्षण किया गया। नोएडा में सार्वजनिक शौचालय 103, सामुदायिक शौचालय 78, पिंक शौचालय 16 एवं यूरिनल ब्लॉक 119 संचालित किये जा रहे है। तत्पश्चात टीम द्वारा बायो मिथेनाइजेशन प्लांट का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में 3 बायो मिथेनाइजेशन प्लांट, 7 कम्पोस्ट प्लांट विभिन्न आरडब्ल्यूए और एओए के माध्यम से संचालित कराये जा रहे है जिससे वेट वेस्ट को गैस बनाने एवं खाद बनाने में प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद सेक्टर-94 स्थित आईएसटीएमएस परियोजना के अंतर्गत चौराहों पर लगाए गए कैमरों से स्वत: चालान जारी करने की प्रक्रिया एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति में इमरजेंसी कॉल बॉक्स सिस्टम के प्रयोग करने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। नोएडा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरों से कमाण्ड कंट्रोल सेन्टर में स्थित वीडियो वॉल से की जा रही निगरानी के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गई। यहां पर आईसीसीसी देखा। इस मौके पर टीम ने नोएडा के स्वच्छता और पिंक टायलेट मॉडल को भिलाई में लागू करने की इच्छा जताई।

## सार संक्षेप

### घर में आग लगने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत



**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना इलाके में एक घर में आग लगने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। फायर ब्रिगेड ने पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पति-पत्नी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने सोमवार को बताया कि घटना टीला मोड़ थाना क्षेत्र के फरुखनगर में हुई है। पुलिस को सूचना मिली कि फर्रुखनगर के एक मकान में भीषण आग लग गयी है और उसमें पति-पत्नी फंसे हुए हैं। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा फायर ब्रिगेड को बुलाया। किसी तरह से आग में फंसे पति-पत्नी को निकाल गया, लेकिन दोनों ही बुरी तरह से झुलस गए। दम्पत्ति की पहचान 57 वर्षीय इरफान व उनकी पत्नी शमा जान 55वर्ष के रूप में हुई। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर दोनों की मौत हो गई। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक-युवती घायल

**नोएडा।** होशियारपुर गांव के पास सोमवार सुबह ऑटो चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मारकर युवक और युवती को घायल कर दिया। दोनों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बजाय ऑटो चालक हादसे के बाद वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि युवती सिखा और युवक गोपाल बाइक से किसी काम से जा रहे थे। दोनों जब होशियारपुर गांव के पास पहुंचे तभी ऑटो चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक से दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ऑटो और आरोपी चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं नोएडा स्टेडियम के पास सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में अक्षय कुमार नाम का व्यक्ति घायल हो गया। एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। सेक्टर-24 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** बहनोई और उसके परिजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने सेक्टर-113 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसके बहनोई ने नशे की हालत में उसकी बहन पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। शिकायत में बरेली निवासी आशीष ने बताया कि उसकी बहन की शादी पृथला खंजरपुर गांव निवासी राकेश यादव के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उन्हें पता चला कि राकेश यादव शराब और गांजे का सेवन कर घर में झगड़ा करता है। उन्होंने कई बार उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। राकेश यादव, उसकी मां प्रेमवती और भाई आकाश यादव शिकायतकर्ता की बहन पर अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव शादी के बाद से ही बनाने लगे। इनकार करने पर शिकायतकर्ता की बहन के साथ तीनों ने मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हिबा फातिमा ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर किया नाम रोशन

**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। गोविंदपुरम एक्सटेंशन निवासी उमर खालिद की होनहार बेटी हिबा फातिमा ने हाई स्कूल में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार व मुस्लिम समाज का नाम रोशन किया है।



हिबा इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व दादी, माता-पिता व ताऊ व ताई को देती हैं। उनका कहना है कि इनके मोटिवेशन के कारण ही वह यह सफलता प्राप्त कर सकी है। हिबा फातिमा ने गणित, विज्ञान और सोशल साइंस में क्रमश: 97, 97 और 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## सपा ने नोएडा में फर्जी वोट बनाने का लगाया आरोप

- जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत
- प्रेस वार्ता में बोले फर्जी वोट डलवाने की साजिश

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में समाजवादी पार्टी ने फर्जी वोट बनाने का आरोपर लगाते हुए एक प्रेस वार्ता की। सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने इस मामले में पत्र लिखकर जिला निर्वाचन अधिकारी से जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से दादरी विधानसभा में भाग संख्या 18 और 18अ में भारी संख्या में एक से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल है। एक ही नाम की कई वोटर कार्ड संख्या शामिल है। इनमें पता भी एक है। जिसके कारण एक से अधिक वोट बन गई है। उन्होंने कहा कि उनको सूचना प्राप्त हुई है कि बीएलओ ने सही तरीके से अपने बूथ की जांच नहीं की। ये भी हो सकता है कि फर्जी वोट डलवाने की बड़ी साजिश रची जा रही है।

इसलिए गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ एवं पीठासीन अधिकारी को दोबारा से जांच करने कर निर्देश दिया जाए। साथ ही ऐसा वोट जो हर बूथ पर है वहां वोट सिर्फ एक ही बार डाली जाए। जिससे




लोकतंत्र के इस पर्व को पारदर्शी तरीके से मनाया जा सके। उन्होंने बताया कि दादरी की इस सूची में 1789 वोटों में से 104 लोगों की डबल या तीन बार वोट बनी है। अगर एक बूथ कि ऐसी स्थित है तो पूरे गौतमबुद्धनगर जिले में क्या स्थिति होगी। आपसे अनुरोध है इसकी न्यायिक जांच करवाने की कृपा करें। ताकि लोकतंत्र को बचाया जा सके। वह दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची से डुप्लीकेट नाम हटाने की कार्यवाही के बाद भी बहुत बड़ी संख्या में डुप्लीकेट मतदाता, सूची में दर्ज पाये गये हैं जो गम्भीर व चिन्ताजनक है।

प्रेस वार्ता में पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी, आम आदमी पार्टी के युवा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,सपा के पूर्व अध्यक्ष रेश पाल अवाना, उपाध्यक्ष मनोज गोयल मीडिया प्रभारी, गौरव कुमार यादव, वरिष्ठ नेता ओमपाल राणा, योगेश भाटी, कवित गुर्जर, सुमित अंबावता, रोहित यादव, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## नोएडा के स्कूलों व विश्वविद्यायल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में पृथ्वी दिवस को लेकर कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्व भारती पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आठवीं कक्षा के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, कक्षा छठी द्वारा प्रभात फेरी, बड़ी कक्षाओं के छात्रों ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता व प्लास्टिक बंद करो पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। नुक्कड़ नाटक पर एक प्रश्नोत्तरी भी रखी गई। उसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। रंग बिरंगे बैनर लेकर छात्रों ने प्रभात फेरी भी निकाली गई।




### सलाम नमस्ते में अर्थ-डे पर जीरो वेस्ट एम्बेसडर का चयन

सेक्टर-62 स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते ने अर्थ-डे पर जीरो वेस्ट एम्बेसडर की घोषणा की। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान संस्थान के 25 छात्रों को वेस्ट मैनेजमेंट कमेटी का हिस्सा बनाया गया। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आईपीसीए एवं मदरसन के संयुक्त तत्वाधान में छात्रों को भविष्य में कूड़ा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। आईएमएस के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण की रोकथाम एवं कूड़े से निजात पाने के लिए प्रयासरत है। अभी हाल ही में संस्थान परिसर में एरोबिकन मशीन लगाया गया है। जिससे संस्थान परिसर में ही गीले कचरे का खाद में बदला जा रहा है। वहीं हमने सूखे कचरे से निजात पाने के लिए आईपीसीए के साथ माई 10 केजी प्लास्टिक मुहिम की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि सतत विकास की ओर संस्थान का यह सकारात्मक पहल है, आज से हम संस्थान के छात्रों को भी इस पहल से जोड़ रहें हैं।

### एमिटी विश्वविद्यालय में 'प्लैनेट बनाम प्लास्टिक' पर वेबिनार

छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व पृथ्वी दिवस 2024 पर एमिटी में 'प्लैनेट बनाम प्लास्टिक' पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में आईआईटी बाम्बे के उर्जा विज्ञान और इंजिनियरिंग विभाग के प्रो चेतन सिंह सोलंकी ने कहा कि अधिकतर



लोग जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारण को नहीं समझ पा रहे है। अगर समस्या कम होने की बजाय बढ रही है तो यह दर्शा रहा बनाई गई नितियां कारगर नहीं है। उपकरण और तकनीक कार्य नही कर रहे। इसलिए हर व्यक्ति को समस्या के निराकरण का भाग बनना होगा।

## 'वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है'

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वीप टीम नोएडा द्वारा स्टेलर पार्क नोएडा सेक्टर-45 में वाईएसएस फाउंडेशन की सहयोग से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी जनार्दन सिंह एवं सहायक प्रभारी अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता इंदु गुर्जर की कंपोजिट विद्यालय, छिजारसी की नुक्कड़ नाटक टीम ने नुक्कड़



नाटक से पार्क में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया व मतदाता रैली निकाली। कार्यक्रम में वाईएसएस फाउंडेशन टीम के साथ स्वीप टीम के मेंबर्स के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे। गोपाल गुप्ता ने बताया कि लोकतंत्र में भागीदारी के लिए 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालें और अपने परिवारजन, पड़ोसियों, दोस्तों व सहकर्मियों को भी मतदान केंद्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। पार्क में 60+ आयु के कुछ वरिष्ठ नागरिकों के समूह से वार्तालाप करके उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया कि अपने सम्पूर्ण परिवार को मतदान के लिए लेकर जाएं। सभी लोगों ने बड़े उत्साह पूर्वक मतदान के नारे लगाते हुए रैली में भाग लिया व ये सुनिश्चित किया कि सभी मतदान अवश्य करेंगे। पहले मतदान, फिर जलपान के नारों के साथ मतदाता शपथ दिलाई एवं मतदान स्टीकर चिपकाए।

## सर्वसम्मति से टेक्निकल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को जनरेटर मार्केट, हरौला में आयोजित किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में संरक्षक मोहम्मद वारिस अली, अध्यक्ष राम अवतार सिंह, उपाध्यक्ष सोहनवीर सिंह, सचिव सुभाष त्यागी व रिजवान, महासचिव प्रमोद त्यागी व संजय, कोषाध्यक्ष वीरपाल, सह -कोषाध्यक्ष तालिब अली, प्रचार मंत्री दीपक दुबे, रिजवान, सचिन त्यागी, सह प्रचार मंत्री संदीप त्यागी व इमरान एलाइड, संगठन मंत्री कृष्ण त्यागी, हाजी राशिद अली, विनोद गोयल व वीरेंद्र कुमार को शामिल किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने नई कार्यकारिणी को धन्यवाद देते हुए उम्मीद प्रकट की कि सभी कार्यकारिणी



टीम नई ऊर्जा के साथ एसोसिएशन के हित में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन 1980 से काम कर रही है जिसका रजिस्ट्रेशन 1996 में किया गया और रजिस्ट्रेशन नंबर 222 है। राम अवतार सिंह ने कहा कि नोएडा के विकास में नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन का अहम योगदान रहा है। सरकार द्वारा बिजली की आपूर्ति 24 घंटे ना हो पाने की स्थिति में एसोसिएशन द्वारा औद्योगिक इकाइयों, इवेंट्स, रेजिडेंट्स व अन्य सभी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति किराए पर जेनरेटर उपलब्ध कराकर करती रही है। अब एसोसिएशन एनजीटी के आदेशानुसार प्रदूषण के सभी मानकों के अनुरूप संचालित कर रही है। खास बात यह है कि एसोसिएशन यूरो -4 एवं गैस में नया परचेज भी कर रही है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर नगर आयुक्त ने किया पौधारोपण

### धरा को प्रदूषण मुक्त करते हुए स्वच्छ व सुंदर बनाने का दिया संदेश

**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कवि नगर जोन अंतर्गत स्थित संत कबीर नगर पार्क में पौधारोपण किया। उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने शहरवासियों को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जन-जन को धरा को स्वच्छ और सुंदर बनाते हुए प्रदूषण मुक्त बनाए रखने की अपील भी की। इसी क्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गाजियाबाद नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा लाल बत्ती चालू, गाड़ी बंद का अभियान भी चलाया। मौके पर डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी तथा शहर के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। डॉ. अनुज ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर प्लांटेशन किया






**धरा को हरा भरा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी : विक्रमादित्य मलिक**

गया इसी के साथ-साथ पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा अन्य प्रदूषण से मुक्त बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया। कई रेड लाइट पर गाजियाबाद नगर निगम की टीम ने उपस्थित होकर रेड लाइट चालू होने पर इंजन बंद करने की अपील भी शहर वासियों से/ राहगीरों से की, नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा सफाई अभियान भी चलाया तथा स्वच्छता का संदेश दिया जिसमें से अर्थ एनजीओ द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया।

## बाइक की टक्कर से घायल महिला की मौत

**नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-19 चौकी के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मोटरसाइकिल सवार को भी हादसे के दौरान चोट आई। घायल महिला को राहगीरों ने उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेक्टर-20 थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-16 निवासी 40 वर्षीय विमला देवी रविवार देर रात पैदल ही किसी काम से सेक्टर-17 गई थीं। जब वह सेक्टर-19 चौकी के पास पहुंची तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारकर विमला को घायल कर दिया। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण महिला घटनास्थल पर ही बेहोश हो गईं। राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायल महिला को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद हादसे की जानकारी महिला के परिजनों को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक हादसे के दौरान बाइक सवार भी घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को वहां से हटाया। महिला के छोटे बेटे हिमांशु की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज हुआ है। आरोपी बाइक सवार की तलाश पुलिस की टीमें कर रही हैं। हादसा रविवार देर रात साढ़े दस के करीब हुआ था।

उवाच "

आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है।

**डॉ. सिबाराम खारा, विश्वविद्यालय वाइस चांसलर**



# मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप शत-प्रतिशत करें सुनिश्चित : जिला निर्वाचन अधिकारी



■ लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारी के साथ हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिला जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 नोएडा में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस अधिकारियों की अहम जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारियों की तैनाती विधानसभा वार की गई है इसलिए सभी का दायित्व है कि मतदान से पूर्व अपने-अपने बूथों की सभी व्यवस्थाओं का पुन: निरीक्षण कर स्पष्ट उल्लेख करें कि वहां रैंप, शौचालय, लाइट, छाया व डायरेक्शन साइन सहित निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्था है या नहीं।

किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट रूप से अंकित करें एवं निर्वाचन कार्यों में लगे वाहनों के जीपीएस ऑन रहे यह सुनिश्चित किया जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को मोक पोल, वेबकास्टिंग, पोलिंग पार्टी की रवानगी एवं जिन स्थानों से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होनी हैं उन स्थानों पर वाहनों सहित निर्वाचन अधिकारी/कर्मियों के लिए क्याध्क्या व्यवस्था हैं। रवानगी के सम्बंध में वाहनों एवं वाहन चालकों की क्या व्यवस्था हैं। इसके साथ ही जिन अधिकारियों और कर्मियों की ड्यूटी लगी हैं उनकी पूर्ण व्यवस्था है या नहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के द्वारा शत्-प्रतिशत अपने दायित्वों का निर्वहन किया जाए ताकि मतदान सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। पुलिस आयुक्त ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में कार्यकुशलता, दक्षता और सजगता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए भ्रमण कर संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जाए ताकि मतदान दिवस के दिन ऐसे मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की व्यवस्था करते हुए मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शिता ढंग से संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर शिवहरी मीणा, एडिशनल सीपी मुख्यालय बबलू कुमार, डीसीपी पुलिस राम बदन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, अपर जिला अधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह एवं समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस ऑफिसर उपस्थित रहे।

# हवन पूजन के साथ बाराही मेले का शुभारम्भ

## राजस्थान से आए कच्ची घोड़ी, बीन पार्टी व नंगाढा पार्टी के कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर में प्राचीन ऐतिहासिक बाराही मेला प्रति वर्ष की भांति इस बार भी 22 अप्रैल सोमवार से शुरू हुआ। सोमवार को सुबह हवन आचार्य सुमित शुक्ला ने संपन्न कराया। जब कि सायं 4 बजे शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान और महासचिव ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा समेत विभिन्न पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण कर बाराही मेले का विधिवत शुभारंभ किया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्राचीनकालीन बाराही मेले के सांस्कृतिक मंच पर मां सरस्वती की वंदना के साथ शुरू होंगे।

प्राचीनकालीन चौपाल पर सबसे बड़ी खाट, सबसे बड़ हुक्का, सबसे बड़ी रई, सबसे बड़ा पीढ़ा और बैलगाड़ी आदि कृषि आधारित दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। इसके साथ ही राजस्थान से आए कच्ची घोड़ी, बीन पार्टी और नंगाढा पार्टी के कलाकारों द्वारा दी गई खास प्रस्तुति ने भी ग्रामीण संस्कृति की अलग ही छठा बिखर रही है।

इस मौक पर शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने कहा कि ऐतिहासिक बाराही मेला की शुरूआत से अब पूरे क्षेत्र में ग्रामीण संस्कृति की अलग ही अलख दिखाई देगी। मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को सायं 5 बजे ऐतिहासिक प्राचीनकालीन बाराही मेला में शेख चिल्ली और रूखसाना एंड पार्टी के कलाकारों की हंसी की महफिल जमेगी। शाम को दीप प्रज्वलत के बाद बाराही मेला के रात्रिकालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर शिव मंदिर बाराही मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान, महासचिव ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा और पवन जिंदल, ज्ञानेंद्र देवधर, रवि भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री देकर किया सम्मानित







**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। जीएल बजाज इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में पीजीडीएम बैच 2021-23 के छात्रों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि एनईटीएफके चेयरमैन प्रोफेसर अनिल सहस्त्रबुद्धे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सी-डाट के चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने भाग लेकर छात्रों को संबोधित किया। दीक्षांत समाहरोह में इण्टरनेशनल कॉलेज कीर्क विश्वविद्यालय थाईलैण्ड के एसोसिएट डीन एवं डायरेक्टर प्रोफेसर जान वाल्स विशेष अतिथि रहे। जीएल बजाज शैक्षणिक संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल एवं संस्थान की निदेशिका डॉ. सपना राकेश और ग्रेटर नोएडा के शैक्षणिक संस्थानों के विद्वानों के अतिरिक्त जीएलबीआईएमआर के बोर्ड आफ गर्वनर्स एवं अकेडमिक एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य भी उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह में पीजीडीएम के छात्रों को डिप्लोमा के साथ-साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पीजीडीएम बैच 2021-23 में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रिथा चौबे, ज्योति अग्रहरी एवं स्वेता को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हेतु स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। मेडल के अतिरिक्त क्रमश: 15 हजार, 10 हजार और 5 हजार रूपए नकद पुरस्कार के रूप में भी दिए गए। पीजीडीएम के सभी स्पेशलाइजेशन के टापर्स सहित कुल 143 छात्रों सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनिल सहस्त्रबुद्धे ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों में अच्छी कार्य नैतिकता होनी चाहिए एवं अपने जीवन में सभी प्रकार के अनुशासनों का पालन करना चाहिए। डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि छात्रों को अपने व्यवसायिक जीवन में तर्कसंगत एवं सम्बन्ध परक होने की आवश्यकता है। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को इस समारोह में सम्मलित होने के लिए आभार व्यक्त किया और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है एवं जहां से भी हमें ज्ञान मिले ले लेना चाहिए।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



■ सावित्री बाई फुले बालिका इंटर कॉलेज में बाल वाटिका उद्घाटन व पृथ्वी दिवस समारोह

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सावित्री बाई फुले बालिका इण्टर कॉलेज में सोमवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा, कुलपति गौतमबुद्ध विवि व डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, डायरेक्टर, जीबीयू। मुख्य अतिथि ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैडेट्स ने पेड़ पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

गीत, नृत्य, स्लोगन व स्वच्छता अभियान में भागीदारी पर छात्राओं ने पृथ्वी को हरा भरा रखने व गंदगी मुक्त रखने का संदेश दिया। एक लघु नाटिका द्वारा ने छात्राओं ने जल बचाने व पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त रखने का संदेश दिया तथा आने वाली पीढ़ी को उपहार स्वरूप एक स्वच्छ वातावरण देने हेतु जागरूक किया। इसी के साथ कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी हेतु बाल वाटिका का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार प्रभारी उपप्रधानाचार्या प्रीति फोगाट एवं समस्त शिक्षिकाएं उपस्थिति रही।

## पौधारोपण कर धरती बचाओ जीवन बचाओ का दिया संदेश

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में एनएसएस सेल और शिबानी फाउंडेशन के साथ मिलकर विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों को पौधे दिए और विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके स्कूल विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आशुभाषण प्रतियोगिता, कोलाज मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। बच्चों को पृथ्वी दिवस मनाने के कारण को बताया। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण आदि जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाए। व्यक्तियों को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने वाली स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। लोगों को अपशिष्ट को कम करने, ऊर्जा और पानी का संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा पहल का समर्थन करने और संरक्षण प्रयासों में भाग लेने जैसे ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करें।



## नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस

**ग्रेटर नोएडा।** सिरसा स्थित ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा यूकेजी के बच्चों ने पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने हरे फलों तथा सब्जियों के परिधानों में खुद को सजाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की प्रबंध निदेशिका नूतन भाटी तथा प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने विद्यालय में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा गीत, नाटक कविता आदि के माध्यम से हरियाली बनाये रखने और पृथ्वी को बेहतर बनाने का सन्देश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशिका नूतन भाटी ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं एक स्वस्थ पृथ्वी इनका हक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने कहा कि यह आज के दौर का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है कि हम न केवल स्वयं पृथ्वी को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें बल्कि सभी को ऐसा करने के लिए प्रेरित भी करें। कार्यक्रम में सीनियर इन्चार्ज नवनीत देशवार, जूनियर इंचार्ज रचना नेगी, प्री प्राइमरी इंचार्ज अंशु बंसल सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## स्काई गार्डन सोसायटी में किया पौधारोपण



**ग्रेटर नोएडा।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के स्काई गार्डन सोसायटी में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पौधे जैसे गिलोय, गुलमोहर, अशोका व बोगेनवेलिया आदि का पौधरोपण किया गया। आधुनिक समय में मनुष्यों को उनके स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों के बीमारियों से बचाने के लिए समग्र पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बनाए रखने और बढ़ाने की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए स्काई गार्डन सोसायटी की ये पहल लोगों में पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक बेहतर स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करता है।

# गौड़ इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जारी किया मतदाता जागरूकता गीत




**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। गौड़ इंटरनेशनल स्कूल (यमुना एक्सप्रेस वे) के बच्चों ने मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक नया सॉन्ग रिलीज किया है।

'मतदाता जागरूकता गीत' शीर्षक वाला यह गीत गौड़ इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा लिखा और गाया गया है, जो मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जनता को मतदान के लिए प्रोत्साहित करेगा। लोकतंत्र का महापर्व 19 अप्रैल से शुरू हो गया है, यह गीत नागरिकों को वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

आकर्षक धुनों और ज्ञानवर्धक गीतों के माध्यम से छात्र चुनावी जिम्मेदारी और प्रत्येक वोट के महत्व के प्रभाव का संदेश दे रहे हैं।

इंजेक्शन लगने से हुई मौत का मामला

# चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे की रहने वाली एक महिला की शनिवार को इंजेक्शन लगने से मौत हो गई थी। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने एक क्लिनिक संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया था।

पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर सोमवार को पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कस्बे के प्रेमपुरी मोहल्ला निवासी ओमपाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि शनिवार को उनकी 55 वर्षीय मां दयावती के पैर में चोट लग गई थी। जिसके चलते वह घर के पास स्थित एक क्लिनिक पर अपना इलाज कराने आई थी। आरोप है कि जहां क्लिनिक संचालक ने लापरवाही बरतते हुए उनकी मां को इंजेक्शन लगा दिया। जिसके बाद मां की तबियत अचानक खराब हो गई। परिवार के लोगों ने जिनको ग्रेटर नोएडा के जिम्स से अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज से पहले ही मृत घोषित कर दिया। ओमपाल का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही की वजह से ही उनकी मां की जान गई है।

पुलिस ने मृतक महिला का पोस्टमॉर्टम भी कराया था। इस मामले में पीड़ित परिवार ने खुर्जा निवासी आरोपी क्लिनिक संचालक डॉक्टर राजकुमार के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांचकर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# स्कॉलर डे पर मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में स्कॉलर डे के अवसर पर नवीं तथा ग्यारहवीं के 285 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, सचिव, सीबीएसई, ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि विद्यार्थियों को करियर का चयन अपनी क्षमता और चाह के अनुसार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्य सहगामी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आभासी दुनिया से अलग हटकर परिवार से जुड़े रहने के लिए भी कहा।

विद्यालय अध्यक्ष कौशिक दत्ता ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ने की जरूरत है। विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या अवस्थी ने विद्याथियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता का मूलमंत्र है।

हमारा विद्यालय हमेशा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा और जेईई में सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट देता है और भविष्य में भी सर्वोत्तम परिणाम देता रहेगा।

# होम्योपैथी चिकित्सा के जनक डॉ. हैनीमैन की जयंती समारोह आयोजित



■ चिकित्सकों ने होम्योपैथी पर विचार प्रस्तुत किए

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा अंसल गोल्फ लिंक स्थित होटल ड्वेलिंग रेजीडेंसी में होम्योपैथी के जनक डॉ. सी.एफ. सेमुअल हैनीमैन का 269वां जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य स्थिति बैक्सन ग्रुप के सीएमडी प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. एसपीएस बख्शी थे। उन्होंने विश्व की दूसरे नंबर की चिकित्सा पद्धति होम्योपैथी की बढ़ती लोकप्रियता को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रोफेसर डॉ. राशिद अख्तर ने डॉ. हैनीमैन के जीवन व उनके योगदान के बारे में प्रकाश डाला। उपस्थित चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया।

इस दौरान बैक्सन होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सी.पी.शर्मा, डॉ. शिखा गोयल, डॉ. ए.के.सिंह, डा. डी.एन.यादव, पूर्व डीएचओ डॉ. बी.के.श्रीवास्तव, डॉ. काथिका चट्टोपाधाया, डा. अजय भाटी व राजकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीश अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

# नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव बहते हुए मिला

**दनकौर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के खेरली नहर में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहते हुए मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची तो नहर में करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बहते हुई जा रहा था। राहगीरों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। जिसके पास से पहचान की कोई वस्तु बरामद नहीं हुई। जिसके शव पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। आंशका व्यक्त की जा रही है कि हत्या कर शव को फेंका गया है। पुलिस का कहना है कि शव पीछे से बहता हुआ आया है। देखने में प्रतीत हो रहा है कि वह करीब चार दिन पुराना है। पुलिस का कहना है कि मृतक व्यक्ति की पहचान करने में टीम जुटी हुई है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलामजिस्ट्रेट गाजियाबाद से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 2919/अह. राजस्व-एस.डी.ओ.गाजि./2022, दिनांक 18.10.2022 के द्वारा स्व0 फूलवती देवी पत्नी थान सिंह भाटी, नि0 ग्राम मुरदगढ़ी, परगना जेवर तहसील जेवर व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 2226 | स्व0 फूलवती देवी पत्नी थान सिंह भाटी, नि0 ग्राम मुरदगढ़ी, परगना जेवर तहसील जेवर व जिला गौतमबुद्धनगर | श्यामपाल सिंह भाटी | पुत्र | 66 वर्ष |
| | | | अजय पाल | पुत्र | 64 वर्ष |
| | | | मुकेश भाटी | पुत्र | 61 वर्ष |
| | | | सरदार सिंह भाटी | पुत्र | 52 वर्ष |
| | | | विमलेश | पुत्री विवाहित | 58 वर्ष |
| | | | मिथलेश | पुत्री विवाहित | 57 वर्ष |
| | | | कमलेश देवी | पुत्री विवाहित | 49 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# मुस्लिम लीग से मंगलसूत्र और मुस्लिम आबादी तक मोदी

हर बार की तरह इस बार भी केन्द्रीय चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की है, जिसमें एक स्पष्ट नियम यह है कि किसी भी चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांगे जाएंगे। इसी तरह लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 के तहत कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनका उल्लंघन भ्रष्ट आचरण के दायरे में आता है। इस अधिनियम की धारा 123 के अनुसार, 'भ्रष्ट आचरण' वह है जिसमें एक उम्मीदवार चुनाव जीतने की अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिये कुछ इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जिसके अंतर्गत रिश्वत, अनुचित प्रभाव, झूठी जानकारी, और धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच घृणा, 'दुश्मनी की भावनाओं को बढ़ावा देना अथवा ऐसा प्रयास करना शामिल है।'

उपरोक्त दो कसौटियों पर अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए भाषण की समीक्षा की जाए, तो वे इस भ्रष्ट आचरण के आरोपी ठहराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग इस आधार पर उनके ऊपर कार्रवाई कर सकता है। गौरतलब है कि रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। जहां फिर उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर मनगढ़ंत बातें कीं और हजारों लोगों की भीड़ के बीच बड़ी सहजता से झूठ बोला। प्रधानमंत्री अपने झूठ से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश भी करते दिखे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के साल 2006 में राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में दिए भाषण से कुछ बातों को उठाया और उसे गलत संदर्भों के साथ पेश किया। मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 'पहले जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है, इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठा करके किसको बांटेंगे- जिनके ज़्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे। क्या आपकी मेहनत का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा।' मोदी यहीं नहीं रुके, आगे उन्होंने कहा, 'ये कांग्रेस का मेनिफेस्टो कह रहा है कि वो मां-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उसे बांट देंगे और उनको बांटेंगे जिनको मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। भाइयों-बहनों ये अर्बन नक्सल की सोच, मेरी मां-बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे, ये यहां तक जाएंगे।'

मोदी के भाषण के इन हिस्सों में साफ तौर पर जनता को गुमराह करने की कोशिश नजर आ रही है। डा.मनमोहन सिंह ने 2006 के अपने उस भाषण में कहा था कि 'अनुसूचित जातियों और जनजातियों को पुनर्जीवित करने की ज़रूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर ये सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों का और ख़ासकर मुसलमानों का भी उत्थान हो सके, विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला दावा होना चाहिए।'

ध्यान देने की बात है कि डा. सिंह ने अधिकार शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था, जबकि उन्होंने अंग्रेजी में 'क्लेम' शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसका हिंदी अर्थ दावा होता है। यानी यूपीए सरकार के मुखिया ने उन वर्गों का देश के संसाधनों पर दावा होने की सिफारिश की थी, जो समाज में हाशिए पर हैं। इनमें केवल मुसलमान नहीं अपितु एससी, एसटी तबका भी शामिल है। लेकिन श्री मोदी ने बड़ी चतुराई से शब्दों की हेर-फेर करके जनता के सामने झूठ परोस दिया। इसी तरह कांग्रेस के घोषणापत्र में कहीं भी यह नहीं लिखा कि वे हिंदू महिलाओं की स्वर्ण संपत्ति को ले लेंगे और मुस्लिमों में उसे बांट देंगे। कांग्रेस ने इस बार अपने घोषणापत्र को न्याय पत्र कहा है और उसमें आदिवासी न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय ऐसी श्रेणियां बनाकर उनके तहत अलग-अलग वादे किए हैं। कांग्रेस ने अपनी पिछली सरकार की सोच को ही आगे बढ़ाने का इरादा घोषणापत्र में दिखाया है। इसमें एक वर्ग की संपत्ति छीनकर उसे दूसरों के बीच बांटने की बात नहीं लिखी है और शायद कोई भी राजनैतिक दल अपने घोषणापत्र में ऐसा लिखेगा भी नहीं। मगर श्री मोदी कांग्रेस को गलत दिखाने के लिए झूठ बोलने से परहेज नहीं कर रहे हैं। इससे पहले भी वे कई बार कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग की छाप बता चुके हैं।

नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कांग्रेस के घोषणापत्र के अलावा और भी झूठ कहे हैं। जैसे मुसलमानों के ज्यादा बच्चे होने का जिक्र। जबकि आंकड़ों से विश्लेषण करने पर कुछ और तस्वीर ही दिखती है। 1951 की जनगणना में मुस्लिम आबादी 9.8प्रतिशत थी, 2001 में 13.4प्रतिशत और 2011 की आखिरी जनगणना में यह 14.2प्रतिशत थी। मुस्लिम आबादी की हर दशक में होने वाली बढ़ोत्तरी भी 32.8 प्रतिशत से गिरकर 2011 में 24.6प्रतिशत हो गई। इसी तरह हिंदुओं की आबादी में दशकीय वृद्धि भी 1991 में 22.7प्रतिशत थी, लेकिन 2011 में 16.7प्रतिशत हो गई। यानी हिंदू हों या मुसलमान, जागरुकता दोनों तबकों में आ रही है और जनसंख्या पर धीरे-धीरे काबू पाया जा रहा है। 2014 में, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ने माना था कि राष्ट्रीय प्रजनन दर गिरकर 2.2 हो गई है। हिंदू महिलाओं में यह 2.13 थी यानी पहले के मुकाबले 0.67प्रतिशत की गिरावट, और मुसलमानों में यह 2.62 थी, यानी 0.78प्रतिशत की गिरावट। इसका एक मतलब यह भी हुआ कि मुसलमानों की प्रजनन दर में हिंदुओं की तुलना में तेज गिरावट देखी गई है। फिर भी नरेन्द्र मोदी जनता के सामने मुसलमानों के ज्यादा बच्चे होने का झूठ बोल रहे हैं।

अब सवाल यह है कि श्री मोदी ऐसा झूठ क्यों बोल रहे हैं। क्यों जनता से वे अपने दस सालों के काम के आधार पर वोट नहीं मांग रहे। क्यों उन्हें बार-बार कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करना पड़ रहा है। क्यों वे प्रधानमंत्री पद के कर्तव्य को भूलकर हिंदू-मुसलमान के बीच भेद बढ़ाने वाली बातें कर रहे हैं। तो इन सबके पीछे एक ही कारण फिलहाल नजर आ रहा है कि पहले चरण के मतदान के बाद जो जमीनी खबरें सामने आ रही हैं, शायद उनसे भाजपा घबरा गई है। यह भी हो सकता है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के बिना चुनाव लड़ने में भाजपा खुद को सहज नहीं पाती। श्मशान-कब्रिस्तान और कपड़ों से पहचान की बातें करने वाले नरेन्द्र मोदी इस बार के चुनावों में मुस्लिम लीग, मांस, मछली से होते हुए अब मुसलमानों की आबादी और मंगलसूत्र तक पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री पद की गरिमा और लोकतंत्र में नैतिकता की क्रमिक गिरावट का यह उदाहरण है। इस गिरावट को रोका जा सकता था, अगर निर्वाचन आयोग सख्ती दिखाता, बेदाग चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहे।


# डगमग-डगमग होवे कुर्सी, धर्म को आगे करता है!

हैरानी की बात नहीं है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से निकला एक आम तौर पर चिंताजनक रुझान आश्चर्यजनक तरीके से चर्चा से प्राय: दूर ही बना रहा है। हमारा इशारा इस तथ्य की ओर है कि 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनाव में, मतदान का प्रतिशत कुल 65.5 फीसद के करीब रहा है, जो कि 2019 के चुनाव के मुकाबले लगभग 4 फीसद गिरावट को दिखाता है। बेशक, चुनाव आयोग द्वारा पहले चरण के मतदान के अनुपात के अंतिम आंकड़े दिए जाने का अभी इंतजार ही हो रहा है, फिर भी चूंकि उक्त कच्चे आंकड़े खुद चुनावी मशीनरी से ही निकले हैं, अंतिम आंकड़ों के मत फीसद में गिरावट के इस रुझान को नकार ही देने की संभावनाएं नहीं के बराबर हैं। याद रहे कि आम चुनाव का यह पहला चरण, करीब पौने दो महीनों में फैली समूची चुनावी प्रक्रिया का, सबसे बड़ा चरण था, जिसमें देश भर में फैले 21 राज्यों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों में, कुल 102 लोकसभा सीटों पर वोट पड़े थे। अब तक प्राप्त जानकारियों के अनुसार, इनमें से 19 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान का फीसद, 2019 के मुकाबले गिरावट पर रहा है, जो स्पष्ट रूप से इस रुझान के देशव्यापी होने का संकेत करता है। छत्तीसगढ़ तथा मेघालय ही गिरावट के इस रुझान के अपवाद रहे हैं।

इस महत्वपूर्ण रुझान के चर्चा से लगभग बाहर ही बने रहने के कारणों का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है। किसी भी तरह से क्यों न देखा जाए, यह रुझान अब की बार चार सौ पार के सत्ताधारी गठजोड़ के प्रचार-दावों की तेजी से हवा निकालता नजर आता है। आखिर, इस गिरावट से कम से कम यह स्वयंसिद्ध है कि इस चुनाव में कोई उस तरह की इकतरफा लहर तो है ही नहीं, जिसके बिना सत्ताधारी पार्टी कुल 543 सीटों में से चार सौ पार तो किसी तरह कर ही नहीं सकती है। सबसे बढ़कर इसी अंतर्निहित संकेत के चलते, मुख्यधारा के मीडिया पर अपने लगभग पूर्ण नियंत्रण के सहारे, सत्ताधारी संघ-भाजपा ने इस रुझान की चर्चा को दबा ही दिया है।

लेकिन, मतदान अनुपात में गिरावट के इस रुझान का अर्थ सिर्फ इतना ही नहीं कि अब की बार चार सौ पार के नारे, कोरे प्रचार जुमलों के सिवा और कुछ नहीं हैं, जिन्हें मनौवैज्ञानिक प्रचार युद्ध के हिस्से के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। दूसरी ओर, यह रुझान इसकी कल्पनाओं पर भी अंकुश लगाता है कि सत्ताधारी गठजोड़ के खिलाफ जन विक्षोभ की कोई ऐसी आंधी चल रही है, जो चुनाव में उसका सफाया कर देने वाली हो। कम से कम ऐसा कोई अनुमान, मत फीसद में इस गिरावट की संगति में नहीं होगा। वास्तव में सामान्य तौर पर तो मतदान के अनुपात में बढ़ोतरी को ही, किसी सत्ताविरोधी लहर की संभावना का इशारा समझा जाता है। लेकिन, मत फीसद में गिरावट को उसी प्रकार, सत्ता-समर्थक रुझान का संकेतक नहीं माना जाता है। उक्त दो अतियों के नकार के दायरे में, इस गिरावट के कहीं जटिल संकेत बनते हैं।

इन संकेतों में काफी स्थानीय भिन्नताएं भी होंगी। मिसाल के तौर तमिलनाडु में, जहां पुदुच्चेरी की एक सीट को मिलाकर, कुल 40 सीटों में से अधिकांश पर द्रमुक के नेतृत्ववाले वर्तमान सत्ताधारी मोर्चे का कब्जा है और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक में पिछले आम चुनाव के बाद के दौर में गंभीर विभाजन हो चुका है और उसके साथ गठजोड़ टूटने के बाद भाजपा, कुछ और छोटी पार्टियों को साथ लेकर, काफी पीछे तीसरा खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रही है, मत फीसद में 2019 के आम चुनाव के मुकाबले लगभग 3 फीसद की गिरावट के, चुनाव के नतीजों को एक प्रकार से तयशुदा मानने से पैदा होने वाली उत्साह और उत्सुकता की कमी का ही इशारा होने की ही संभावनाएं ज्यादा हैं। दूसरी ओर, राजस्थान में और उत्तराखंड में भी देखने को मिली 6 फीसद के करीब गिरावट, वहां 2019 में सभी सीटें जीतने वाली भाजपा के जनसमर्थन में गिरावट और इसके चलते चुनावी हवा उसके प्रतिकूल होने की संकेतक हो सकती है।



राजेंद्र शर्मा

चुनाव के इकतरफा होने की संभावनाओं में गिरावट का यह रुझान, देशव्यापी है। लेकिन, इसके साथ यह और जोड़ दें कि यह देशव्यापी रुझान सिर्फ इस पहले चरण तक ही सीमित रहे और आगे पलट जाए, इसके आसार भी कम ही हैं। 2019 और 2014 के भी चुनाव के मतदान के आंकड़ों का विश्लेषण यही दिखाता है कि पहले चरण में सामने आया रुझान, पूरे चुनाव के ही रुझान की बानगी पेश कर देता है।

बहरहाल, जैसा कि हमने शुरू में ही कहा मत फीसद में गिरावट और इसलिए, चुनाव के इकतरफा होने की संभावनाओं में गिरावट का यह रुझान, देशव्यापी है। लेकिन, इसके साथ यह और जोड़ दें कि यह देशव्यापी रुझान सिर्फ इस पहले चरण तक ही सीमित रहे और आगे पलट जाए, इसके आसार भी कम ही हैं। 2019 और 2014 के भी चुनाव के मतदान के आंकड़ों का विश्लेषण यही दिखाता है कि पहले चरण में सामने आया रुझान, पूरे चुनाव के ही रुझान की बानगी पेश कर देता है। यानी गिरावट का यह रुझान, इस बार चुनाव के शेष चरणों में भी दुहराए जाने की ही ज्यादा संभावनाएं हैं। यानी चार सौ पार के दावों को तो भूल ही जाएं, सत्तापक्ष के लिए आसार कोई बहुत अच्छे नहीं हैं बल्कि कुछ न कुछ प्रतिकूल ही लगते हैं।

इन संभावनाओं पर पर्दा डालना अपनी जगह, इसी सच्चाई के एहसास ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा को, हिंदुत्व की अपनी सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लेने की ओर, चुनाव के इस शुरूआती दौर में ही धकेल दिया लगता है। राजस्थान में बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री के चुनावी भाषण में जैसी हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक दुहाई का इस्तेमाल किया गया, वह इस बार के चुनाव में खुद नरेंद्र मोदी के अब तक के रिकार्ड को भी बहुत पीछे छोड़ देता है। बेशक, जैसाकि हमने अपनी पिछली टिप्पणी में ध्यान दिलाया था, इस बार चुनाव प्रचार की शुरूआत से ही खुद प्रधानमंत्री मोदी राम मंदिर के उद्घाटन, सनातन के नाम पर विवाद आदि के माध्यम से, खुद को हिंदू-हितैषी और उससे भी बढ़कर, अपने राजनीतिक-चुनावी विरोधियों को हिंदू-विरोधी साबित करने की कोशिशों में लगे रहे थे। इसी क्रम में कुछ नये हथियार जोड़ते हुए उन्होंने, अपने विरोधियों को हिंदुओं के पवित्र दिनों में मांस-मछली पका-खाकर, मुगलों की तरह सोच-समझकर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला साबित करने की कोशिश की थी। बहरहाल, बांसवाड़ा की चुनावी सभा का प्रधानमंत्री का भाषण तो, बदहवासी में सांप्रदायिकता के दोहन की पराकाष्ठा तक पहुंच जाने को ही दिखाता है।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के प्रमुख हिस्से में शुरूआत तो कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र का जिक्र कर, इसके दावे करने से की कि वामपंथी/ शहरी माओवादी नीतियां अपनाकर कांग्रेस, संपत्तियों का सर्वे कर, संपत्तियों के वितरण के रास्ते पर जा रही है, जो भी शुद्ध झूठ है। लेकिन, इसे फौरन उन्होंने कांग्रेस पर इसके लिए हमले में बदल दिया कि अगर वह सत्ता में आ गयी तो गरीबों की संपत्ति, महिलाओं के गले के मंगलसूत्र तक छीन लेगी। लेकिन, यहां से उन्होंने शुद्ध सांप्रदायिक प्रचार में छलांग लगाते हुए, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के एक संबोधन के संबंध में सरासर झूठे तथा तोड़-मरोड़ पर आधारित दावे करते हुए कहा कि जैसाकि सिंह ने कहा था, राष्ट्रीय संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का होगा यानी गरीबों से लूटकर संपत्ति मुसलमानों को दे दी जाएगी! लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी को इतने पर भी संतोष नहीं हुआ। और उन्होंने मुसलमानों यानी इन कथित रूप से लूट की संपत्तियों के लाभार्थियों के लिए दो सांप्रदायिक नफरत छलकाते विशेषणों का प्रयोग और किया—ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले और घुसपैठिए! यहां से आगे प्रधानमंत्री का अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत को, नरसंहार की पुकारों तक ले जाना ही बाकी रहता है, जो चुनाव के आखिरी चरणों तक पहुंचते-पहुंचते किसी न किसी रूप में सामने आ जाए, तो हैरानी की बात नहीं होगी। इसकी वजह यह है कि चुनाव आयोग ने सत्ताधारी पार्टी और उसमें भी खासतौर पर प्रधानमंत्री तथा अन्य शीर्ष नेताओं को नियम-कायदों से ऊपर रखना तय किया है, जिससे उसकी ओर से उन्हें किसी रोक-टोक की परवाह करने की जरूरत नहीं है और दूसरी ओर, चुनाव को हाथ से फिसलता देखकर, उनकी बदहवासी बढ़ती ही जाने वाली है।

चुनाव हाथ से फिसलने के मोदी एंड कंपनी के इसी एहसास, जिसे पहले चरण के मतदान के संकेतों ने और तीखा बना दिया है, का एक और संकेतक स्वयं प्रधानमंत्री का चुनाव की पूर्व-संध्या में प्रमुख मीडिया संस्थानों को घर बुला-बुलाकर इंटरव्यू देना है और इस तरह, चुनाव सभाओं से लेकर, विज्ञापनों तक तमाम माध्यमों से अपने धुंआधार प्रचार को भी अपर्याप्त मानकर, निजी तौर पर कुछ और प्रचार उसमें जोडऩा है। कहने की जरूरत नहीं है कि न सिर्फ ये इंटरव्यू पूरी तरह से पहले से तय सवालों के पहले से तय जवाब प्रसारित करने के हिसाब से तैयार किए जा रहे हैं बल्कि इन तथाकथित साक्षात्कारों के लिए संबंधित मीडिया घरानों के अनुकूल पत्रकारों का चयन भी, खुद प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा ही किया जा रहा बताया जाता है।

कहने की जरूरत नहीं है कि यह सब इसलिए भी हो रहा है कि अपनी तमाम सीमाओं और सत्ताधारी गिरोह द्वारा सामने खड़ी कर दी गयी सारी प्रतिकूलताओं के बावजूद, विपक्ष उसके सामने गंभीर चुनौती पेश कर रहा है, जिसमें इस चुनाव में विपक्षी एकता सूचकांक का काफी ऊंचा रहना भी शामिल है। इसी के एक और संकेत में, पहले चरण के मतदान के दो दिन बाद ही, रविवार को झारखंड में विपक्ष की जबर्दस्त उल-गुलान रैली हुई है, जिसमें एक बार विपक्ष ने सारी चुनौतियों के बावजूद अपनी एकता का जबर्दस्त प्रदर्शन किया है। यही सब मोदी को प्रचार के हर गुजरने वाले दिन के साथ, ज्यादा से ज्यादा बदहवास कर रहा है और वह धर्म की सांप्रदायिक दुहाई को ज्यादा से ज्यादा आगे कर रहे हैं। गीतकार ने सही कहा है—

कैसे घबराया साहिब, बात-बात पर डरता है;<br>
डगमग-डगमग होवै कुर्सी धर्म को आगे करता है!!

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# तमिलनाडु में सभी संकेत अन्नाद्रमुक और भाजपा के हार की

■ हरिहर स्वरूप

39 सीटों वाले तमिलनाडु में 19 अप्रैल को पहले चरण में ही लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए। डीएमके सुप्रीमो मुख्यमंत्री एमके स्टालिन 2019 के लोकसभा चुनावों की तरह 2024 में भी जीत हासिल करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। यह केवल स्टालिन और स्टालिन ही थे जिन्होंने पिछले कुछ हफ्तों में कठोर अभियान में द्रमुक के नेतृत्व वाले भारतीय मोर्चे का नेतृत्व किया।

30 मार्च को सुबह के 7 बजे हैं। सुबह सुहावनी है, और तमिलनाडु के सेलम में अग्रहारम में सब्जी बाजार व्यस्त है। गाड़ियों का काफिला सड़क किनारे दुकानों के पास रुकता है। काली पैंट और गुलाबी टी-शर्ट पहने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अपनी कार से बाहर निकले। सेलफोन बढ़ जाते हैं और नारे हवा में फैल जाते हैं। स्टालिन सेल्फी के लिए शोर मचाते हैं, महिलाओं के साथ बातचीत करते हैं और अपने बगल वाले व्यक्ति- टीएम सेल्वगणपति, जो सलेम लोकसभा क्षेत्र से द्रमुक के उम्मीदवार हैं, का परिचय कराते हैं। वह कहते हैं, 'उगते सूरज में उनके लिए वोट करें'।

बयानबाजी के अलावा, द्रमुक के अभियान में ऊर्जा की कमी है। पार्टी कैडर कुछ ज्यादा ही आश्वस्त नजर आ रहे हैं, क्योंकि सर्वेक्षणों में भविष्यवाणी की गई है कि उनका गठबंधन चुनाव में जीत हासिल करेगा। ऐसा लगता है कि द्रमुक ने जाति गणना भी सही कर ली है। उदाहरण के लिए, फॉरवर्ड ब्लॉक, जो प्रमुख थेवर समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है, को इसमें लाया गया है।

द्रमुक को उम्मीद है कि इंडिया ब्लॉक तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों और पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर जीत हासिल करेगा। तकनीकी रूप से, स्टालिन एआईए डीएमके के एडप्पादी के पलानीस्वामी, भाजपा के के अन्नामलाई और नाम तमिलरकाची के सेंथामिज़ानसीमान के साथ जमीन पर चतुष्कोणीय लड़ाई में हैं। लेकिन, भीड़ खींचने और जोशीले भाषण देने में वह प्रतिद्वंद्वियों से कहीं आगे हैं।

डीएमके का पूरा अभियान स्टालिन और भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनके जोरदार अभियान के इर्द-गिर्द घूमता है। द्रमुक का नारा- 'फासीवाद को नीचे लाओ; भारत बचाओ'- राज्य में गहरी जड़ें जमा चुकी भाजपाविरोधी भावनाओं को उजागर करता है। कथित तौर पर स्टालिन ने कहा, 'मोदी एक मिथक हैं और वह मिथक टूट रहा है।' 'मोदी तमिलनाडु में पिछले दो संसदीय चुनाव नहीं जीत पाये। लोगों को भरोसा है कि भाजपा, जिसने तमिलों, तमिल भाषा और तमिलनाडु को धोखा दिया है, को उखाड़ फेंका जायेगा।'

डीएमके ने लगातार स्टालिन की एक छवि बनाई है। उनकी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं (महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और 1000 रुपये का मासिक भत्ता, कॉलेज के छात्रों के लिए नकद पुरस्कार और स्कूलों में मुफ्त नाश्ता) और लगातार एक के बाद एक आने वाले संकटों से निपटने में सफलता हासिल की।

'जब बाढ़ आई, तो केंद्र सरकार हमारी मदद के लिए नहीं आई। उन्होंने हमें एक पैसा भी नहीं दिया। प्रधानमंत्री, जो अक्सर तमिलनाडु का दौरा करते हैं, तब नहीं आये जब हम संकट में थे, द्रमुक के उप महासचिव और लोकसभा सदस्य कनिमोड़ी ने कहा।

द्रमुक और उसके सहयोगियों- कांग्रेस, सीपीआई (एम), सीपीआई और द्रविड़ पार्टियों - ने एक दर्जन से अधिक मौजूदा सांसदों को मैदान में उतारा है। गठबंधन के स्टार प्रचारकों में कनिमोड़ी, अभिनेता कमल हसन और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन शामिल हैं।

अपने वन-लाइनर्स के लिए मशहूर उदयनिधि मोदी को 'मिस्टर' 29 पैसे कहते हैं- 'अगर हम केंद्र सरकार को कर के रूप में 1 रुपये का भुगतान करते हैं, तो वह बदले में राज्य को केवल 29 पैसे वापस देती है। यदि हमारे मुख्यमंत्री केवल 29 पैसे में वायदे पूरे करने में सक्षम हैं, तो कल्पना करें कि अगर उन्हें केंद्र सरकार से हमारा हक मिल जाये तो वह कितना कुछ कर सकते हैं', उदयनिधि अपने अभियान भाषणों में कहते हैं। उन्होंने लोगों को यह भी याद दिलाया कि 'वे मोदी से पुराने वायदों- दो करोड़ नौकरियों- के बारे में पूछें। प्रत्येक जन धन खाते में 15 लाख रुपये और मदुरै में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के बाले में भी'।

लेकिन बयानबाजी के अलावा, द्रमुक के अभियान में ऊर्जा की कमी है। पार्टी कैडर कुछ ज्यादा ही आश्वस्त नजर आ रहे हैं, क्योंकि सर्वेक्षणों में भविष्यवाणी की गई है कि उनका गठबंधन चुनाव में जीत हासिल करेगा। ऐसा लगता है कि द्रमुक ने जाति गणना भी सही कर ली है। उदाहरण के लिए, फॉरवर्ड ब्लॉक, जो प्रमुख थेवर समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है, को इसमें लाया गया है।

अंकगणित में द्रमुक आगे है, लेकिन अन्नाद्रमुक ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। अन्नाद्रमुक ने महीनों पहले भाजपा से नाता तोड़ लिया था, लेकिन उसके गठबंधन में अभी भी देसियामुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया और के कृष्णास्वामी की पुथियातमिलगम जैसी पार्टियां शामिल हैं। डीएमडीके पांच निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है, जबकि एसडीपीआई और पुथियातमिलगम के एक-एक सीट पर उम्मीदवार हैं।

## पावन प्रसंग

# तन और मन की गति

शरीर को निरंतर चलाने के लिए मन का ठहराव जरूरी है। शरीर कभी नहीं ठहरता। यह सोते-जागते और आराम की अवस्था में भी गतिशील रहता है। अत: ठहराव शरीर का नहीं, मन का होता है। जब मन तेज या गलत दिशा में भागता है तब ठहराव की जरूरत होती है। कहा जाता है कि जीवन चलने का नाम है, अत: चलते रहो। निरंतर आगे बढ़ना ही जीवन है,रुकना मृत्यु, लेकिन निरंतर चलते रहने के लिए रुकना भी अनिवार्य है। चलना वस्तुत: दो प्रकार का होता है। एक शरीर का चलना और दूसरा मन का। मन शरीर को चलाता है, उसे नियंत्रित करता है। आध्यात्मिक दृष्टि से उसकी गति को नियंत्रित करना भी अनिवार्य है।

चलना जीवन है, तो रुकना पुनर्जन्म। जब मन रुक जाता है, तो वह पुनर्निर्माण में सहायक होता है तथा उपयोगी सृजन का कारण बनता है। भौतिक शरीर अथवा स्थूल शरीर को निरंतर चलाने के लिए सूक्ष्म शरीर अर्थात मन का ठहराव जरूरी है। भौतिक शरीर कभी नहीं

ठहरता। सोते-जागते अथवा आराम की अवस्था में भी गतिशील रहता है। अत: ठहराव शरीर का नहीं मन का होता है।

जब मन तेज भागता है या गलत दिशा में दौड़ता है, तो ठहराव की जरूरत होती है। नकारात्मक मन शरीर की गति को बाधित करता है और उसे अनेक रोगों से भर देता है तो वहीं सकारात्तमक मन शरीर का पोषण करता है व उसकी रोगों से रक्षा कर आरोग्य प्रदान करता है। सकारात्मक मन को नहीं, बल्कि नकारात्मक मन को ठहराना है। कीचड़युक्त पानी जब स्थिर हो जाता है तो उसमें घुली मिट्टी नीचे बैठ जाती है और स्वच्छ पानी ऊपर तैरने लगता है।

मन को रोकने पर भी यही होता है। सकारात्मक उपयोगी व प्रभावी होकर पूर्णता को प्राप्त होते हैं और जीवन को एक सार्थक गति मिलती है। कार्य करता है हमारा शरीर, लेकिन उसे चलाता है हमारा मस्तिष्क और मस्तिष्क को चलाने वाला है मन। मन को उचित गति के अभाव में न तो मस्तिष्क ही सही कार्य करेगा और न ही शरीर इसलिए शरीर को सही गति प्रदान करने के लिए मन को रोकना और उसे सकारात्मकता प्रदान करना अनिवार्य है।

जब भगवान बुद्ध और अंगुलिमाल का आमाना-सामना हुआ तो दोनों तरफ से ठहरने की बात हुई। अंगुलिमाल ने कड़ककार भगावन बुद्ध से कहा-'ठहर जा' भगवान बुद्ध शांत भाव से बोले-'मैं तो ठहर गया हुं, पर तू कब ठहरेगा?' एक आश्चर्य घइटत हुआ। भगवान बुद्ध की शांत मुद्रा ने सारे परिवेश को शांत-स्थिर कर दिया। उस असीम शांति में अंगुलिमाल भई आप्लावित हो गया। वह ठहर गया और दस्युवृत्ति त्यागकर भगावन बुद्ध की शरण में आ गया। शरीर और मन की गति में अंतर होना ही सब प्रकार की समस्याओं का मूल है। शरीर और मन की गति में सामंजस्य होना अनिवार्य है। रेलगाड़ी के डिब्बे तभी अरने गंतव्य तक पहुंच पाते हैं- जब वे इंजन के साथ-साथ चलते हैं। इंजन और डिब्बों की गति समान होना तथा उनमें एक लय होना जरूरी है। इसी प्रकार शरीर और मन में भी संतुलन और लयात्मक होना अनिवार्य है। मन भागा जा रहा है, लेकिन शरीर उसका साथ नहीं दे पा रहा है, तो समस्या खड़ी हो जाएगी। इंजन भागा जा रहा है, पर उसकी गति इतनी तेज है कि डिब्बे या तो उछल रहे हैं और पटरी से उतरने की अवस्था आने वाली है या उसके बीच की कड़ी टूटने वाली है। जरूरी है इंजन की गति को नियंत्रित कर इंजन और डिब्बों के बीच की कड़ी को टूटने से बचाना है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# अपनी विरासत सहेजने की जद्दोजहद करता कालबेलिया समुदाय

भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां सबसे अधिक संख्या में धर्म, जाति और समुदाय आबाद है। कुछ समुदाय का अस्तित्व हजारों वर्ष पुरानी मानी जाती है तो कुछ ऐसे भी समुदाय हैं जो इतने पुराने हैं कि उनके मूल अस्तित्व का कोई प्रमाण भी मौजूद नहीं है। कुछ समुदाय ऐसे भी हैं जिनकी उत्पत्ति 11वीं या 12वीं सदी की मानी जाती है। हालांकि इस आधुनिक काल में इनमें से बहुत सारे समुदाय ऐसे हैं जिन्होंने अपनी संस्कृति और विरासत को आज भी मूल स्वरूप में बचा कर रखा है। यह समुदाय आधुनिक चिकित्सा से कहीं अधिक अपने देसी इलाज पर न केवल विश्वास करता है बल्कि उसे अपनाता भी है. हालांकि उनकी चिकित्सा विधि किसी वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित नहीं होती है। ऐसे में उसे प्रमाणित और सटीक नहीं माना जा सकता है लेकिन यह समुदाय वर्षों से उस विधि को अपनाता आ रहा है। इन्हीं में एक राजस्थान का कालबेलिया समुदाय भी है जो पीढ़ी दर पीढ़ी देसी विधि से आंखों में लगाने वाला सुरमा (काजल) तैयार करता आ रहा है।

घूम-घूम कर सांप पकड़ने के लिए विश्व विख्यात कालबेलिया समुदाय को सपेरा, जोगी अथवा घुमंतू समुदाय भी कहा जाता है। यह अपने नृत्य और संगीत के लिए भी विशेष पहचान रखता है। यह समुदाय अपनी उत्पत्ति 12वीं सदी में गुरु गोरखनाथ के शिष्य से जोड़ कर देखता है। अधिकतर कालबेलिया समुदाय खानाबदोश जीवन बिताते हैं। सरकार की ओर से इसे अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। खानाबदोश जीवन गुज़ारने के कारण ही अक्सर यह अपना अस्थायी आवास गांवों के बाहरी हिस्सों में बसाते हैं। पीढ़ियों से चले आ रहे इस क्रम के कारण इन्हें स्थानीय वनस्पति और जीव-जंतुओं की ख़ासी जानकारी हो जाती है। इसी ज्ञान के आधार पर वे कई तरह के आयुर्वेदिक उपचार के भी जानकार हो जाते हैं। हालांकि पहले की अपेक्षा अब यह समुदाय एक जगह स्थायी निवास बना कर रहने लगा है। लेकिन इनमें से अधिकतर के पास पैतृक संपत्ति नहीं होती है।

कालबेलिया जनजाति की सर्वाधिक आबादी राजस्थान के पाली जिले में है। अजमेर जिला और इसके आसपास के गांवों में भी इनकी बड़ी संख्या में आबादी पाई जाती है। जिला के गुघरा पंचायत स्थित नाचण बावड़ी गांव में इस समुदाय की बड़ी संख्या आबाद है। नाचण बावड़ी में आबाद कालबेलिया समुदाय में बिदाम देवी सबसे अधिक उम्र वाले कुछ सदस्यों में एक हैं। उनके पति की 15 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। उनके दोनों बेटों की भी कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। दोनों की विधवा पत्नी अपने बच्चों के साथ बिदाम देवी के साथ रहती हैं। बिदाम देवी को जहां प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलती है वहीं उनकी बहुओं को भी सरकार की ओर से दी जाने वाली विधवा पेंशन का लाभ मिलता है। फिलहाल घर में कमाने वाला उनका सबसे बड़ा पोता अनिल है जो कालबेलिया समुदाय के सांप पकड़ने के पारंपरिक काम की जगह पेंटर का काम करता है। बिदाम देवी कहती हैं कि -पहले की अपेक्षा अब नई पीढ़ी सांप पकड़ने या गांव-गांव जाकर सांप का खेल दिखाने की जगह व्यापार, मज़दूरी, मार्बल फैक्ट्रियों में लेबर वर्क और गाड़ी चलाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने लगी है। इसके अतिरिक्त नई पीढ़ी में शिक्षा प्राप्त करने के प्रति भी जागरूकता बढ़ी है। समाज के ज़्यादातर बच्चे स्थानीय स्कूलों में जाने लगे हैं।' हालांकि बालिका शिक्षा के प्रति अभी भी इस समाज में बहुत अधिक जागरूकता नहीं आई है। समाज की अधिकतर लड़कियां अभी भी दसवीं तक नहीं पहुंच सकी हैं जो एक चिंता का विषय है।

**घनश्याम सादावत, अजमेर राजस्थान**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## न्यूजीलैंड का इथियोपिया, सोमालिया को मानवीय सहायता

**वेलिंगटन,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इथियोपिया और सोमालिया में गंभीर खाद्य असुरक्षा और अन्य तत्काल मानवीय जरूरतों से प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए न्यूजीलैंड 70 लाख न्यूजीलैंड डॉलर (41.4 लाख अमेरिकी डॉलर) का योगदान दे रहा है। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड संघर्ष के साथ-साथ जलवायु संबंधी प्रभावों और बीमारी के प्रकोप सहित अन्य अतिव्यापी संकटों से प्रभावित दोनों इथोपिया और सोमालिया दोनों देशों के लोगों को लेकर काफी चिंतित है।



# चीनी रक्षा तकनीक की खुली पोल



■ चीन की सहायता से बनाई गई थी ईरान की सबसे बड़ी मिसाइल फैक्ट्री
■ 50 फीसदी ईरानी मिसाइल लॉन्च व लक्ष्य तक पहुंचने में रही विफल

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। 13 अप्रैल को ईरान ने इजरायल पर बड़ा हमला किया। ईरान और इजरायल के बीच जारी हमले और तनातनी के बीच दशकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की भार झेल रहे ईरान को सशक्त बनाने और क्षेत्र में संघर्ष भड़काने में चीन की भूमिका अब सवालों के घेरे में आ गई है। इसके साथ ही चीन की रक्षा तकनीक की भी पोल खुल गई है। दुनिया को पता चल गया है कि चीन की रक्षा तकनीक कितनी फिसड्डी है। दरअसल, ईरान पर लगे प्रतिबंध के बाद भी उसे मिसाइल तकनीक साझा कर चीन ने उसे सशक्त बनाने की कोशिश की। चीन ने 1994-95 में ईरान को मिसाइल तकनीक में बेहतर बनाने के लिए कई तरह की सुविधा मुहैया कराई, उसे तकनीक और साथ ही इससे जुड़े उपकरण भी मुहैया कराए।

मिसाइल को दिशा देने के लिए साथ ही इसके निर्माण और परीक्षण के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे जाइरोस्कोप, एक्सेलेरोमीटर और परीक्षण उपकरण तक चीन ने ईरान के रक्षा उद्योग संगठन को बेचे। जिसके जरिए ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता को बढ़ाने के साथ ही स्वदेशी उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाया। एस्फहान के पास स्थित ईरान की सबसे बड़ी मिसाइल फैक्ट्री चीन की सहायता से बनाई गई थी। यही नहीं चीन ने तेहरान के पूर्व में एक बैलिस्टिक मिसाइल संयंत्र और परीक्षण रेंज बनाने में भी ईरान की मदद की। ऐसे में ईरानी मिसाइलों के नई रेंज में सीधे तौर पर चीनी तकनीक का प्रभाव नजर आने लगा है। अब ईरान द्वारा इजराइल पर हमले के दौरान जो रिपोर्ट्स आई उसकी मानें तो लगभग 50 फीसदी ईरानी मिसाइल लॉन्च होने और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रही। जिसने ईरान को दिए गए चीनी मिसाइल तकनीक की पोल खोल दी और चीन की रक्षा तकनीक भी सवालों के घेरे में आ गई है। एक रिपोर्ट की मानें तो ईरान ने इजरायल के खिलाफ 170 ड्रोनों से 13 अप्रैल को हमला किया और इजरायल ने सभी को रोक दिया। इन 120 में से 108 बैलिस्टिक मिसाइल थे, जिनको प्रभावहीन कर दिया गया। इसके साथ ही 30 क्रूज मिसाइलों को भी इजरायल द्वारा रोक दिया गया। ऐसे में ईरान की यह विफलता उन देशों के लिए चेतावनी है जो चीनी रक्षा आयात पर भरोसा करते हैं। द स्ट्रैटेजिक स्टडीज इंस्टीट्यूट के अध्ययन की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में चीन से ईरान ने हथियारों का आयात कम कर दिया है और इसकी सबसे बड़ी वजह चीनी हथियारों की गुणवत्ता में कमी है। ईरान ही नहीं चीनी सैन्य उपकरणों की कमियों को पाकिस्तान, नाइजीरिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे कई और देशों ने भी अनुभव किया है। ऐसे में अब ये देश भी अपनी सैन्य जरूरतों के लिए चीन पर निर्भरता कम कर रहे हैं।

अब तक चीन जे-6 फाइटर्स, टी-5 टैंक, टी-59 टैंक, एफ-6 फाइटर्स, एंटी-टैंक गन, टी-69 टैंक, एचवाई-2 'रेशमकीट' एंटी-शिप मिसाइल, सी-801 एंटी-शिप मिसाइल, एम-7 कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (300-500 किमी), एफ-7 फाइटर्स, हौडोंग मिसाइल बोट, सी-701 एंटी-शिप मिसाइल, नस्र-1 (सी- 704) और शहीद ड्रोन जैसे रक्षा उपकरण ईरान को सप्लाई करता रहा है। चीन हमास जैसे आतंकी संगठनों को सहायता प्रदान करने के लिए जाना जाता है। हमास द्वारा इस्तेमाल किए गए एम-302 रॉकेट इसी चीन द्वारा डिजाइन किए गए थे और सीरिया में निर्मित किए गए थे। हौथी विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में इस्तेमाल की गई मिसाइलों का भी चीनी लिंक है।

## कुवैत में भारत दूतावास ने की हिंदी रेडियो प्रसारण की सराहना



■ हिंदी भाषी समुदाय को प्रभावित करने की उम्मीद

**कुवैत,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कुवैत में भारतीय दूतावास ने सोमवार को कुवैत रेडियो पर हिंदी रेडियो कार्यक्रम शुरू करने के लिए सूचना मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को रात 8:30 से 9:00 बजे तक प्रसारित होगा, एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर प्रसारित होगा। सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा कि कुवैत में पहले हिंदी रेडियो प्रसारण की शुरुआत। भारतीय दूतावास प्रत्येक रविवार (8.30-9 बजे) एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर कुवैत रेडियो पर एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैत रेडियो की सराहना करता है। कुवैत रेडियो पर हिंदी कार्यक्रम की शुरूआत से कुवैत में भारतीय प्रवासियों और हिंदी भाषी समुदाय को प्रभावित करने की उम्मीद है, जिससे उन्हें अपनी भाषा, संस्कृति और विरासत से जुड़ने के लिए एक मंच मिलेगा। भारतीय दूतावास ने इस पहल के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए कुवैत राज्य के सूचना मंत्रालय की सराहना की। यह घटनाक्रम भारत और कुवैत के बीच गहरी दोस्ती और आपसी सम्मान को रेखांकित करता है।

## सुडोकू 6533

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | 3 | | |
| | | | | 1 | 3 | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | 7 | |
| | | 5 | 4 | | | | | 7 |
| 4 | 1 | | 7 | | 6 | | 3 | 5 |
| 3 | | | | | 5 | 6 | | |
| | 9 | 6 | | | | 7 | | |
| | 5 | | 8 | 9 | | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 23 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आपको शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा। घर का वातावरण आनंददायी रहेगा। आर्थिक लाभ के साथ-साथ व्यवसाय और नौकरी में संतोष का अनुभव करेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

वृषभ - आज आकस्मिक खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थियों का पढ़ने-लिखने में ध्यान रहेगा। दोपहर के बाद घर-परिवार के लोगों के साथ आनंददायक समय गुजरेगा। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन - आज आपको जमीन, मकान या वाहन आदि के कामकाज में बहुत सावधानी बरतना होगी। परिजनों के साथ बिना कारण तनाव बढ़ेगा। संतान के विषय में आपको चिंता होगी। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में बाधा आएगी।

कर्क - आज का दिन आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए अच्छा है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखेगा। आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशीलता का अनुभव करेंगे।

सिंह - आज आप मधुरवाणी से किसी काम को आसानी से सफल बना पाएंगे। परिवार के लोगों के साथ आनंद से समय बिताएंगे। दोपहर के बाद भी किसी काम में बिना सोचे समझे निर्णय ना लें। आपको अपनों से लाभ होगा।

कन्या - आज का आपका दिन शुभ फलदायी है। अपनी वाणी से आप लाभदायी और प्रेम भरे सम्बंध स्थापित कर सकेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि अन्य जनों को प्रभावित कर सकेगी। व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी होगा।

तुला - आकस्मिक खर्च हो सकता है, इसमें आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता के कारण मित्रों के साथ विवाद होने की आशंका बनी रहेगी।

वृश्चिक - आप को अनेक क्षेत्र में लाभ और यश प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए योग अच्छा है। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। परिजनों या दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाने का अवसर मिलेगा।

धनु - आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ भी होगा।

मकर - आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। किसी दोस्त या रिश्तेदार से मिले अच्छे समाचार से आपका मन प्रफुल्लित होगा। धार्मिक यात्रा की संभावना है।

कुंभ - आज मन पर किसी बात की खुशी बनी रहेगी। लोगों से गुस्से में बात ना करें। परिजनों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। दोपहर के बाद स्वजनों तथा मित्रों के साथ आप का समय अच्छा गुजार सकेंगे।

मीन - आज का दिन दैनिक कामों में आपको शांति देगा। किसी मनोरंजक स्थल पर मित्रों या परिजनों के साथ जाना हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ व्यवहार अच्छा रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूरोपीय संसद के पूर्ण सत्र की शुरुआत

■ एजेंडे में 40 से अधिक विषय होंगे शामिल



**ब्रूसेल्स,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। यूरोपीय संसद का चार दिवसीय पूर्ण सत्र सोमवार को शुरू हो गया है, जिसमें सांसदों के एजेंडे में 40 से अधिक विषय होंगे। सत्र में ईरान का इजरायल पर हमला और गाजा पर इजरायली हमले जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को बहस में शामिल किया गया है। इसके साथ ही रूस के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे पर प्रस्ताव और ऊर्जा चार्टर संधि से यूरोपीय संघ की वापसी पर मतदान हो सकता है। अन्य मुद्दों में नव स्थापित यूक्रेन सुविधा के माध्यम से 4.8 अरब यूरो (5.12 अरब अमेरकी डॉलर) की नयी सुविधा को मंजूरी देकर यूक्रेन को और अधिक समर्थन प्रदान करना तथा यूक्रेनी कृषि आयात पर कोटा एवं आयात शुल्क के निलंबन सहित यूक्रेन के लिए नए सिरे से व्यापार समर्थन को 'अंतिम मंजूरी' देना शामिल है। अन्य घरेलू मुद्दों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए पहले यूरोपीय संघ कानून को अपनाना और साइबर एकजुटता अधिनियम के माध्यम से यूरोपीय संघ के सहयोग को मजबूत करने की योजना शामिल है।

# इराक व तुर्की 20 से अधिक समझौतों पर करेंगे हस्ताक्षर

■ इराकी क्षेत्र में 'पीकेके' की गतिविधियों पर चर्चा होने की उम्मीद




**अंकारा,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सूडानी और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के सोमवार को इराक यात्रा के दौरान 20 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर करने की संभावना है।

अल-अवदी ने कहा कि हमने जल संसाधनों, जल की कमी के संकट, जल निवेश से संबंधित एक महत्वपूर्ण रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, कुल मिलाकर 20 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नेता सुरक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे, विशेष रूप से इराक में तुर्की बलों की उपस्थिति और इराकी क्षेत्र में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) की गतिविधियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। तुर्की अखबार हुर्रियत ने रविवार को बताया कि तुर्की और इराक को एर्दोगन की यात्रा के दौरान पीकेके से लड़ने के लिए संयुक्त संचालन केंद्र की स्थापना पर एक समझौते को अंतिम रूप दिए जाने और तुर्की-इराकी सीमा पर एक सुरक्षा क्षेत्र के निर्माण पर सहमति बनने की उम्मीद थी।

## इराक से अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागे गए रॉकेट

**बगदाद,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इराक से पड़ोसी देश सीरिया में रविवार को अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर पांच रॉकेट दागे गए। एक सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर सिन्हुआ से कहा कि अज्ञात लड़ाकों ने मोसुल से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जुम्मर शहर के पास एक गांव से सीरियाई क्षेत्रों की ओर रॉकेट दागे थे। बाद में इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध सुरक्षा मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि इराकी सुरक्षा बलों ने मोसुल के पश्चिम में उन गैरकानूनी हमलावरों के लिए तलाशी अभियान शुरू किया जिन्होंने सीरिया में अमेरिकी गठबंधन बलों पर रविवार रात स्थानीय समयानुसार 09.50 बजे राकेट दागा था।



बयान के अनुसार, सुरक्षा बलों ने एक वाहन पर रॉकेट लांचर पाया और उसे जला दिया, जबकि सैनिकों द्वारा हमलावरों को गिरफ्तार करने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए खोज जारी है।

## वर्ग पहेली 6533

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५४ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. पतली कमर वाली
४. हारा हुआ
६. कमल
७. शाही दरबार या अदालत, आस्थान मंडप, राजा या बादशाह की बैठक, पुलिस-सिपाहियों का उप-नायक, वह पुस्तक जिसमें गलजें संगृहीत हो (उर्दू)
८. घोर युद्ध, भयानक मारकाट
१०. धोखा, छल, बनावटी व्यवहार
११. आसानी
१३. पाठ, अध्याय, सीख (उर्दू)
१४. पेशगी, आगामी
१५. पूजा, अर्चना
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. दोस्ती
२१. कमल
२२. पैरों की धूल
२४. अपने नाम के अनुरूप

**ऊपर से नीचे:-**

१. परिवर्तित (उर्दू)
२. दृष्टिगत (उर्दू)
३. विशिष्ट ढंग या दृष्टिकोण से सोचने की आदत
४. पानी भरने का घाट
५. जानने की इच्छा
९. पदचिह्न (उर्दू)
११. आश्रय, आलंब, टेक
१२. शर्माना
१३. काल, अवसर
१४. किसी और जगह, दूसरी जगह
१५. जोड़ना, इकट्ठा करना, प्रबंध, तैयारी
१६. अर्जुन
१८. सेवा, सुश्रुषा, हिफाजत (उर्दू)
१९. मेल होना, मुलाकात होना
२०. गर्मी, उष्णता
२३. विश्व, दुनिया, संसार

### वर्ग पहेली-6532

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ प | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | द्धा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | टि | ■ | ९ सा | घ | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | र्झ | ■ | फ्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० आ | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २३ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1564- कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर का जन्म।
1660- स्वीडन और पोलैंड के बीच ओलिवा संधि पर सहमति बनी।
1908 - डेनमार्क, जर्मनी,ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन के बीच उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
1935 - यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधान अपनाया।
1968 - मशहूर गजल गायक बड़े गुलाम अली खान का निधन।
1981 - सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1984 - वैज्ञानिकों ने एड्स वायरस का पता लगाया।
1987 - उच्चतम न्यायालय ने विधवाओं को संपत्ति में हिस्से का निर्णय दिया।
1992 - भारत के सर्वोत्तम फिल्म निर्देशकों में से एक सत्यजित राय का निधन।
1995 - विश्व पुस्तक दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
2000 - बहमिन की खाड़ी में वायुसेना की उड़ान 72 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 124 लोगों की मौत।
2005 - यू ट्यूब पर पहली बार वीडियो अपलोड किया गया।
2007 - रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन।
2014 - लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में हुई एक भीषण ट्रेन दुर्घटना में 60 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए।
2020 - सुप्रसिद्ध भारतीय रंगमंच की अभिनेत्री और निर्देशक उषा गांगुली का निधन।

# इजराइली खुफिया प्रमुख ने दिया इस्तीफा



■ हमास द्वारा इजराइल पर हुए हमले को रोकने में रहे थे विफल

**यरुशलम,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। इज़राइली सैन्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख अहरोन हलीवा ने पिछले साल सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास के हमले को रोकने में विफल रहने के कारण सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने एक्स पर कहा कि जनरल स्टाफ के प्रमुख हेर्जी हलेवी के समन्वय में, खुफिया निदेशालय के प्रमुख एमजी अहरोन हलीवा ने आज इस्तीफा दे दिया है। वे खुफिया निदेशालय के प्रमुख के रूप में सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजरायल पर हुए हमले को रोकने में विफल रहे थे। सैन्य खुफिया प्रमुख हलीवा हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजरायली अधिकारी हैं।

गौरतलब है कि सात अप्रैल को मिस्र की राजधानी काहिरा में इजरायल-हमास वार्ता का एक नया दौर शुरू हुआ। वार्ता में युद्धविराम प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा अपनाई गई तीन-चरणबद्ध योजना के प्रथम चरण में 900 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 40 इजरायली बंधकों की रिहाई का प्रावधान किया गया था। हमास ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि वह क्षेत्र में संघर्ष को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए अपनी योजना पेश करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। हमास के इस हमले में लगभग 1,200 इजरायल के नागरिक मारे गए और हमास लड़ाकों ने करीब 240 लोगों का बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। इजरायल ने हमास लड़ाकों का खात्मा करने और बंधकों को सुरक्षित बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी।

## मालदीव में पीपुल्स नेशनल कांग्रेस की जीत



**माले,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 93 में से 71 सीटें हासिल कर निर्णायक जीत हासिल कर ली हैं। स्थानीय मीडिया ने इस जीत को पर्यटन पर निर्भर राष्ट्र मालदीव में चीन-अनुकूल नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण राजनीतिक जनादेश करार दिया है।

मुइज्जू पिछले साल भारत विरोधी एजेंडे की वकालत करते हुए सत्ता में आए थे। जनवरी में उनकी चीन की राजकीय यात्रा और आर्थिक, व्यापार और बुनियादी ढांचे के मामलों पर आगामी समझौतों ने चीन के साथ संबंधों को और मजबूत किया है। दो एशियाई दिग्गजों चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है।


कूटनीति | पाकिस्तान को कश्मीर के मुद्दे पर नहीं मिला ईरान का समर्थन

# ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर पर टिप्पणी करने से किया परहेज

**इस्लामाबाद, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन सोमवार को यहां मेजबान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कश्मीर मुद्दा उठाने की कोशिश को विफल कर दिया। संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान अपना प्रारंभिक वक्तव्य देते हुए शरीफ ने इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच कश्मीर विवाद पर पाकिस्तान का पक्ष लेने के लिए ईरानी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।शरीफ ने कहा कि हम कश्मीर मुद्दे पर समर्थन के लिए ईरान के आभारी हैं।**

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने आपसी हित और क्षेत्रीय चिंता के मामलों को चिह्नित किया है और उन पर सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है। हालांकि, ईरानी राष्ट्रपति ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया और इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बारे में बात करने पर ध्यान केंद्रित किया। प्रधानमंत्री आवास पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने प्रारंभिक वक्तव्य के दौरान उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कैसे संयुक्त राष्ट्र अपने कर्तव्य का पालन करने और गाजा में इजरायल द्वारा निर्दोष फिलिस्तीनियों के चल रहे नरसंहार को रोकने में विफल रहा है।

ईरानी राष्ट्रपति की टिप्पणियों को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर कश्मीर विवाद पर समर्थन जुटाने के बार-बार के प्रयासों के मामले में इस्लामाबाद की स्पष्ट उपेक्षा के रूप में देखा जा रहा है।



■ दोनों पक्ष व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर हुए सहमत

राजनीतिक विश्लेषक अब्दुल्ला मोमंद ने कहा कि पाकिस्तान को ईरान और भारत के बीच संबंधों के बारे में बेहतर पता होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री को प्रेस वार्ता के दौरान कश्मीर का उल्लेख करने में सावधानी बरतनी चाहिए थी, यह जानते हुए कि ईरान का मुख्य ध्यान इज़रायल के साथ अपने मौजूदा संघर्ष पर है। उन्होंने कहा कि कश्मीर मुद्दा और समर्थन जुटाने के लिए पाकिस्तान के कूटनीतिक प्रयास इतने मजबूत नहीं हैं कि किसी देश के रईसी के स्तर के सर्वोच्च नेता से समर्थन में एक बयान मिल सके। यह देखना काफी शर्मनाक था कि हमारे प्रधानमंत्री ने कश्मीर विवाद पर सहायक रुख के लिए ईरानी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया, एक ऐसा रुख जिसकी रईसी द्वारा न तो पहल की गई थी और न ही उस पर प्रतिक्रिया दी गई।

हालांकि, दोनों पक्ष व्यापार को कम से कम 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत हुए। रईसी ने कहा कि हम संबंधों को उच्च स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईरान और पाकिस्तान के बीच व्यापार की मात्रा स्वीकार्य नहीं है। हमने पहले कदम के रूप में अपने द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

## दुनिया को जानें

# एमडीएच व एवरेस्ट मसालों में कैंसर पैदा करने वाले तत्व

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य नियामकों ने लोगों को दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार प्रोडक्ट - एमडीएच के तीन और एवरेस्ट के एक-का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी है। इसमें इथिलीन ऑक्साइड की मात्रा काफी अधिक है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है।

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है। 5 अप्रैल को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाला प्रोडक्ट - मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर के अलावा एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है। एमडीएच और एवरेस्ट फूड्स दोनों ने अभी तक खाद्य नियामकों के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा कि परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड था।

# प्रादेशिकी

## हमले में घायल बिटिया के परिजनों से मिले जयराम ठाकुर

**पालनपुर/सुलह।** हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बिटिया के साथ हुई यह घटना दु:खद है। इस घटना से मन बहुत व्यथित है। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि बिटिया को शीघ्र से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। नेता प्रतिपक्ष सोमवार को घायल बेटी के निवास स्थान सोलन, पालमपुर पहुंचकर परिवारजनों से मिलकर उन्हें हिम्मत दी और उपचार कर रहे डॉक्टर्स से बात इलाज के बारे में जानकारी ली और आगे के इलाज में किसी प्रकार की समस्या न होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह परिजनों के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन बेटी का स्वास्थ्य पहले से बेहतर है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने हाल ही में अपराधियों की शिकार हुई युवती के घर पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सुलह विधानसभा क्षेत्र के नलोह गये। जहां हाल ही में एक महिला की हत्या कर लाश को जंगल में फेंक दिया गया था।

# केदारनाथ यात्रा की तैयारियों को पहुंचा मंदिर समिति का दल

### मंदिरों में रंग रोगन व अन्य सुविधाओं की तैयारी

**रुद्रप्रयाग,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। बदरी केदार मंदिर समिति का 24 सदस्यीय एडवांस दल केदारनाथ पहुंच गया है। एडवांस दल आगामी 10 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं में जुट जाएगा। मंदिर समिति के उच्चाधिकारियों ने 24 सदस्यीय एडवांस दल को 10 मई से पूर्व सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए है। एडवांस दल भगवान केदारनाथ के मुख्य मंदिर सहित सहायक मंदिरों में रंग-रोगन, अतिथि गृह, प्रधान पुजारी आवास का रख- रखाव, पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुचारू और मंदिर परिसर से बर्फ हटाने का कार्य किया जाएगा।

बीकेटीसी कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि अवर अभियंता विपिन कुमार के नेतृत्व में केदारनाथ पहुंचे एडवांस दल में टोली नायक- 1,भण्डारी- 1, विधुतकर्मी- 2, वर्क सुपरवाइजर-1, वेल्डर- 4, मजदूर- 9, कारीगर 1, स्वयंसेवक- 2 तथा सफाई कर्मचारी-2 शामिल हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्वाण ने बताया कि एडवास दल द्वारा 10 मई को भगवान केदारनाथ के कपाट खुलने से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बदरी-केदार के लिए 6975 श्रद्धालुओं ने 1 करोड़ 20 लाख से अधिक की ऑनलाइन पूजाएं बुक कराई हैं।

बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में ऑन लाइन पूजाओं को लेकर श्रद्धालुओं मे उत्साह देखने को मिल रहा है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की अधिकारिक वेबसाइट पर 15 अप्रैल से 22 अप्रैल तक एक सप्ताह में 6981श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पूजाए बुक कराई हैं, जिसमें से 4735 श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम हेतु तथा 2246 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के लिए ऑनलाइन पूजाएं बुक कराई है। उल्लेखनीय है कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मंदिर समिति में ई-आफिस तथा ऑनलाइन सेवाओं को अपनाए जाने पर जोर दिया है। वेबसाइट सहित पूजा काउंटरों को आधुनिक बनाया गया है।

बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों धामों हेतु ऑनलाइन पूजा बुकिंग से 12003725 ( एक करोड़ बीस लाख तीन हजार सात सौ पच्चीस रुपए) की धन राशि मंदिर समिति को प्राप्त हो गई है। बदरीनाथ धाम के लिए 82, 58920 (बयासी लाख अठावन हजार नौ सौ बीस रुपए) तथा केदारनाथ धाम हेतु 37,44805 (सैंतीस लाख चवालीस हजार आठ सौ पांच रुपए) ऑनलाइन पूजाओं की बुकिंग धनराशि प्राप्त हुई |बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ। हरीश गौड़ के मुताबिक ऑनलाइन पूजाओं तथा बदरीनाथ-केदारनाथ यात्रा के विषय में तीर्थयात्री लगातार मंदिर समिति कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।



### सीएस ने केदारनाथ धाम पहुंचकर पुनर्निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**सजने लगा बाबा का धाम**

**देहरादून।** एक दिवसीय केदारनाथ भ्रमण पर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड राधा रतूड़ी, पर्यटन विभाग उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे करीब 9:30 बजे हेलिकॉप्टर से हैलीपैड पर पहुचें। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीकेटीसी योगेंद्र सिंह, ने उनका स्वागत किया। हैलीपैड से उतरते ही उन्होंने केदारनाथ घाटी की जानकारी लेना शुरू कर दिया। उन्होंने जिलाधिकारी एवं लोनिवि के अधिकारियों से वर्तमान में गतिमान पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली।

मुख्य सचिव उत्तराखण्ड राधा रतूड़ी ने सोमवार को श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अस्था पथ, गेस्ट हाउस, मंदाकिनी- सरस्वती घाट, म्यूजियम, केदारनाथ मंदिर परिसर, शिव उद्यान, हॉस्पिटल सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए तय डेडलाइन से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। केदारनाथ मंदिर परिसर के समाने बन रहे भवनों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने संबंधित एजेंसियों एवं जिलाधिकारी से भवनों का उद्देश्य पूछा।

# कांग्रेस की वादाखिलाफी के प्रति आक्रोश : अनुराग

**शिमला,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर वोट मांगती है वहीं भारतीय जनता पार्टी विकास, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ऊपर वोट मांगती है। कांग्रेस की संस्कृति तोड़ने की है, जबकि हमारी संस्कृति जोड़ने की है। कांग्रेस ने ना सिर्फ़ बाबा साहेब को प्रताड़ित किया, अपमानित किया बल्कि उन्हें राजनैतिक रूप से ख़त्म करने का काम किया।

ठाकुर ने सर्वप्रथम देहरा विधानसभा के कांगड़ा में एससी सम्मेलन में सम्मिलित हुए और उसके पश्चात भोरंज विधानसभा के जाहु और घुमारवीं, बिलासपुर



**हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा सरकार बनेगी और हमारा प्रदेश डबल इंजन की रफ्तार से विकास करेगा : अनुराग**

में स्थानीय कार्यक्रमों में जनसभाओं को संबोधित किया ।

ठाकुर ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश के लोग कांग्रेस की वादा खिलाफी से आक्रोशित हैं। जनता का गुस्सा उनके विधायकों के द्वारा पार्टी छोड़ने से सामने आ गया। अब जहां एक ओर चार जून को देश में पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार बनेगी वहीं हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा सरकार बनेगी और हमारा प्रदेश डबल इंजन की रफ्तार से विकास करेगा। कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना के वादे को लेकर ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 वर्षों के शासन में गरीबों और वंचितों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने सिर्फ अनुसूचित जाति और जनजाति को सिर्फ छला है और ठगा है। देश के संविधान को बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस ने जीते जी अपमानित कर उन्हें राजनीति से बाहर कर दिया।

## इनेलो ने की तीन उम्मीदवारों की घोषणा

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने सोमवार को चंडीगढ़ पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर हरियाणा से अपने लोकसभा के तीन उम्मीदवारों की घोषणा की।

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए बताया कि बल्लभगढ़ रियासत के राजा नाहर सिंह के प्रपौत्र सुनील तेवतिया को फरीदाबाद, सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक, राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित एवं द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप सिंह दहिया को सोनीपत और सिरसा से संदीप लोट को उम्मीदवार बनाया गया है। संदीप लोट के पिता रामफल लोट ने 2009 में कांग्रेस की टिकट पर नरवाना से चुनाव लड़ चुके हैं। इनके दादा फकीर चंद दो बार विधायक रह चुके हैं। इस दौरान महिला सर्व खाप की अध्यक्ष डॉ संतोष दहिया की अगुवाई में सर्व खाप की पदाधिकारियों ने इनेलो को अपना समर्थन दिया। लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व सैनिक एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन इनेलो पार्टी को दिया। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व सैनिक एसोसिएशन के पदाधिकारी इनेलो मुख्यालय में आए और उनकी मांगों को इनेलो के घोषणापत्र में रखने की मांग की। हम उनकी मांगों को अपने घोषणापत्र में शामिल करेंगे। पूर्व सैनिकों के लिये एक बोर्ड बनायेंगे। वन रैंक वन पेंशन में कई खामियां हैं, जिसको पूरा करने में इनेलो इनका साथ देगी।

**सार संक्षेप**

### उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट 30 को होगा जारी

**रामनगर।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2024 के रिजल्ट का इंतजार कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी हैं। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम की तिथि शिक्षा विभाग ने तय कर ली है। आगामी 30 अप्रैल को 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इसके साथ ही उत्तराखंड के करीब 2 लाख परीक्षार्थियों का परीक्षाफल को लेकर इंतजार खत्म हो जाएगा। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर मुख्यालय में सोमवार को बोर्ड सभापति महावीर सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई परीक्षाफल समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रदेश में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 16 मार्च को खत्म हो चुकी हैं। इसके बाद अब परीक्षाओं के मूल्यांकन का काम किया गया। जिसके बाद 30 अप्रैल को परीक्षाफल जारी कर दिया जाएगा। इस बार प्रदेश में 10वीं कक्षा में 116,379 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। वहीं 12वीं में कुल 94,768 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्रदेश में बोर्ड परीक्षार्थी अपने परीक्षाफल को लेकर इंतजार कर रहे हैं। बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी परीक्षा परिणाम का इंतजार है। इस तरह 30 अप्रैल को इन सभी का इंतजार खत्म होने जा रहा है। 30 अप्रैल को ही वर्ष 2022-23 की द्वितीय परीक्षा सुधार परीक्षा का भी परिणाम जारी किया जाएगा।

### भाजपा का '400 पार' नारा फुस्स होने वाला है : हुड्डा

**चंडीगढ।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लोकसभा चुनावों में 400 सीटों से अधिक जीतने वाला नारा पूरी तरह फुस्स साबित होने वाला है। हुड्डा ने यहां पत्रकारों से कहा कि पूरे देश की तरह हरियाणा में भी कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रही है। जो चुनावी विश्लेषक कुछ दिन पहले भाजपा को आठ से नौ सीटें दे रहे थे, आज वहीं लोग उसे हराता हुआ दिखा रहे हैं। तमाम चुनावी सर्वे बता रहे हैं कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ रहा है और भाजपा का ग्राफ गिरता जा रहा है। मतदान की तारीख आते-आते स्पष्ट हो जायेगा कि हरियाणा में कांग्रेस एकतरफा जीत रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे से हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने की नींव भी पड़ जाएगी, क्योंकि भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी है। आज बेरोजगार युवा सड़कों पर बारात निकालकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### सुडोकू 6533 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 4 | 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 |

# उत्तराखण्ड में तीन दुर्घटनाओं में 6 की मौत

**देहरादून,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में हुए तीन अलग-अलग हादसों में छह लोगों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हो गए। पिथौरागढ़ में शादी समारोह में शामिल होकर बोलेरो वाहन से लौट रहे आठ लोगो का वाहन खाई में गिरने से चार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 4 अन्य घायल हो गए घायलों को खाई से निकालकर इलाज के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। देहरादून में डोईवाला में कार व बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। रुद्रप्रयाग जनपद में कार रविवार देर रात कार खाई में गिरने से उसमे सवार दो युवक रात भर खाई में पड़े रहे जिसकी सूचना स्कूल बस में सवार स्कूल के बच्चों व स्टाफ ने पुलिस को दी जिसमें से एक युवक की मौके पर मौत हो गई थी जबकि घायल को निकालकर उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया।

- **पिथौरागढ़, देहरादून व रुद्रप्रयाग में हुए सड़क हादसे**
- **रात भर खाई में पड़े रहे कार सवार दो युवक**

**पिथौरागढ़ में वाहन गहरी खाई में गिरने से चार की मौत, चार घायल :** जिले के चंडाक क्षेत्र में बीती रात एक बारात का वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में आठ लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि इनमें से चार लोगों की मौत हो गई। चार घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात बारात से वापस लौटकर चमाली की ओर जा रहा एक वाहन गांव के निकट अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे की सूचना पाकर पुलिस, एसडीआरएफ, राजस्व रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। खाई में उतरकर घायलों को निकालकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया।

हादसा इतना भयानक था कि खाई में गिरे वाहन के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घायलों और डेड बॉडी को खाई के निकालकर ऊपर सड़क तक लाने में रेस्क्यू टीमों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। चारों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के मृतकों में दो भाई भी शामिल बताए जा रहे हैं।



### रुद्रप्रयाग में कार खाई में गिरने से एक की मौत एक घायल

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है। इस हादसे में 24 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका खाई से एसडीआरएफ (आपदा संकट मोचन बल) की टीम ने रेस्क्यू किया और हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

पुलिस के मिली जानकारी के अनुसार हादसा रविवार देर रात का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रुद्रप्रयाग-ग्वेफड़-भुनका मोटरमार्ग पर वाहन संख्या यूके07टीबी8937 रुद्रप्रयाग की तरफ से आ रहा था। तभी बीच रास्ते में भुनका के पास ड्राइवर का वाहन से नियंत्रण खो गया और वाहन बेकाबू होकर सीधे खाई में जा गिरा।

हादसे की जानकारी पुलिस को सुबह लगी। बताया जा रहा है कि सुबह स्कूल जा रहे बच्चों को खाई में कार गिरी हुई दिखी। उन्होंने इसके बारे में ग्रामीणों को बताया, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

### दून के डोईवाला में कार की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार की मौत

**देहरादून।** कार की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गैरसेण चमोली निवासी जगत सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र नितिन अपने मित्र राजकुमार के साथ मोटरसाईकिल से डोईवाला की तरफ जा रहा था। जब वह कुंआवाला चौक के पास पहुंचे तभी सामने से तेज गति से आ रही कार ने उनकी मोटरसाईकिल पर टक्कर मार दी। जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों को स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान उसकी पुत्र की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बोर्ड के अध्यक्ष ने किया सैनिक स्कूल का दौरा

**देहरादून,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला, एवीएसएम, वाईएसएम, जीओसी, यूबी एरिया और अध्यक्ष एलबीए ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का दौरा किया। सोमवार को एलबीए बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद कैडेटों द्वारा एक शानदार बैंड प्रदर्शन हुआ।

**मुख्य अतिथि के आगमन पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

बैठक एलबीए अध्यक्ष द्वारा नवीनीकृत भौतिकी प्रयोगशाला के उद्घाटन के बाद शुरू हुई। बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। स्कूल ने विभिन्न उपलब्धियों और स्कूल की बेहतरी के लिए बिंदु प्रस्तुत किए। इस दौरे को गहन चर्चाओं से चिह्नित किया गया। अध्यक्ष, एलबीए ने संकाय सदस्यों, प्रशासनिक कर्मचारियों और कैडेटों को संबोधित करने और बातचीत करने के लिए भी समय लिया। उन्होंने अपने ज्ञान का खजाना साझा किया और कैडेटों से अपने लक्ष्य के प्रति ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने उल्लेख किया कि कैडेटों को सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाता है और उन्हें इन संसाधनों को महत्व देना चाहिए। उन्होंने कैडेटों के समग्र विकास में शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता, चरित्र निर्माण और सह-पाठयक्रम गतिविधियों के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की सराहना की। एलबीए के अध्यक्ष ने कैडेटों के समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने में स्कूल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। गणमान्य व्यक्तियों के लिए दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया गया।

## कांग्रेस नेतृत्व को लंबी नींद से जागने की जरूरत : चौधरी


**जालंधर,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह केपी के सोमवार को अकाली दल में शामिल होने पर फिल्लौर से कांग्रेस विधायक विक्रमजीत सिंह चौधरी ने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी की उम्मीदवारी ने जालंधर कांग्रेस में उथल-पुथल मचा दी है और डूबते जहाज को बचाने के लिए पार्टी आलाकमान को लंबी नींद से जागने की जरूरत है।

**चन्नी के जालंधर लोकसभा क्षेत्र की राजनीति में प्रवेश के बाद लोग व कार्यकर्ता नाखुश हैं : विक्रमजीत सिंह चौधरी**

चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी के जालंधर लोकसभा क्षेत्र की राजनीति में प्रवेश के बाद लोग और कांग्रेस के कार्यकर्ता नाखुश हैं, जिसके कारण लंबे समय से पार्टी से जुड़े वफादार लोग अन्य दलों में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केपी एक वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने विधायक और सांसद के साथ-साथ पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है।

## अकाली, कांग्रेस व भाजपा के कई नेता 'आप' में शामिल

**चंडीगढ़,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में सोमवार को अकाली, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा )नेता आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। रणधीर सिंह थराज, जिला अध्यक्ष एससी विंग मोगा और ऑल इंडिया मजहबी सिख वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं, वह आप में शामिल हो गये। उनके साथ परमजीत कौर धालीवाल (सरपंच और महिला विंग मोगा की उपाध्यक्ष), हरिंदर



सिंह भाटिया (एमसी उम्मीदवार), एमसी परमजीत सिंह कैंथ (कांग्रेस) और बलविंदर सिंह भी आप में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आधिकारिक तौर पर सभी नेताओं को पार्टी में शामिल कराया। इस

- **मुख्यमंत्री मान ने सभी नेताओं को पार्टी में शामिल कराया**

मौके पर आप विधायक अमृतपाल सिंह सुखानंद और विधायक बलकार सिंह भी मौजूद थे।

अकाली और कांग्रेस नेताओं के अलावा भाजपा के कई बड़े नेता भी आप में शामिल हुए। संतोख सिंह गुमटाला राष्ट्रीय सचिव भाजपा एससी मोर्चा, सविंदर सिंह छज्जलवड्डी सदस्य कोर कमेटी और राज्य सचिव पंजाब भाजपा एससी मोर्चा, मंगा सिंह महला इक्जीक्यूटिव सदस्य भाजपा एससी मोर्चा पंजाब, रणजीत सिंह नत्थूचक उपाध्यक्ष भाजपा एससी मोर्चा तरनतारन, कुलदीप सिंह पिलोवाल इक्जीक्यूटिव सदस्य भाजपा एससी मोर्चा पंजाब और रणधीर सिंह उप्पल आप में शामिल हुए। एक अन्य ज्वाइनिंग में, संजीव कुमार लवली, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरा और पार्षद आशु विनायक कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए।

# उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी की चेतावनी

### मौसम विभाग ने किसानों को फसल सुरक्षित करने की दी चेतावनी

**देहरादून,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड के लोग घर से निकलने से पहले मौसम का मिजाज देख लें। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के अधिकांश यानी 11 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। सिर्फ दो मैदानी जिलों हरिद्वार और उधमसिंह नगर में बारिश नहीं होगी।

मौसम विज्ञान केंद्र ने जिन 11 जिलों में बारिश का अनुमान जताया है उनमें उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, देहरादून, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा और चंपावत शामिल हैं। ये सभी पहाड़ी जिले हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तरकाशी में कुछ जगहों पर हल्की बारिश होगी। चमोली,



रुद्रप्रयाग, टिहरी और पौड़ी में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। देहरादून के पहाड़ी इलाकों में बारिश होगी। कुमाऊं के पांच जिलों पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत और नैनीताल में भी बारिश होगी।

इन जिलों में बारिश तो होगी ही, साथ ही बर्फबारी भी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार इन जिलों में 4000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, देहरादून, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में बादलों की गर्जना के साथ बिजली चमकने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने किसानों को सुझाव दिया है कि बारिश के अनुमान को देखते हुए कटी हुई फसल अगर खेत में हो तो उसे सुरक्षित स्थान पर रख दें। बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए घर के अंदर रहने और उस दौरान खिड़की दरवाजे बंद रखने का सुझाव दिया है। वैज्ञानिकों का ये भी सुझाव है कि बादल गरजने और बिजली चमकने के दौरान बिजली से चलने वाले उपकरणों से दूर रहें। इस दौरान जो लोग बाहर होंगे वो पेड़ों के नीचे खड़े न हों।

## पौड़ी के सतपुली में वनाग्नि ले रही भयंकर रूप

**श्रीनगर,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पौड़ी जनपद के विभिन्न इलाकों में वानाग्नि की घटनाओं पर काबू पाने में वन विभाग नाकाम हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद भी विभाग क्विक रिस्पॉन्स में फिसड्डी ही साबित हो रहा है। ताजा मामला सतपुली का है। यहां पिछले दो दिन से जंगल आग की लपटों के कारण धू-धू कर जल रहा है। जिससे वन सम्पदा को तो भारी नुकसान हो ही रहा है, साथ मे वन्य जीवों के प्राणों पर भी संकट उत्पन्न हो गया है।



- **लगातार दावानल की भेंट चढ़ रही वन संपदा**

आग के कारण आस पास के इलाकों में प्रदूषण के साथ साथ उमस भरी गर्मी भी बढ़ रही है। पौड़ी जिले में वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं को लेकर अब स्थानीय ग्रामीण भी चिंतित होने लगे हैं। पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इसका एक कारण प्रशासन की ओर से जन जागरूकता अभियानों में कमी आना है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की ओर से फायर सीजन से पहले पिरूल हटाने का काम किया जाता था।

साथ ही वनाग्नि की रोकथाम को लेकर कंट्रोल बर्निंग भी की जाती थी। स्थानीय लोग परेशान हैं। उन्हें डर है कि जगलों की आग कहीं आवासीय बस्तियों को भी नुकसान ना पहुंचा दे। सतपुली निवासी जगदंबा प्रसाद डंगवाल ने वनाग्नि तथा मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं के लिए मनुष्यों को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि लोग अच्छी घास के लिए वनों में आग लगा देते हैं।

# प्रादेशिकी

## शराबी ने पत्नी को उसके मायके में मारी गोली, मौत

**फर्रुखाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। मायके आई पत्नी को शराबी ने गोलियां से भून कर मौत के घाट उतार दिया। मौके पर पंहुची पुलिस ने आरोपी को दबोच कर शव को कब्जे में ले लिया। थाना मेरापुर के ग्राम नगला मगार निवासी 40 वर्षीय ममता अपने गांव की आशा थी। बीते 15 अप्रैल को वह अपनी पुत्री 13 वर्षीय नीरज के साथ मायके मोहम्मदाबाद के ग्राम रामदत्त नगर आई थी। बीती रात ममता के पिता महेश सिंह, मां राजेश कुमारी आदि परिजन खेत में गेहूं काटने चले गए। मायके में ममता और उसकी पुत्री नीरज एक चारपाई पर सो रहे थे। तकरीबन 12 बजे ममता का पति सुखबीर उसके घर के भीतर दाखिल हुआ। ममता की पुत्री नीरज ने बताया की पिता ने आते ही डंडे से मां ममता पर हमला कर तमंचा और देशी बंदूक से गोली मार दी। जिससे ममता की मौत हो गई।

# भ्रष्ट व धोखेबाज है भाजपा : शिवपाल

■ इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट



जोश के दौरान होश बनाए रखना कोई गलती न करना और न ही भाजपा से डरना : शिवपाल यादव

**फर्रुखाबाद,**22 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सोमवार को यहां पार्टी के प्रत्याशी प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को भारी बहुमत से चुनाव जिताने की जोरदार अपील की। यादव ने फर्रुखाबाद बाईपास स्थित गेस्ट हाउस में फीता काटकर सपा प्रत्याशी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। करीब तीन घंटे विलंब से आने के कारण कार्यक्रम में काफी अपरा तफरी का माहौल रहा। यादव ने मेज पर खड़े होकर भाजपा सरकार पर जोरदार हमले करते हुए प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को भारी बहुमत से चुनाव जिताने की जोरदार अपील की।

उन्होंने भाजपा को झूठा बेईमान भ्रष्ट एवं धोखेबाज पार्टी से सतर्क राह कर उसकी सफाई करने का आह्वान किया। उत्साहित कार्यकर्ता यादव को मंच पर घेर रहे और भाषण के दौरान चाचा जी जिंदाबाद डॉ. नवल शाक्य आदि के जोरदार नारेबाजी करते रहे। आने को कार्यकर्ता पैर छूकर फोटो खिंचवाने सेल्फी लेने एवं स्वागत करने के लिए सक्रिय रहे। जिसके कारण यादव के भाषण में काफी खलल पड़ा। कार्यकर्ताओं के हंगामे को देखते हुए यादव को कहना पड़ा कि जोश के दौरान होश बनाए रखना कोई गलती न करना और न ही भाजपा से डरना। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मंच से नीचे उतरने के लिए कहा लेकिन उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर लक्ष्मण यादव ने कहा कि आप लोगों ने बहुत से चुनाव देखे होंगे लेकिन यह चुनाव देश की तकदीर बदलेगा। उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं से एक-एक वोट डलवाने की अपील करते हुए कहा कि प्रचार के दौरान लोगों को बताना की कौन संविधान की रक्षा करेगा और कौन संविधान को खत्म करने जा रहा है।

प्रेस वार्ता में सपा नेता शिवपाल सिंह यादव से सवाल किया कि प्रोफेसर रामगोपाल यादव के वक्तव्य कि पूजा करने वाले पाखंडी होते है के जवाब में यादव ने कहा की श्रीराम हमारे दिल में है पूजा करने वाले पाखंडी होने का भ्रामक प्रचार किया गया है। कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह उर्फ मन्नू बाबू पूर्व विधायक अजीत कठेरिया पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी

### जीत मिलने पर नगर में करेंगे रोड शो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने चुनाव के दौरान रोड शो की मांग पर कहा कि वह डॉक्टर के जीत जाने पर नगर में रोड शो करेंगे। उन्होंने डॉ. नवल किशोर को इंगित करते हुए कहा कि डॉक्टर हर बीमारी का इलाज करते हैं और भाजपा का भी इलाज कर देंगे। यादव ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर प्रत्याशी का चुनाव प्रचार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन करने वाले डॉक्टर नवल किशोर ने चाचा शिवपाल सिंह यादव के जोरदार नारे लगवाए। डॉक्टर शाक्य ने कार्यकर्ताओं को शांत कराने के लिए हाथ जोड़ते हुए कई बार अपील की।

आदि नेता मंच पर मौजूद रहे। इससे पहले पूर्व ब्लॉक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी कैप्टन प्रभात शाक्य बंटी यादव सोनू कुशवाह रश्मि यादव टीटू यादव इज़हार आदि नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को चुनाव जितने की जोरदार अपील की।

# वोटर पर्ची का वितरण करें बीएलओ : मीणा

■ 24 व 25 को विद्यालयों में शिक्षण कार्य रहेगा स्थगित

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में वोटर गाइड व वोटर पर्ची वितरण का कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा ने समस्त बीएलओ को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि कल शाम तक शत-प्रतिशत वोटर गाइड व वोटर पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें। जिस बीएलओ द्वारा वोटर पर्ची वितरण कार्य कल शाम तक पूर्ण नहीं किया गया तो निर्वाचन कार्य में लापरवाही मानते हुए उसके विरुद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु विद्यालयों में पुलिस फोर्स के ठहरने, विद्यालयों में मतदान केन्द्र बनाए जाने तथा विद्यालयों के वाहन लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अधिग्रहण किए जाने के फलस्वरूप छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं उनके आवागमन में आने वाली असुविधा को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 24 व 25 अप्रैल 2024 को विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा।

# राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए एमडी के तेवर सख्त

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए डिस्कॉम मुख्यालय में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन की अध्यक्षता रिवेन्यू स्ट्रेटजी पर वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण), अधीक्षण अभियन्ता (वितरण), अधिशासी अभियन्ता (वितरण), उपखण्ड अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में राजस्व वसूली बढ़ाने के लिये राजस्व रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) द्वारा रिवेन्यु स्ट्रेटजी, लाईफलाईन कन्ज्यूमर आदि बिन्दुओं पर वीडियों कान्फ्रेंसिंग में प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में जिन अवर अभियन्ताओं की राजस्व वसूली असंतोषजनक है उनको राजस्व वसूली में एक सप्ताह के अन्दर सार्थक प्रयास कर, राजस्व वसली बढ़ाने के निर्देश दिए। वीडियों कान्फ्रेंसिंग में प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए जिससे विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली को गति देने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर सही रीडिंग के बिल निर्गत किया जाना आवश्यक है जिससे उपभोक्ता आसानी से अपने विद्युत देयों का भुगतान कर सके।

बैठक में असेस्ट मीटर रीडिंग, झटपट पोर्टल, निवेश मित्र पोर्टल, आरडीएफ, आईडीएफ आदि बिन्दुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। आईडीएफ एवं



■ वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा

■ समस्त अधिकारियों को दिए निर्देश

आरडीएफ से सम्बन्धित दोषपूर्ण मीटरों की जांच के निर्देश दिए गए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा जहां बिल रिविजन के प्रकरण अधिक हो उनकी जांच की जाये। उन्होंने दोषपर्ण मीटर बदलने व बिल सुधार की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## सार संक्षेप

### एआरओ व सैक्टर जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा एआरओ व सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओ से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वेबकास्टिंग कैमरा ओरिऐन्टेशन, वीडियोग्राफी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त सैक्टर मजिस्ट्रेट मतदाता पर्ची का वितरण शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान वाले दिन समस्त अधिकारियों को ससमय अपने गन्तव्य स्थल पर पहुचने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, एआरओ, सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में जमकर चले धारदार हत्यार

**फलावदा।** कस्बे के मोहल्ला जूड़ वाला स्थित रविवार देर रात बच्चों की लड़ाई में मामूली का सुनी को लेकर दो पक्षों में धारदार हत्यार और लाठी डंडों से जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से दो महिला सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सभी लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया है घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है एक पक्ष से शारदा पत्नी आशिफकी तरफसे फैजान, राशिदा, सादमान, फरीद, सनना, और अलीमुद्दीन पक्ष की तरफसे इकरामुद्दीन, राशिद, शादाब, वाजिद, दानिशता, गंभीर रूप से घायल हुए हैं। थाना प्रभारी राजेश कुमार काम्बोज का कहना है कि अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं आई है मामले की जांच करा कर दोनों पक्षों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी

### बूथों का निरीक्षण करने के दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**मेरठ।** जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायत खिर्वा जलालपुर, चौ.बशीर खां इंटर कालेज हर्रा, सर्वहितकारी कन्या इंटर कालेज करनावल में बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, बीएलओ, बूथकर्मी व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने वहां पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# धरती को प्लास्टिक मुक्त करने का दिया संदेश




**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में अर्थ डे मनाया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। अर्थ डे के उपलक्ष्य में बच्चों ने पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने के लिए लघु नाटिका पेष् कि तथा भिन्न-भिन्न प्रकार के स्लोगन लिखकर अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए संदेश भी लिखे। कुछ बच्चों ने पुराने कागज व अखबार से थैले बनाकर पालिथिन का प्रयोग न करने का बहिष्कार कर अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया। सभी बच्चों के कार्य को खूब सराहा गया। धरा पर दिनोदिन बढ़ते हुए प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों ने कविताएं स्लोगन व चित्रों के माध्यम से पृथ्वी की मार्मिकता को दर्शाया जिसे सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने वसुंधरा को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की सलाह देते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को जागरूक व सचेत रहने का संदेश दिया।

# बच्चों के लिए सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार करना उद्देश्य : अल्पना

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। शास्त्री नगर स्थित डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्कूल के स्थापना दिवस की 38वीं वर्षगांठ का आयोजन अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए किया गया। कक्षा 4 ,5 के विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद एवं उनके अनुयायियों की झलक दिखाते हुए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की।

जिसमें उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत को जगतगुरु बनाना है। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई नाटिका ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। डीएवी की क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा ने स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संदेश देते हुए कहा कि डीएवी का उद्देश्य बच्चों के लिए सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हम महर्षि दयानंद के विचारों को बच्चों के अंदर




■ डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में मनाया स्थापना दिवस

निरूपित करना चाहते हैं, जिससे कि वे शिक्षा के साथ-साथ अपने चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास कर सकें और दुनिया में भारत को जगतगुरु बनाने के लिए आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिक्षकों ने ओम का महत्व बताया। छात्रों ने भजन प्रस्तुत किए, जिनमें चौतन्यपांडे, यश, अर्जुन, जानवी ने गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने सभी विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, टेक्नोलॉजी एवं नैतिक मूल्यों की भी प्रेरणा देता है।

# शादी में शामिल दो पक्षों में हुई मारपीट

**मवाना,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र मैं मेरठ रोड स्थित एक मंडप के समीप दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष मैं जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान शादी समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति की कर के शीशे तोड़ दिये। थाने पर अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर दी। जानकारी के अनुसार मेरठ रोड स्थित मंडप में दो पक्ष शादी समारोह में शामिल होने आए थे। दोनों पक्षों में हुई गाली गलौज के दौरान जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों ने मंडप के बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिया। हस्तिनापुर निवासी पीड़ित युवक ने अज्ञात युवाओं को खिलाफ थाने पर मामले की तहरीर दी। थाना प्रभारी सुभाष सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है जानकारी का कार्रवाई की जाएगी।



गाड़ी के शीशे तोड़े

# चित्रकारियां बना समाज में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मवाना,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। पिलौना स्थित एमडीएस एकेडमी में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालय में छात्रों के द्वारा एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अनेक तरह की चित्रकारी बनाकर समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चित्रकला की इस प्रतियोगिता में कक्षा 8 से अनमोल पाल ने प्रथम, देव चौहान ने द्वितीय तथा हर्षवर्धन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में आयुष ने प्रथम, अक्षित ने द्वितीय तथा देव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 6 में हर्षित ने प्रथम वंश कुमार ने द्वितीय तथा आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च स्थान प्राप्त करने वाले इन सभी छात्रों को एकेडमी की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भुवन चन्द्र शास्त्री ने सभी छात्रों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति सचेत किया। उन्होंने बताया कि जो प्रेम की भावना हम अपनी जन्म देने वाली मां के साथ रखते हैं वहीं प्रेम का संबंध हमें पृथ्वी माता के साथ भी रखना चाहिए क्योंकि पृथ्वी भी हमें हमारी जन्म देने वाली मां की तरह ही पालन पोषण करती है। प्रधानाचार्य बाबूराम धामा ने सभी छात्रों को विश्व पृथ्वी दिवस पर संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधा धामा, प्रियांशी, ज्योति, रूबी आदि का सहयोग रहा।

■ एमडीएस एकेडमी पिलौना में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

### धरती मां को प्रदूषण मुक्त कर स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई

**मवाना।** मवाना आरएलबी एकेडमी में सोमवार को अर्थ दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय की सभी छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई कि हम सब मिलकर अपनी धरती मां को प्रदूषण मुक्त करके स्वच्छ व सुंदर रखेंगे। कक्षा सात की छात्राओं ने एक नाटक प्रस्तुत करके पृथ्वी की महानता और सहन शीलता को दर्शाया। विद्यालय प्रधानाचार्या शालू गुप्ता व उप प्रधानाचार्य रितु शर्मा ने बच्चों को पृथ्वी को स्वच्छ व हरे पौधे लगाकर पृथ्वी का श्रृंगार करने का संदेश दिया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर किया पुरस्कृत

**मवाना,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। फलावदा में स्थित जवत्रीदेवी सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि धर्म जागरण समन्वय के प्रांतीय विधि प्रमुख प्रदीप कुमार बिश्नोई ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। सरस्वती वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य सुबोध सिंह ने बताया कि विद्यालय में हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रदीप बिश्नोई ने समस्त उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं से उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी तथा साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में पढ़ाई का महत्व समझाया। तत्पश्चात मेधावियों को विद्यालय में तिलक करके तथा मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही सभी मेधावियों को एक-एक शील्ड एवं पुरस्कार आदि प्रदान करके उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के संरक्षक सत्य प्रकाश आर्य, प्रबंधक राकेश सैनी एवं पूर्व कोषाध्यक्ष विजय कुमार बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से नील गाय घायल

**मवाना,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार सुबह खेडी बाईपास के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से नीलगाय गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने सूचना थाना पुलिस और बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी। थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुचें बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने घायल नीलगाय की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम के घायल नील गाय को उपचार के बाद जगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईव पर सोमवार सुबह खेडी बाईपास के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से सडक पार कर रही नीलगाय गंभीर रूप से घायल हो खेत में जा गिरी। रहागीरों ने सूचना बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी। मौके पर पहुचें बजरंग दल जिलाअध्यक्ष सुभाष बाबा, उपाध्यक्ष ठाकुर रतनपाल सिंह, जिला संयोजक विकास कश्यप,



कुलदीप प्रधान आदि ने चिकित्सकों से घायल नीलगाय का उपचार करा वन विभाग को मामले की जानकारी दी।

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम नीलगाय को वन विभाग कार्यालय ले आई। जहां उपचार के बाद नीलगाय को जंगल में छोड़ दिया।

**आयोजन** *तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में स्पेशल लेक्चर आयोजित*

# परिवर्तन व चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए : गोविन्द

**मेरठ,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। परिवर्तन और चुनौती के लिए हमें तैयार रहना चाहिए क्योंकि समय के साथ अपने अंदर परिवर्तन लाना होगा आपके पास सुविधाएं हैं तो उसका उपयोग कर अपने स्किल को डेवलप करें क्योंकि समय बदल रहा है पत्रकारिता का भी स्वरूप बदला है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सभी काम नहीं हो सकते कठिन परिश्रम के माध्यम से आप अपने आप को स्थापित कर सकते हैं यह बात तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में स्पेशल ले. र के दौरान गोविंद जी पांडे ने कही।

मांस कम्युनिकेशन के क्षेत्र में एक पत्रकार और एकेडमिक को केवल एक भाषा से काम नहीं चलेगा उसे एक से अधिक भाषा का ज्ञान होना चाहिए यदि आपको एक से अधिक भाषा का ज्ञान है तो रोजगार के अनेक अवसर आपको मिल सकते हैं पत्रकारिता के छात्रों को लिखने की क्षमता को बढ़ाना चाहिए इसमें भी आपको रोजगार के अनेक अवसर मिल सकते हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान में यू ट्यूब सबसे बड़ा रोजगार प्रदान कर रहा है। समय के साथ यदि



■ सुविधाओं का उपयोग कर अपने अंदर कौशल करें विकसित

■ समय के साथ अपने अंदर परिवर्तन लाना होगा

अपने अंदर अपने बदलाव नहीं लाया तो आप बहुत पीछे रह जाएंगे क्योंकि पत्रकारिता में परिवर्तन आया है परिवर्तन पर आपको नजर रखनी होगी। पत्रकारिता के विद्यार्थियों को दूरदर्शी होने के साथ आत्मनिर्भर होने के प्रयास करने चाहिए। तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल के निदेशक प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने परिचय व स्वागत भाषण दिया जबकि डॉक्टर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लव कुमार, डॉक्टर दीपिका वर्मा, बीनम यादव, प्रशासनिक अधिकारी मितेंद्र कुमार गुप्ता सहित विभाग के समस्त छात्र एवम छात्राए मौजूद रहे।

# छात्राओं ने लघु नाटिका का किया मंचन

**मवाना,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल मवाना में सोमवार को 'विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल मवाना की दोनों शाखाओं में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विश्व पृथ्वी दिवस के इस अवसर पर सोमवार को विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आरंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। मंच का संचालन मरियम ने किया। आस्था ने 'पृथ्वी दिवस' पर अपने विचार व्यक्त किए।

छात्राओं ने लघु नाटिका का मंचन किया। यह दिवस पर्यावरणीय खतरों के बारे में शिक्षित करने का भी एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिवस बच्चों को दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जैसेरू बिजली बचाना, प्लास्टिक, कागज और धातु जैसी सामग्री को रिसाइकिल करना, पेड़ और पौधे लगाकर वायु प्रदूषण को कम करना और ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाना। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाकर पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया गया गए। कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



पौराणिक महत्व वाले कटिहार में दिलचस्प मुकाबला

# चुनावी 'सिक्सर' मारने को तैयार तारिक अनवर



■ दुलालचंद को दूसरी बार जीतने की चुनौती
■ कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी व बरारी की छह विस सीट

**कटिहार,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। पौराणिक और राजनीतिक महत्व रखने वाली कटिहार की धरती पर किसानों की मेहनत से आम के बगान और पोखरों में मखान के पत्ते देखकर आप इस क्षेत्र की समृद्धि का अंदाजा लगा जा सकते हैं। जूट की पहचान वाले इस कटिहार की राजनीतिक समझ भी किसी क्षेत्र से कम नहीं। तभी तो सीताराम केसरी, मोहम्मद यूनुस सलीम, तारिक अनवर जैसे दिग्गज इस क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

इस चुनाव में भी पांच नदियों के किनारे बसे इस कटिहार क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प दिखाई दे रहा है। महागठबंधन की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर को चुनावी मैदान में उतार कर कांग्रेस अपनी खोई जमीन हथियाने की फिराक में है, तो एनडीए ने जदयू के दुलालचंद गोस्वामी को फिर से उतारकर मुक़ाबले को दिलचस्प बना दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी इन दोनों के ही बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें गोस्वामी भारी पड़े थे और पहली बार सांसद बने थे।

वैसे, आंकड़ों पर नजर डालें तो कटिहार की पहचान तारिक अनवर से होती है। यहां से वे 11 बार चुनाव लड़ चुके हैं और पांच बार विजयी रहे हैं। 1980 में कांग्रेस के टिकट पर तारिक अनवर ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1984, 1996, 1998 और 2014 में उन्होंने अपना परचम लहराया।

भाजपा के निखिल कुमार चौधरी को भी यहां तीन बार प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। इस चुनाव में तारिक अनवर और दुलारचंद गोस्वामी के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है।

इसके अलावा कटिहार सीट पर बहुजन समाज पार्टी के गोपाल कुमार महतो, भारत जोड़ो जनता पार्टी से विष्णु सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से मरांग हांसदा, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी से राज कुमार मंडल, समाज शक्ति पार्टी से बिंदु कुमारी और निर्दलीय प्रत्याशी भी यहां से भाग्य आजमा रहे हैं।

यहां छह विधानसभा सीट कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी और बरारी हैं। इनमें कटिहार और प्राणपुर में भाजपा, कदवा और मनिहारी में कांग्रेस, बरारी में जदयू और बलरामपुर में सीपीआई एमएल के विधायक हैं। करीब 21 लाख मतदाताओं वाले सीमांचल की इस सीट पर एक बार फिर महागठबंधन को एम वाई समीकरण पर भरोसा है तो दूसरी तरफ एनडीए को प्रधानमंत्री के चेहरे, पिछड़े और अति पिछड़े, सवर्ण के साथ नीतीश कुमार के नाम पर कुछ मुस्लिम मतदाताओं से भी आसरा है।

यह क्षेत्र पौराणिक महत्व वाला भी माना जाता है। मान्यता है कि भगवान कृष्ण भी यहां अपने खोए आभूषण को खोजने आए थे। बिहार में सभी सात चरणों के तहत मतदान होना है। बिहार की कुल 40 सीटों में से पहले चरण में चार सीटों पर चुनाव हो चुका है। कटिहार के मतदाता लोकसभा के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान करेंगे।

# मायावती ने भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को किया साधने का प्रयास

■ देवेंद्र सिंह



■ सिकंद्राबाद की चुनावी रैली को किया संबोधित
■ क्यों राजपूत बिरादरी को दिया टिकट, साथ गुर्जर वोट बैंक को भी साधा

**ग्रेटर नोएडा,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार के लिए सिर्फ दो दिन रह गया है। ऐसे में सभी पार्टियों के नेताओं ने अपने प्रत्याशी को जीतने के लिए ताबड़तोड़ रैली कर रहे हैं। एक दिन पहले बसपा सुप्रीमों ने मायावती ने गाजियाबाद बसपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा किया। वहां भी मायावती ने भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को साधने की पूरी कोशिश की। सोमवार को मायावती ने गौतमबुद्धनगर के सिकंद्राबाद विधानसभा में बसपा बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में चुनावी सभा किया। सिकंद्राबाद में रैली में उमड़ा जनसमूह को देखकर मायावती गदगद हो गई। उसी लय में आकर उन्होंने मतदाताओं को संदेश देने का प्रयास किया कि वह अकेले दम पर उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ रही हैं। अकेले चुनाव लड़ने का कारण भी मतदाताओं को बताने का प्रयास किया। यहां पर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी किसी भी विरोधी पार्टी के गठबंधन के साथ नहीं बल्कि अपने बलबूते पर लड़ रही है। टिकट बटवारे में सर्व समाज के लोगों को दिए। आप लोगों को मालूम है कि हमने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा की सीट से इस बार राजेंद्र सिंह सोलंकी को चुनाव के मैदान में उतारा है। आप लोगों को ये लगता होगा कि से हर बार गुर्जर समाज से बीएसपी चुनाव लड़ाती रही है। लेकिन इस बार गुर्जर समाज को टिकट न देकर ठाकुर समाज से दिया।

**मायावती ने बताया कि ऐसा उन्होंने क्यों किया**

वह इसलिए किया क्योंकि यहां पर हमने पिछले कई लोकसभा चुनाव में गुर्जर समाज के लोगों को दिया। वहीं दूसरी पार्टी से भी गुर्जर समाज के लोगों की टिकट दिया जाता है।

जिससे वोट बटता है जिसका भाजपा ने फायदा उठाया। यही कारण है कि भाजपा चुनाव जीतती रही। भाजपा पार्टी न जीते इसलिए हमने क्षत्रिय समाज के उम्मीदवार को खड़ा किया। मैं यहां ये भी कहूंगी कि गुर्जर समाज के लोगों को नहीं लगना चाहिए कि उनकी उपेक्षा हो रही है। गुर्जर समाज से हमने बागपत सीट से टिकट दिया। इसलिए मैं बता रही थी कि बीएसपी ने सर्व समाज के लोगों को भागीदारी दी है। जनसभा में भीड़ को देखते हुए कि प्रदेश से बीएसपी को बेहतर रिजल्ट लाएंगे।

## मायावती की जनसभा में राजपूत बिरादरी का उमड़ा जनसमूह

भाजपा से नाराज चल रहे राजपूत बिरादरी ने पूरी तरह से बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ककोड़, खुर्जा, बुलंदशहर में लगातार जनसभा करने के बाद भी राजपूत बिरादरी की नाराजगी दूर नहीं हो पाई। सिकंद्राबाद में मायावती की रैली मंच पर काफी संख्या में राजपूत बिरादरी के लोग दिखाई दिए। उन्होंने मायावती को भरोसा दिलाया कि वह राजेंद्र सिंह सोलंकी के साथ पूरी तरह से है। अब देखना है कि 26 अप्रैल को मतदान में राजपूत बिरादरी मतदान करने के लिए कितने बाहर आते हैं। इतना जरूर है कि जहां भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा हैट्रिक लगाने को लेकर पूरी तरह अश्वस्त थे, अब उनके सामने बड़ी चुनौती उभर सामने आ रही है। इसका नतीजा है कि राजपूत बहुल्य क्षेत्र बिसाहड़ा में राजपूत बिरादरी को साधने के लिए केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज चुनावी जनसभा करने आ रहे है। अब देखना है कि राजनाथ सिंह राजपूत बिरादरी को साधने में कितना कामयाब हो पाते हैं।

## पराजयों से नहीं टूटा हसनुराम अंबेडकरी का हौसला, चुनाव में शतक लगाने के पहुंचे करीब!

**आगरा,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। 79 साल के हसनुराम अंबेडकरी सुर्खियों में छाए हुए हैं। उन्होंने अपना 99वां चुनाव लड़ने का फैसला किया है। अंबेडकरी ने अपना पहला चुनाव 1985 में लड़ा, लेकिन जीत नहीं पाए। अपने पिछले 98 प्रयासों में हार का सामना करने के बावजूद, अंबेडकरी ने चुनावी अखाड़े में अपनी किस्मत आजमाना जारी रखा है।



इस बार उन्हें फतेहपुर सीकरी से शतक के करीब पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन इस सीट से उनका नामांकन खारिज कर दिया गया। चुनाव के प्रति उनके जुनून को देखते हुए, अंबेडकरी का परिवार उनके साथ खड़ा है। एक क्लर्क और मनरेगा मजदूर के रूप में अपना जीवन यापन करने वाले अंबेडकरी कहते है, 'चुनाव लड़ना मेरा जुनून है और मैं इसे अपने खर्च पर पूरा करता हूं। मैं किसी से धन की मदद नहीं लेता। मैं जानता हूं कि मैं जीत नहीं पाऊंगा, लेकिन यह मुझे चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकता।' उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य 100वीं बार चुनाव लड़ना है और मैं यह भी जानता हूं कि मेरी उम्र बढ़ रही है, लेकिन मैं अपना लक्ष्य हासिल कर लूंगा।

## त्रिकोणीय संघर्ष में सतना लोकसभा सीट उलझी

■ सतना संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की आठ सीटें
■ छह पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा

**सतना,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विंध्य इलाके की सतना संसदीय सीट त्रिकोणीय मुकाबले में उलझ गई है। यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच हो रहे मुकाबले को बसपा ने त्रिकोणीय बना दिया है। सतना लोकसभा सीट से भाजपा ने पांचवीं बार गणेश सिंह को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को मौका दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी मैदान में हैं। यह ऐसा संसदीय क्षेत्र है जहां जातीय गणित काफी अहम है। यहां ब्राह्मणों के साथ पिछड़े वर्ग के मतदाता भी अधिक संख्या में हैं। यही कारण है कि जातीय गणित को ध्यान में रखकर तीनों ही दलों ने उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। गणेश सिंह का नाता कुर्मी, सिद्धार्थ




कुशवाहा का कुशवाहा और नारायण त्रिपाठी का ब्राह्मण वर्ग से है।

सतना संसदीय क्षेत्र के इतिहास पर गौर करें तो यहां अब तक 15 लोकसभा चुनाव हुए हैं जिनमें भाजपा ने नौ बार जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार पांच बार निर्वाचित हुए। एक बार बहुजन समाज पार्टी को जीत मिली है। गणेश सिंह बीते चार चुनाव से भाजपा के उम्मीदवार हैं और जीत दर्ज करते आ रहे हैं। एक बार फिर पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है।

पिछले दिनों राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने सतना से गणेश सिंह को मैदान में उतारा था और उनका मुकाबला कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा से हुआ था। इस चुनाव में सिद्धार्थ कुशवाहा ने भाजपा उम्मीदवार गणेश सिंह को शिकस्त दी थी। एक बार फिर दोनों उम्मीदवार आमने-सामने हैं और पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने इस मुकाबले को पूरी तरह त्रिकोणीय बना दिया है। भाजपा इस चुनाव में मोदी की गारंटी के आधार पर प्रचार को धारदार बनाए हुए है, वहीं कांग्रेस लगातार महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाए हुए है, साथ ही गणेश सिंह की निष्क्रियता भी जोर-शोर से उठा रही है। वहीं बसपा उम्मीदवार दोनों ही दलों को घेरने में लगे हैं। राज्य के विंध्य इलाके में लोकसभा की चार सीटें आती हैं।

वर्ष 2019 के चुनाव में सभी स्थानों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। पहले चरण में इस इलाके की शहडोल और सीधी संसदीय सीट पर मतदान हो चुका है और दूसरे चरण में 26 अप्रैल को रीवा और सतना में मतदान होने वाला है। सतना संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की आठ सीटें आती हैं जिनमें से छह पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।

## 'भगवान के देश' में किसे मिलेगी जीत!

**तिरुवनंतपुरम,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल में तीन मुख्य राजनीतिक दल कांग्रेस, वामपंथी और भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। 'भगवान का अपना देश' कहे जाने वाले केरल मे 20 लोकसभा सदस्यों को चुनने के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। राज्य में डेरा डाले सीपीआई-एम के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि उन्हें 2004 के पार्टी के प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद है, जब उन्होंने 20 में से रिकॉर्ड 18 सीटें जीती थीं। उन्होंने पीएम मोदी के उस बयान को खारिज कर दिया कि भाजपा के नेतृत्व में एनडीए को केरल में जीत मिलेगी। 2019 के आम चुनावों में 20 में से 19 सीटें जीतने वाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ ने भी राज्य में अपना प्रदर्शन दोहराने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के.सुधाकरन ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि केरल का चुनावी नतीजा यूडीएफ के पक्ष में और पीएम मोदी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ आएगा। उन्होंने कहा कि केरल में



लोग जानते हैं कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आपस में मिले हुए हैं। इस बीच भाजपा राज्य में सीटें जीतने की उम्मीद लगाए बैठी है। पार्टी को उम्मीद है कि वह कम से कम तिरुवनंतपुरम और त्रिशूर सीट पर जीत हासिल करेगी। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव में, तिरुवनंतपुरम को छोड़कर, शेष 19 निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा तीसरे स्थान पर रही थी। 2019 के चुनाव में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 47.48 प्रतिशत वोटों के साथ 19 सीटों पर जीत हासिल की। सीपीआई-एम के नेतृत्व में वामदलों को 36.29 प्रतिशत वोट और एक सीट मिली, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 15.64 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन सीटों के मामले में हाथ खाली रहा।

## राजस्थान में अब तक 73 हजार से अधिक बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने किया घर से मतदान

**जयपुर,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव में अब तक 73 हजार से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर से मतदान किया हैं जो रिकॉर्ड 97.64 प्रतिशत पहुंच गया।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है और प्रदेश में अब तक दोनों चरणों में रिकॉर्ड 97.64 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंजीकृत कुल बुजुर्गों में से 97.57 प्रतिशत मतदान किया है। दिव्यांगों का मतदान प्रतिशत भी 97 प्रतिशत से अधिक है।

गुप्ता ने बताया कि सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 73 हजार 248 ऐसे मतदाता मतदान किया है। इनमें 56 हजार 284 बुजुर्ग तथा 16 हजार 964 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। 1050 मतदाताओं की मृत्यु होने तथा 1770 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से मतदान नहीं कर सके।

उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं में से 97.03 प्रतिशत ने मतदान किया है। अब तक कुल 37 हजार 723 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। इनमें 29 हजार 715 बुजुर्ग, 8008 दिव्यांग, 632 की मृत्यु जबकि 1156 घर पर नहीं मिले। 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों के लिए होम वोटिंग की गई। अनुपस्थित रहने की स्थिति में 22 एवं 23 अप्रैल को मतदान का अवसर दुबारा दिया जा रहा है। गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के तहत 98.30 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुल 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। इनमें 26 हजार 569 बुजुर्ग जबकि 8956 दिव्यांग मतदाता है, साथ ही 418 वोटर्स की मृत्यु हो गई तथा 614 मतदाता घर पर नहीं मिले।

## हिमाचल कांग्रेस में फिर से गुटबाजी

**शमला,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस पार्टी में एक बार फिर से गुटबाजी देखने को मिली है। शिमला संसदीय सीट जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी बगावती तेवर दिखाने वाले नेताओं की वापसी में जुटी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह हर जगह एक जुटता का पाठ कार्यकर्ताओं को पढ़ा रहे हैं। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर की पार्टी में वापसी का सियासी ड्रामा सामने आया है। बीते रोज गंगूराम मुसाफिर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन शिमला में अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। कांग्रेस नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रतिभा सिंह ने भी उन्हें पार्टी में शामिल होने पर बधाई दी। कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी भी इस दौरान मौजूद रहे। ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। लेकिन इसके एक ही दिन बाद अब कांग्रेस की ओर से आधिकारिक बयान सामने आया है कि गंगूराम मुसाफिर को अभी पार्टी में वापस नहीं लिया गया है। उनका मामला अभी लंबित है।

**टिकट न मिलने पर मुसाफिर ने छोड़ी थी पार्टी**

सूत्रों की माने तो मुसाफिर को पहले सूचित किया गया। उनसे बात की गई और फिर शिमला बुलाया गया। उसके बाद ही वह कांग्रेस मुख्यालय दलबल के साथ पहुंचे थे। पार्टी का एक धड़ा बागी नेताओं को वापिस नहीं लेना चाहता है। गौरतलब है कि मुसाफिर को टिकट ना मिलने पर उन्होंने पार्टी छोड़ी थी और निर्दलीय चुनाव लड़ा था। कांग्रेस की ब्लॉक कार्यकारिणी उन्हें टिकट की पैरवी कर रही है और टिकट ना मिलने पर वहां बगावत हुई थी। जिसके बाद पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था। इस बीच प्रतिभा सिंह की ओर से बीते रोज गंगूराम मुसाफिर को पार्टी में शामिल करने पर बधाई दी थी। उनकी ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया था कि पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री गंगू राम मुसाफिर को पार्टी में शामिल कर लिया गया है।

सिंह ने उनका पुन: पार्टी में शामिल होने पर स्वागत करते हुए कहा कि उनकी घर वापसी से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस ऑफिस में उन्होंने बाकायदा बाईट दी थी इस में उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी भी मौजूद थे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर को पुन: पार्टी में शामिल करने पर स्पष्टीकरण जारी किया है।

## दिवंगत स्टार इनोसेंट के साथ पोस्टर छपवाने को लेकर विवादो में घिरे सुरेश गोपी

**त्रिशूर (केरल),** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने में सिर्फ चार दिन बचे हैं। अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी त्रिशूर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वह सोमवार को दिवंगत अभिनेता इनोसेंट के साथ अपने पोस्टर को लेकर विवादों में फंस गए।



गोपी और इनोसेंट का एक पोस्टर इनोसेंट के गृहनगर इरिंजलाकुडा और उसके आसपास देखे जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया।

इनोसेंट 2014 में त्रिशूर जिले के चलाकुडी से सीपीआई (एम) के लोकसभा सदस्य थे, जब उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस के दिग्गज और मौजूदा लोकसभा सदस्य पीसी चाको को लगभग 13,000 वोटों से हराया था।

हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में इनोसेंट को कांग्रेस उम्मीदवार बेनी बेहनन ने एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था।

कैंसर से पीड़ित इनोसेंट का पिछले साल मार्च में निधन हो गया, लेकिन आज भी उनके प्रति लोगों का प्यार बरकरार है। कहा जा रहा है कि गोपी इनोसेंट की लोकप्रियता को भुनाने के चक्कर में हैं, लेकिन विवाद तब बढ़ गया जब इनोसेंट के परिवार ने इस पर अपना गुस्सा जाहिर किया।

उन्होंने कहा कि गोपी और इनोसेंट के पोस्टर प्रकाशित करने से पहले उनकी अनुमति नहीं ली गई और वे अब इस मुद्दे पर सीपीआई (एम) के साथ चर्चा करेंगे, जो इस बारे में बयान देगी। गोपी यहां त्रिकोणीय मुकाबले में हैं और उनका मुकाबला मौजूदा लोकसभा सदस्य (वडकारा) और कांग्रेस के दिग्गज नेता के मुरलीधरन और राज्य के पूर्व कृषि मंत्री और सीपीआई नेता वीएस सुनील कुमार से है।

### 'रामायण' के कलाकार मेरठ में अरुण गोविल के लिए मांगेंगे वोट

उत्तर प्रदेश की मेरठ लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में धारावाहिक 'रामायण' के उनके सह-कलाकार प्रचार करेंगे। अरुण गोविल ने रामानंद सागर की 'रामायण' सीरियल में भगवान राम की भूमिका निभाई थी। 1987 में प्रसारित यह सीरियल बेहद लोकप्रिय हुआ था। सीरियल में क्रमश: सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले दीपिका चिखलिया और सुनील लाहिड़ी सोमवार शाम को अरुण गोविल के लिए मेरठ में प्रचार करेंगे।

राजे का झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र में 35 सालों से राजनीतिक दबदबा

## दुष्यंत व कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला जैन में कांटे की टक्कर

**झालावाड़-बारां,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह का पिछले 35 सालों से झालावाड़ संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक दबदबा हैं और इस बार भी प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को इस क्षेत्र में होने वाले चुनाव में दुष्यंत सिंह लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने एवं अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं जहां उनका मुख्य मुकाबला पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला जैन भाया से माना जा रहा है।

■ दुष्यंत पांचवीं बार जीतने के लिए चुनावी मैदान में आजमा रहे भाग्य



इस क्षेत्र में इन दोनों प्रमुख दलों के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के चन्द्र सिंह किराड़, राइट टू रिकाल पार्टी के भुवनेश कुमार एवं निर्दलीयों सहित सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं।

देश के पहले लोकसभा चुनाव 1952 से लेकर 2004 तक के चुनाव तक झालावाड़ संसदीय क्षेत्र एवं इसके पश्चात परिसीमन के बाद वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से यह क्षेत्र झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र कहलाता है और इसमें आजादी के बाद से अब तक हुए सत्रह चुनावों में सर्वाधिक नौ बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व मां-बेटे ने ही किया हैं। राजे ने वर्ष 1989 के नौवीं लोकसभा के चुनाव में झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़कर चुनाव जीता और इस क्षेत्र में पार्टी का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और वह इसके अगले चार चुनाव वर्ष 1991, 1996, 1998 एवं 1999 लगातार जीतकर पांच बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

इसके बाद वर्ष 2004 का चुनाव दुष्यंत सिंह ने लड़ा और वह पहली बार सांसद बनकर इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद झालावाड़ के साथ बारां को भी जोड़ देने से झालावाड़-बारां से सिंह ने वर्ष 2009, 2014 एवं 2019 के लगातार चुनाव जीतकर इस क्षेत्र से चार बार सांसद बनने का गौरव प्राप्त किया और पांचवीं बार जीतने के लिए चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं।

इस क्षेत्र का पहला चुनाव 1952 में कांग्रेस ने जीता। पहले चुनाव में कांग्रेस के नेमीचंद कासलीवाल विजयी रहे और उन्होंने इसके अगला चुनाव 1957 का भी कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में जीता लेकिन इसके बाद कांग्रेस यहां से लंबे समय बाद वर्ष 1984 का चुनाव जीत पाई जिसमें उसके प्रत्याशी जुझार सिंह ने चुनाव जीतकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद कांग्रेस को आज तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला है। इस क्षेत्र में भारतीय जनसंघ के प्रत्याशी बृजराज सिंह ने वर्ष 1962, 1967 एवं 1971 का लगातार तीन चुनाव जीते। इसके बाद जनता पार्टी के चतुर्भुज ने वर्ष 1977 एवं 1980 का चुनाव जीता। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए कोई कड़ी मुश्किलें नहीं मानी जा रही हैं और उसका मुख्य मुकाबला कांग्रेस से ही होने के आसार हैं। इस क्षेत्र में पिछले लंबे समय से राजे का राजनीतिक दबदबा हैं और वह दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रही हैं और अपने क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ मानी जा रही है। हालांकि वह लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रही है लेकिन उनके पुत्र के सामने इस चुनाव में कोई मुश्किलें खड़ी होती नजर नहीं आ रही है।

# [ अर्थ जगत ]



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 2.67 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.38 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.36 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 2.09 प्रतिशत |
| विप्रो | 2.01 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 2.24 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.24 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.17 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.46 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.15 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## स्वच्छता को लेकर पूरा ध्यान रख रही एनसीआरटीसी, आधुनिक मशीनों से होता है काम



- स्वच्छता को लेकर जागरुक देखने को मिल रहे यात्री
- गंदगी फैलाने पर सहयात्रियों को टोकते भी हैं यात्री
- साफ-सफाई को लेकर लगातार होती है मॉनिटरिंग

**गाजियाबाद,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। नमो भारत ट्रेन सही समय पर यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाए साथ ही स्वच्छता को लेकर भी एनसीआरटीसी पूरा ध्यान रख रही है। देश की प्रथम नमो भारत ट्रेन और आरआरटीएस स्टेशन साफ-सुथरे और चमकते रहें, इसे एनसीआरटीसी प्रतिदिन सुनिश्चित करता है। हर दिन की शुरुआत से पहले ही सुनिश्चित किया जाता है कि नमो भारत ट्रेन स्वच्छ और तकनीकी रूप से एकदम फिट हों।

साथ ही आरआरटीएस स्टेशन को भी हर सुबह यात्रियों के आने से पहले ही साफ-सफाई कर तैयार कर लिया जाता है। नमो भारत ट्रेन का आंतरिक रखरखाव और साफ-सफाई का कार्य फिलहाल आरआरटीएस डिपो, दुहाई पर किया जाता है। सफाई कार्य में मैकेनाइज्ड आधुनिक मशीनों का पूरा इस्तेमाल होता है। इतना ही नहीं, जहां जरूरत होती है, वहां मैन्युल तौर पर भी कर्मी सफाई करते हैं। हर रोज यात्री सेवा समाप्त होने के बाद जब ट्रेन डिपो आती है तो उसकी सफाई होती है। ट्रेन को अंदर से पूरी तरह साफ किया जाता है। यह सिलसिला रात 10 से आरंभ होकर सुबह 6 बजे तक चलता है। ट्रेन के अंदर और बाहर ना केवल सुरक्षा को लेकर, बल्कि साफ-सफाई को लेकर भी निगरानी रखी जाती है। इसके लिए सीसीटीवी की मदद ली जाती है। बड़ी बात ये भी है कि यात्री स्वच्छता को लेकर जागरुक देखने को मिल रहे हैं और वे गंदगी फैलाने पर सहयात्रियों को टोकते भी हैं। नमो भारत ट्रेन की हर तीसरे दिन बाहरी सफाई आरआरटीएस डिपो, दुहाई के ट्रेन ऑटोमैटिक वॉशिंग प्लांट में की जाती है। इस प्रक्रिया में वॉशिंग प्लांट में ब्रश, पानी और सोप की मदद से ट्रेन के बाहरी हिस्से को साफ किया जाता है। इतना ही नहीं, हर महीने ट्रेन की डीप-क्लीनिंग भी होती है, जहां उसे आंतरिक सफाई शेड (आईएचसीएस) पर लाया जाता है। इस दौरान ट्रेन को पूरी तरह जांचा-परखा जाता है। यदि उसमें कोई समस्या होती है तो उसे दुरुस्त किया जाता है, चाहे वो तकनीकी हो या कोई और।

इसके साथ ही ट्रेन को अंदरूनी और बाहरी तौर पर अच्छे तरीके से धोया जाता है और पॉलिश आदि भी की जाती है। नमो भारत आरआरटीएस के हर स्टेशन पर सफाई के लिए फिलहाल 12-15 सफाईकर्मियों को तैनात किया गया है। हर रात ट्रेन सेवा समाप्त होते ही स्टेशनों पर सफाई का कार्य आरंभ हो जाता है जो रात भर चलता है। इसके अंतर्गत पूरे प्लेटफॉर्म और कॉनकोर्स लेवल की सफाई मशीनों से की जाती है। साथ ही फर्श की मॉपिंग की जाती है। यह क्रम हर रोज दिनभर में कई बार होता है। दिन में ट्रेन परिचालन की अवधि के दौरान भी सफाईकर्मी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, कॉनकोर्स लेवल तथा स्टेशन के बाहर नियमित रूप से साफ-सफाई करते हैं। इसके अलावा लिफ्ट, ग्रिल आदि को भी साफ किया जाता है। मॉपिंग आदि के लिए मशीनों की मदद ली जाती है। ट्रेन संचालन के दौरान भी साफ-सफाई की जरूरत महसूस होती है तो उसे तुरंत किया जाता है। साफ-सफाई को लेकर लगातार मॉनिटरिंग भी होती है।

## आरबीआई ने चुनाव के दौरान संदिग्ध लेनदेन को ट्रैक करने के दिए निर्देश



- वोटरों को प्रभावित करने के लिए धन-बल के इस्तेमाल पर रोक लगाने की कवायद

**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग भुगतान तंत्र ऑपरेटरों (पीएसओ) को लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यमों से उच्च मूल्य वाले या संदिग्ध लेनदेन को ट्रैक करने के लिए कहा है, ताकि वोटरों को प्रभावित करने के लिए धन-बल के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके।

आरबीआई के 15 अप्रैल के पत्र में कहा गया है कि भुगतान के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक तरीकों का इस्तेमाल मतदाताओं को प्रभावित करने या चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को धन देने के लिए पैसों के हस्तांतरण के लिए किया जा सकता है। आरबीआई ने पत्र में कहा कि आपको तदनुसार सलाह दी जाती है कि ईसीआई द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, आवश्यक कदम उठाएं और उच्च मूल्य/संदिग्ध लेनदेन की रिपोर्ट उचित अधिकारियों या एजेंसियों को करें। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा इस संबंध में चिंता जताने और आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्रवाई की सिफारिश करने के बाद आरबीआई ने यह पत्र जारी किया है। लोकसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ था। सात चरण के मतदान के बाद वोटों की गिनती 4 जून को होनी है। पीएसओ में वीज़ा, मास्टरकार्ड और रुपे जैसे कार्ड नेटवर्क के साथ-साथ रेजरपे जैसे भुगतान गेटवे और पेटीएम, भारतपे और फोनपे जैसे भुगतान ऐप शामिल हैं।

## जेपीएल का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 12.53 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। रिलायंस समूह की टेलीकॉम इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) का वर्ष 2023-24 की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 12.53 प्रतिशत बढ़ कर 5307 करोड़ रुपए रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 4716 करोड़ रुपए था। कंपनी के सोमवार को जारी तिमाही परिणामों के अनुसार के तिमाही-दर-तिमाही आधार पर शुद्ध लाभ में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। दिसंबर,2023 में समाप्त तीसरी तिमाही में कंपनी को 5143 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की चौथी तिमाही में सेवाओं से आय 30,541 करोड़ रुपए रही, जो वार्षिक आधार पर 10.90 प्रतिशत और तिमाही दर तिमाही आधार पर 2.3 प्रतिशत ऊंची है। जियो प्लेटफॉर्म्स ने पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सेवाओं के कारोबार से 29,853 करोड़ रुपये और एक वर्ष पहले इसी तिमाही में इस मद में 27539 करोड़ रुपए की आय दिखाई थी। कंपनी का कर्ज चुकाने का खर्च तिमाही दर तिमाही हल्का घट कर मार्च तिमाही में 1004 करोड़ रुपए रहा।

## भारत में मेटल पार्ट्स का उत्पादन करने के लिए इंडो-एमआईएम से जुड़ा एचपी

- मशीनें घरेलू व अंतरराष्ट्रीय बाजारों की जरूरतों को करेंगी पूरा



हम लोकल स्तर पर उत्पादन व दुनिया भर में निर्यात कर भारत में मेटल पार्ट्स के प्रोडक्शन में बदलाव लाने के लिए तैयार हैं : सावी बवेजा


**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देते हुए, पीसी और प्रिंटर प्रमुख एचपी ने सोमवार को कहा कि उसने भारत में बड़े पैमाने पर मेटल 3डीपी पार्ट्स को बनाने के लिए मेटल इंजेक्शन मोल्डिंग (एमआईएम) कंपनी इंडो-एमआईएम के साथ साझेदारी की है।

एचपी की 3डीपी टेक्नोलॉजी के साथ, इंडो-एमआईएम ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस, डिफेंस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल इक्विपमेंट सेगमेंट जैसे सेक्टर के लिए 3डी-प्रिंटेड हाई-प्रिसिशन मेटल पार्ट्स का बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन करेगा। कंपनी के अनुसार, इंडो-एमआईएम की बेंगलुरु फैसिलिटी में स्थापित ये मशीनें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करेंगी।

एचपी के पर्सनलाइजेशन और 3डी प्रिंटिंग के अध्यक्ष सावी बवेजा ने कहा कि हम लोकल स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग और दुनिया भर में एक्सपोर्ट कर भारत में मेटल पार्ट्स के प्रोडक्शन में बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, इंडो-एमआईएम ने तीन एचपी मेटल जेट एस100 प्रिंटर में निवेश किया है। इसके दो एडवांस मेटल जेट एस100 प्रिंटर भारतीय ग्राहकों को स्थानीय समर्थन प्रदान करेंगे और प्रोडक्शन का विस्तार करेंगे। उनमें से एक नए मटेरियल डेवलपमेंट पर फोकस करेगा, जबकि दूसरा भारत, मध्य पूर्व और बाकी एशिया-पटेक्नोलॉजी से लैस करता है, जिससे हम अपने कस्टमर्स की बढ़ती डिमांड को पूरा करने में सक्षम होते हैं कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के जरिए, एचपी की एडवांस टेक्नोलॉजी इंडो-एमआईएम को भारतीय और अमेरिकी दोनों बाजारों के लिए टॉप क्वालिटी वाले मेटल पार्ट्स बनाने में सक्षम बनाती है।

## चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार गुलजार

- सेंसेक्स 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,648.62 अंक पर
- निफ्टी 0.86 प्रतिशत उछलकर 22,336.40 अंक पर बंद




**मुंबई,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। निवेशकों का फोकस इजराइल-ईरान तनाव से हटकर इस सप्ताह कंपनियों के जारी होने वाले परिणाम पर शिफ्ट होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 560.29 अंक अर्थात 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,648.62 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेज (एनएसई) का निफ्टी 189.40 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत उछलकर 22,336.40 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत मजबूत होकर 40,374.85 अंक और स्मॉलकैप 1.26 प्रतिशत चढ़कर 46,008.20 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4057 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2620 में लिवाली जबकि 1284 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि पांच में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में यूटिलिटीज की 0.07 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.73, सीडी 1.02, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.97, वित्तीय सेवाएं 1.04, हेल्थकेयर 1.05, इंडस्ट्रियल्स 1.93, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.17, ऑटो 0.93, बैंकिंग 0.93, कैपिटल गुड्स 1.65, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.53, धातु 0.25, तेल एवं गैस 0.94, पावर 0.36, रियल्टी 0.71, टेक 0.80 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.53 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.38, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 1.00, हांगकांग का हैंगसेंग 1.77 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.45 प्रतिशत उछल गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.67 प्रतिशत की गिरावट रही।

इसी तरह निफ्टी 190 अंक की मजबूती के साथ 22,336.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,198.15 अंक के निचले जबकि 22,375.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,147.00 अंक की तुलना में 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें एलटी 2.67, एक्सिस बैंक 2.38, बजाज फाइनेंस 2.36, अल्ट्रासिमको 2.09, विप्रो 2.01, एसबीआई 2.00, आईसीआईआई बैंक 1.93, एचसीएल टेक 1.56, इंफ़ोसिस 1.48, टेक महिंद्रा 1.37, सन फार्मा 1.30, एशियन पेंट 1.27, टाटा मोटर्स 1.07, टीसीएस 0.99, टाइटन 0.98, भारती एयरटेल 0.86, पावरग्रिड 0.66, रिलायंस 0.65, मारुति 0.63, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.38 और आईटीसी 0.11 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, एनटीपीसी 2.24, एचडीएफसी बैंक 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.17, इंडसइंड बैंक 0.46 और टाटा स्टील के शेयर 0.15 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## भारत के लिए 7 फीसदी की ग्रोथ रेट को बनाए रख पाना संभव: शशांक भिडे



आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी समर्थन मिलने की संभावना है : भिडे

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना मुमकिन है।

हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर लगभग आठ प्रतिशत रहने की संभावना है। भिडे ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी समर्थन मिलने की संभावना है। सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना संभव लगता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबी अवधि में खाद्य मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी। सजग करने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में पूछे जाने पर एमपीसी सदस्य ने कहा कि चिंता का एक क्षेत्र वैश्विक परिवेश है।

उन्होंने कहा वैश्विक मांग में सुधार की गति धीमी है और आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान है। यदि मौजूदा भू-राजनीतिक संघर्षों को जल्द खत्म नहीं किया गया तो यह मांग के साथ लागत कीमतों के मामले में भी बड़ी चुनौती पैदा करेगा।

## सार संक्षेप

### जोमैटो ने अनिवार्य प्लेटफॉर्म शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अपना प्लेटफॉर्म शुल्क 25 फीसदी बढ़ाकर पांच रुपए प्रति ऑर्डर कर दिया है। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में दो रुपए का प्लेटफॉर्म शुल्क शुरू किया था और बाद में इसे बढ़ाकर तीन रुपए कर दिया था। नए साल की पूर्व संध्या पर रिकॉर्ड खाद्य ऑर्डरों से उत्साहित होकर उसने जनवरी में प्रमुख बाजारों में अपने अनिवार्य प्लेटफ़ॉर्म शुल्क को तीन रुपए प्रति ऑर्डर से बढ़ाकर चार रुपए कर दिया। नया प्लेटफ़ॉर्म शुल्क ज़ोमैटो गोल्ड सहित सभी ग्राहकों पर लगाया गया है। इस बीच कंपनी ने अपनी इंटर-सिटी फूड डिलीवरी सेवा इंटरसिटी लीजेंड्स को निलंबित कर दिया है। ज़ोमैटो ऐप पर 'लीजेंड्स' टैब पर संदेश लिखा आ रहा है, सुधार चल रहा है। कृपया बने रहें क्योंकि हम जल्द ही आपकी सेवा में वापस आएंगे। पिछले हफ्ते, ज़ोमैटो को 11.81 करोड़ रुपए की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग और जुर्माने का आदेश मिला।

### जीडीपी के मुकाबले धीमे बढ़ रहा जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में तेजी को लेकर तमाम खबरें आती रहती हैं। लेकिन सच तो यह है कि अर्थव्यवस्था के आकार के हिसाब देखें तो यह रेंगते हुए बढ़ रहा है। सकल जीएसटी संग्रह (रिफंड के पहले) मार्च में 11.5 फीसदी बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के दौरान मासिक जीएसटी संग्रह का दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। अप्रैल 2023 में सबसे ज्यादा 1.87 लाख करोड़ रुपए जीएसटी संग्रह हुआ था। 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जिसमें इसके पहले के वित्त वर्ष में हुए 18.07 लाख करोड़ रुपए जीएसटी संग्रह की तुलना में 11.7 फीसदी वृद्धि हुई है। यह पूरी राशि बहुत ज्यादा नजर आती है, लेकिन अगर राष्ट्रीय लेखा के दूसरे अग्रिम अनुमान पर विचार किया जाए तो यह 2023-24 के लिए मौजूदा भाव पर जीडीपी का महज 6.86 फीसदी है। यह इसके पहले के साल के 6.72 फीसदी की तुलना में मामूली अधिक है।

### डीपीडीपी ऐक्ट व आईटी नियमों में संशोधन की योजना

**नई दिल्ली।** आम चुनाव के बाद तीसरी बार सत्ता में वापसी होने पर केंद्र सरकार डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) ऐक्ट और आईटी नियमों में संशोधन करने की योजना बना रही है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि तीसरी बार सत्ता में आने पर सरकार अपने 100 दिन के एजेंडे में इसके नियम अधिसूचित करने की योजना बना रही है। डीपीडीपी ऐक्ट के लिए नियम लंबे समय से लंबित है। इससे 8 महीने पुराने डेटा निजता कानून को ताकत मिलेगी। वहीं आईटी नियमों में संशोधन से सरकार को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से तैयार की जा रही गलत सूचनाएं व डीप फेक से निपटने में मदद मिलेगी।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट फिसलकर 4051 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की बढ़त के साथ 45.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## सेल्सफोर्स इंडिया इनोवेशन हैकेथॉन की श्रृंखला पेश की 'रिबूट द अर्थ'




- हैकेथॉन का उद्देश्य है जलवायु के संकट से निपटने के लिए समाधानों का विकास करना
- वनीकरण प्रोजेक्ट द्वारा हरित यात्रा के साथ सस्टेनेबिलिटी डेवलपमेंट लक्ष्य को पूरा करेगा

**हैदराबाद**, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। सीआरएम सॉल्यूशंस कंपनी सेल्सफोर्स ने इस पृथ्वी दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों- संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, संयुक्त राष्ट्र युवा कार्यालय, खाद्य एवं कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र और डिजिटल जन सामग्री गठबंधन के सहयोग से जलवायु पर केंद्रित इनोवेशन हैकेथॉन की श्रृंखला 'रिबूट द अर्थ' पेश की है।

हैदराबाद में आयोजित इस हैकेथॉन का उद्देश्य युवा कंप्यूटर प्रोग्रामर्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स, आर्किटेक्ट्स, सेल्सफोर्स के परिवेश से परिचित लोगों, वैज्ञानिकों एवं अन्य इच्छुक लोगों को साथ लाना है ताकि जलवायु के मौजूदा संकट से निपटने के लिए समाधानों का विकास हो सके। सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित रहते हुए सेल्सफोर्स ने हाल ही में जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए इंडिया सीएसआर ग्रांट्स के अंतर्गत विभिन्न अभियान शुरू किए हैं। पिछले साल वनीकरण की परियोजनाओं द्वारा आज तक 4 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। ठाणे के घोलाई नगर में वनीकरण प्रोजेक्ट द्वारा हरित यात्रा के साथ एक पूर्व डंपयार्ड को हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया गया, और मियावाकी विधि द्वारा यहां 3.5 एकड़ भूमि में 33,334 पौधे लगाए गए, ताकि यहां हरित क्षेत्र का विस्तार हो, स्थानीय जैव विविधता बढ़े, और खराब होते पर्यावरण की रक्षा हो सके। इसकी मदद से सस्टेनेबिलिटी डेवलपमेंट लक्ष्यों के अनुरूप कार्बन का पृथकीकरण करने में योगदान मिला।

मल्लिगावद फाउंडेशन प्रोजेक्ट हैदराबाद में एक 17 एकड़ की स्थानीय झील, रेगुला कुंटा पर चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य झील में पानी धारण करने की क्षमता बढ़ाना और समुदाय एवं पर्यावरण में सुधार के लिए प्राकृतिक सीवेज़ ट्रीटमेंट की विधियों का क्रियान्वयन करना है।

# खेल जगत

## सहवाग ने सैम करन की जमकर आलोचना की



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के स्टैंड-इन कप्तान सैम करन की टीम में भूमिका पर सवाल उठाया। पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। सहवाग की यह टिप्पणी पीबीकेएस को कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में गुजरात जाइंट्स के हाथों हार झेलने के बाद आई। करन ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए और अपने दो ओवरों में 18 रन देकर एक विकेट लिया। क्रिकबज पर सहवाग ने कहा, 'अगर मैं पीबीकेएस डगआउट में होता, तो मैं उसे अपनी टीम में नहीं चुनता, न तो बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में और न ही गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में।' 'वो खिलाड़ी किसी काम का नहीं अगर वह थोड़ी गेंदबाजी और थोड़ी बल्लेबाजी कर सकता है। या तो आप ठीक से बल्लेबाजी करें और हमें मैच जिताएं, या फिर अपनी गेंदबाजी से हमें जिताएं।

## गुकेश ने इतिहास रचते हुए विश्व शतरंज का जीता खिताब




**टोरंटो,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अमेरिकी शतरंज खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ महत्वपूर्ण ड्रॉ खेलकर 14 में से नौ अंक हासिल कर विश्व शतरंज का खिताब जीत लिया है।

इस जीत के साथ ही गुकेश 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए है। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। 17 वर्षीय गुकेश ने 14वें और अंतिम राउंड में अमेरिकी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला तथा टूर्नामेंट को 14 में से नौ अंकों के साथ समाप्त किया। निर्णायक अंतिम दौर में, गुकेश ने काले मोहरों से नाकामुरा को बराबरी पर रोककर भव्य मंच के लिए अपनी तैयारी दिखाई। क्वीन्स गैम्बिट एक्सेप्टेड में नाकामुरा के प्रयासों के बावजूद, गुकेश ने नियंत्रण बनाए रखा, अंततः जीत हासिल की। खिताब जीतने के बाद गुकेश ने कहा, 'बहुत राहत महसूस कर रहा हूं और बहुत खुश हूं। मैं यह मजेदार खेल (फाबियो कारूआना और इयान नेपोमनियातची) को फॉलो कर रहा था और फिर मैं अपने दूसरे (ग्रेगोर्ज गेजवीस्की) के साथ टहलने गया। मेरे ख्याल से इससे मदद मिली।' इस खिताब के साथ गुकेश को 88,500 यूरो (लगभग 78.5 लाख रुपये) का नकद पुरस्कार दिया गया। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि पांच लाख यूरो है। गुकेश इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले दूसरे भारतीय है। इससे पहले वर्ष 2014 में पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद यह खिताब जीता था। आनंद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पोस्ट में गुकेश को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने लिखा, 'सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर वाका चेस परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन तरीके से संभाला,मुझे निजी तौर पर बहुत गर्व है कि आपने किस तरह खेला और मुश्किल स्थिति को संभाला। इस पल का आनंद उठाएं।'

### प्रधानमंत्री मोदी ने युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि से लाखों के लिए प्रेरणा होगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है।' उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा, 'टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है।

## पांचवीं जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी चेन्नई

■ चेन्नई की निगाहें अब घर में लखनऊ को हरा कर हिसाब चुकता करने पर ■ लखनऊ की कोशिश जीत के साथ चेन्नई को पीछे छोड़ने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (देशबन्धु)। अपने नए ओपनर कप्तान ऋतुराज अगुआई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) तीन दिन पहले लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंटस से आठ विकेट से हारने के बाद अब अपने घर चेन्नई में मंगलवार को उससे हिसाब चुकता कर आठ मैचों में पांचवीं जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमें के अब तक सात- सात मैचों में चार- चार जीत और तीन -तीन हार से समान रूप से आठ-आठ अंक हैं, लेकिन अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण चेन्नई चौथे स्थान पर है। मौजूदा सीजन में दो अर्धशतक जड़ चुके कप्तान विकेटकीपर केएल राहुल अब तक तीन अर्धशतक जड़ चुके अपने सलामी जोड़ीदार क्विंटन डी कॉक के साथ मिलकर बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर लखनऊ सुपर जायंटस को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उसके घर में जीत दिला कर अपनी श्रेष्ठता बरकरार रख उसे अंक तालिका में पीछे छोड़ने के मकसद से उतरेंगे। कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्द्धशतकों तथापि उपकप्तान बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर कुणाल पांडया की अगुआई में गेंदबाजी इकाई के रूप में धारदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंटस के हौसले पर पिछले मैच में मिली आठ विकेट से जीत से बुलंद है। लखनऊ




के सामने चेन्नई के 43 बरस के जवान धोनी पर रोकने की चुनौती है। रफ्तार की नई सनसनी और अपने आईपीएल के शुरू के दो मैचों में रफ्तार के साथ धार दिखा छह विकेट चटकाने वाले लखनऊ सुपर जायंटस के 21 बरस के तेज गेंदबाज मयंक यादव फिट होकर यदि मंगलवार को गेंदबाजी के लिए उतरे तो फिर चेन्नई सुपर किंग्स के शीर्ष क्रम के लिए उनके सामने टिक कर अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाना एक बेहद मुश्किल चुनौती होगा। मयंक यादव, बाएं हाथ के तेज गेदबाज मोहसिन खान (छह विकेट), यश ठाकुर (आठ विकेट) के साथ नवीन उल हक के रूप में लखनउ के पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर क्रुणाल पांडया (चार विकेट )और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (तीन विकेट) के रूप में खासा चतुर स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है। मोहसिन, मयंक और यश ठाकुर ने यदि चेन्नई के लिए दो दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (कुल 241 रन) और शिवम दुबे (245) तथा एक एक अर्धशतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ( कुल 160 रन) और रवींद्र जडेजा (कुल 141 रन) को सस्ते में पैवेलियन लौटा दिया तो मेजबान टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की जिम्मेदार 43 बरस के 'जवान महेन्द्र सिंह पर आ जाएगी। बेशक धोनी पांच या दस गेंद खेल निचले क्रम में आकर बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रहे तो फिर लखनउ सुपर जायंटस की दिक्कत सहज रूप से बढ़ जाएंगी। शुरू के पॉवरप्ले में बहुत चतुराई से गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाज मोहसिन खान , यश ठाकुर के साथ मरकस स्टोइनस ने आखिर के ओवर में चतुराई से गेंदबाजीज कर सही वक्त पर शिवम दुबे को सस्ते में आउट कर कुणाल पांडया ने स्पिन का जाल बुनकर सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और समीर रिजवी को सस्ते में आउट कर चेन्नै को कम स्कोर पर रोक दिया था। लखनउ सुपर किंग्स के लिए पिछले मैच में अपने घर में मेहमान चेन्नै सुपर किंग्स पर जीत में सबसे उत्साहवर्द्धक बात यह रही कि उसके कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने उसके सबसे कामयाब तेज गेंदबाज बाएं हाथ के मुस्तफिजुर रहमान अजेय रहकर फिनिश किया। चेन्नै के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मौजूदा आईपीएल में जिस तरह चतुराई से अब तक गेंदबाजी कर विकेट चटकाए हैं और पिछले मैच में जिस समझबूझ से खेल कर अपना अर्द्धशतक पूरा किया उसके मद्देनजर नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई से भी लखनउ बेहतर नियंत्रण से गेंदबाजी की आस करेगा। चेन्नै के पास रचिन रविंद्र, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा और महेंद्र सिंह धोनी के



(कुल 11 विकेट) और चार मैच में नौ विकेट चटकाने वाले मतीशा पथिराना के खिलाफ सही वक्त पर गियर बदल कर अपने अपने अर्द्बशतक पूरे किए और फिनिशर दो अर्धशतक जड़ने वाले निकोलस पूरन (कुल 228 रन) ने मैच को रूप में खासतौर पर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों के खिलाफ जवाबी हमला बोल बड़ी पारी खेलने में सक्षम बल्लेबाज हैं। ऐसे में लखनउ के लिए बाएं हाथ के मोहसिन खान और मैट हेनरी को ज्यादा सूझबूझ से गेंदबाजी की जरूरत है।

## मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना




**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा, 'जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।'

उन्होंने कहा, 'मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। उन्होंने कहा, 'मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।' हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया। वह अपनी प्रेरणा का श्रेय लालरेम्सियामी को देती हैं और भारतीय टीम की मिडफील्डर सुशीला चानू को अपना आदर्श मानती हैं। उन्होंने कहा, 'लालरेम्सियामी, जिनकी मिजोरम की यात्रा मेरे साथ गहराई से मेल खाती है। उन्होंने मुझे हॉकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया, उनके अथक समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों ने एक मार्गदर्शक के रूप में काम किया, जिससे मुझमें विश्वास पैदा हुआ। लगन और कड़ी मेहनत से सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा इसके अलावा, मैंने हमेशा भारतीय टीम की मिडफील्डर सुशीला चानू को एक आदर्श के रूप में देखा है। उनके असाधारण कौशल, क्षमताओं और खेल के प्रति प्रतिबद्धता ने मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ी है। मैं मैदान पर उनकी सफलता का अनुकरण तथा भारतीय हॉकी की विरासत में योगदान करने की इच्छा रखती हूं। हॉकी मिजोरम की 22 वर्षीय मिडफील्डर ने पुणे में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए और इस तरह मैदान पर अपनी चपलता और रणनीतिक खेल के लिए ध्यान आकर्षित किया।


## लेवर कप के लिए टीम यूरोप में राफेल नडाल

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने 20-22 सितंबर तक बर्लिन के उबेर एरेना में आयोजित होने वाले लेवर कप के सातवें संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। नडाल अपने साथी स्पैनियार्ड और वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्कराज, वर्ल्ड नंबर 4 डेनियल मेदवेदेव और वर्ल्ड नंबर 5 अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ टीम बनाएंगे। टीम यूरोप की नजरें कप्तान ब्योर्न बोर्ग के नेतृत्व में लेवर कप को वापस जीतने पर हैं। नडाल पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन में एक्शन में लौटे लेकिन उन्हें दूसरे दौर में एलेक्स डी मिनौर से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।



लेवर कप की आधिकारिक वेबसाइट पर नडाल के हवाले से कहा गया, 'मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लेवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं। मेरे पास लेवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं, जिनमें दो साल पहले आखिरी बार रोजर के साथ खेलते हुए लंदन की यादें भी शामिल हैं। 'अपने करियर के इस पड़ाव पर, मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं। टीम बनाना हमेशा एक अविश्वसनीय अनुभव होता है और मैंने हमेशा इसका आनंद लिया है। मैं बर्लिन जाने और टीम यूरोप को लेवर कप वापस जीतने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं।' बर्लिन नडाल का चौथा लेवर कप प्रदर्शन होगा, उन्होंने 2017 में प्राग में, 2019 में जिनेवा में और फिर 2022 में लंदन में फेडरर के करियर के आखिरी मैच के लिए युगल में करीबी दोस्त और लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर के साथ प्रतिस्पर्धा की थी। टीम यूरोप के कप्तान ब्योर्न बोर्ग ने नडाल की भागीदारी पर खुशी जाहिर की।

## स्क्वैश : तीसरे दौर में समाप्त हुआ रमित टंडन का प्रभावशाली प्रदर्शन



**एल गौना ( मिस्र ),** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। एल गौना इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश में रमित टंडन का शानदार प्रदर्शन पेरू के विश्व नंबर 3 डिएगो इलियास के खिलाफ तीसरे दौर की हार के साथ समाप्त हुआ। डिएगो इलियास ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के 40वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी रमित टंडन को भी इस मैच में काफी कुछ सीखने को मिला, जिससे उन्हें अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी में मदद मिलेगी। रमित टंडन ने अपने पहले दौर में मिस्र के विश्व नंबर 62 अली हुसैन को हराने के बाद, दूसरे दौर में फ्रांसीसी विश्व नंबर 11 विक्टर क्राउइन को हराया, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 इलियास के खिलाफ उन्हें हार झेलनी पड़ी।

## भावेश, सिमरनप्रीत ने दूसरा 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रॉयल जीता

**नई दिल्ली**, 22 अप्रैल (एजेंसियां)। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने राइफल और पिस्टल के लिए पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में क्रमशः 25 मीटर पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) और महिलाओं की पिस्टल ओएसटी टी2 ट्रायल में जीत हासिल की। आरएफपी फाइनल में भावेश ने 34 का स्कोर किया और ओएसटी टी1 विजेता अनीश भानवाला (29) को आसानी से पीछे छोड़ दिया, जिससे ट्रॉयल में उनका अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जबकि विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आदर्श सिंह (17) और अंकुर गोयल (13) चौथे और पांचवें स्थान पर रहे और एक बार फिर पोडियम स्थान से बाहर हो गए। महिलाओं की पिस्टल में सिमरनप्रीत ट्रायल में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने पांच-पांच शॉट की 10 शृंखलाओं में 37 हिट हासिल किए और विजयी रहीं। उन्होंने ओएसटी टी1 विजेता और ओलंपियन




मनु भाकर को भी पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 35 हिट के साथ समापन किया। ईशा सिंह ने 30 हिट के साथ तीसरा और अंतिम पोडियम स्थान हासिल किया। स्पर्धा में दूसरे कोटा धारक रिदम सांगवान (24) चौथे स्थान पर रहे जबकि अभिदन्या पाटिल (16) पांचवें स्थान पर रहे।

## युकी भांबरी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस में जीता युगल खिताब

**म्यूनिख,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में रविवार को गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है। इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था। ऐसा माना जा रहा है कि इस जीत से 31 वर्षीय भांबरी पुरुष युगल टेनिस रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 56वें स्थान पर पहुंच जाएंगे। इस जीत के साथ ही युकी भांबरी को बवेरियन इंटरनेशनल टेनिस चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी बन गये है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी का एटीपी टूर पर दूसरा खिताब है।

## अंपायर से बहस करना विराट को पड़ा भारी




■ आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया

■ कोहली ने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए रेफरी द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया

**कोलकाता,** 22 अप्रैल (एजेंसियां)। आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली पर केकेआर के खिलाफ आईपीएल 2024 के 36वें मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा जारी किए गए बयान के मुताबिक कोहली पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगा है। फुलटॉस गेंद पर आउट दिए जाने के बाद कोहली ने अंपायर के फैसले पर नाराज़गी जाहिर की थी और बाउंड्री लाइन से बाहर आने के बाद भी काफी गुस्से में दिखे। बीसीसीआई के बयान के मुताबिक कोहली को आर्टिकल 2.8 के लेवल 1 नियम तोड़ने का दोषी पाया गया है। कोहली ने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए रेफरी द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया। लेवल 1 के दोष के लिए मैच रेफरी का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होता है। 223 रनों का पीछा करते हुए कोहली 7 गेंद पर 18 रन बनाकर आउट हुए जहां तीसरे ओवर में हर्षित राणा की एक फुलटॉस गेंद पर उन्होंने हर्षित को ही कैच थमा दिया। यह धीमी गति की गेंद थी जिसे देखने से लग रहा था कि यह बल्लेबाज़ की ओर गिर रही थी, लेकिन जब कोहली का गेंद से संपर्क हुआ तो यह उनकी कमर की ऊंचाई से ऊपर थी। हालांकि, कोहली क्रीज से थोड़ा आगे आ चुके थे। टीवी अंपायर माइकल गॉफ़ ने देखा कि ऊंचाई के हिसाब से गेंद वैध है और नई हॉक-आई ट्रैकिंग तकनीक के मुताबिक गेंद मैदान से बल्लेबाज को 0.92 मीटर पर पास करती अगर वह क्रीज़ के अंदर होते। कोहली की कमर की ऊंचाई 1.04 मीटर मापी गई है, जिसका मतलब है कि गेंद उनकी कमर के नीचे रहती अगर वह क्रीज पर होते, इस तरह यह एक वैध गेंद होती। कोहली इस फ़ैसले से नाराज़ थे और उन्होंने मैदानी अंपायरों और साथी खिलाड़ी फ़ाफ़ डु प्लेसी को अपनी नाराजगी जताई थी। बेंगलुरु को आखिरी ओवर में जीतने के लिए 21 रन चाहिए थे। मिचेल स्टार्क के इस ओवर में कर्ण शर्मा ने चार बॉल में तीन छक्के लगाकर मैच को पूरी तरह से रोमांचक मोड़ पर ला खड़ा कर दिया। इस वक्त आरसीबी को जीत के लिए दो गेंद पर तीन रन चाहिए थे। लेकिन, ओवर की पांचवीं गेंद पर वे आउट हो गए। अब आखिरी गेंद पर आरसीबी को जीत के लिए तीन रन और स्कोर बराबर करने के लिए दो रन चाहिए थे।

## विराट कोहली ने बुरे दौर में मेरी मदद की: रियान पराग

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग इस सीजन में शीर्ष फॉर्म में हैं। टूर्नामेंट में अब तक सात मैचों में रियान 318 रन बना चुके हैं और इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग के लिए बीते कुछ सीजन काफी खराब रहे। हालांकि, उनकी टीम ने उनका साथ नहीं छोड़ा और कड़ी आलोचना के बावजूद आरआर ने इस खिलाड़ी को सपोर्ट किया, जिसका लाभ उन्हें आईपीएल 2024 में हो रहा है। पिछले दो सीजन खराब फॉर्म के कारण रियान पराग को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था, लेकिन रियान ने हार नहीं मानी। इस बुरे दौर से बाहर आने में उनकी मदद विराट कोहली ने की, जिसका खुलासा खुद इस पराग ने किया। रियान ने कहा, 'मेरे दूसरे वर्ष में, मैं आईपीएल में बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने विराट कोहली से सलाह ली। मैंने उनसे पूछा कि इस दौर से कैसे निकला जाए और वह ऐसी परिस्थितियों को कैसे संभालते थे।



## सार संक्षेप

### विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में करूण नायर ने जड़ा दोहरा शतक

**नॉर्थेप्टनशायर।** विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में ग?लमॉर्गन के खिलाफ करूण नायर के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत नॉर्थेप्टनशायर ने मैच पर अपनी स्थिति मजबूत पकड़ बना ली है। भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज करूण नायर ने 253 गेंद में नाबाद 202 रन बनाए। उनके दोहरे शतक के बाद टीम ने 334 रनों की बढ़त के साथ छह विकेट पर 605 रन पर पारी घोषित की। नायर ने छठे विकेट के लिए सैफ जैब के साथ 212 रनों की साझेदारी की। इस दौरान जैब ने भी अपने इस सत्र का पहला शतक बनाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज रिकार्डो वासकॉनसेलोस ने भी 182 रनों की बेहतरीन पारी खेली। मेहमान टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक 104 रन पर तीन विकेट गंवा दिए है और ग्लमॉर्गन अभी भी 230 रन पीछे हैं। अगर आज बारिश होती है तो ग्लमॉर्गन के पास हार टालने का एक अवसर होगा। एक समय मेजबान टीम 82 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी ऐसे समय में नायर ने 55 रनों के साथ तीसरे दिन की शुरुआत की और जैब ने उनका अच्छा साथ दिया।

### तमिलनाडु सीएम स्टालिन ने ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को दी बधाई

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने सोमवार को ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट विजेता बनने पर बधाई दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में सीएम ने लिखा, 'अविश्वसनीय उपलब्धि के लिए डी गुकेश को बधाई! सिर्फ 17 साल की उम्र में, उन्होंने फिडे कैंडिडेट्स में चुनौती देने वाले सबसे कम उम्र और इसे जीतने वाले पहले युवा खिलाड़ी के रूप में इतिहास रचा है। उन्हें विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिए डिंग लिरेन के खिलाफ मैच के लिए शुभकामनाएं।' 17 वर्षीय गुकेश भारतीय शतरंज के नए स्टार बन गए हैं। उन्होंने कनाडा के टोरंटो में आयोजित फिडे कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। तमिलनाडु के शतरंज के खिलाड़ी ने जापान के हिकारू नाकामुरा को ड्रॉ पर रोकने के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता।